kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-118 ❑ गुरुवार, 29 मई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

जम्मू कश्मीर में पर्यटन को पुनः स्थापित करने के प्रयास हो रहे हैं, बंद स्थलों को खोलने की योजना है। कश्मीरी जनता द्वारा 'नॉट इन आवर नेम' कहते हुए हमले की निंदा के बावजूद, सोशल मीडिया पर 'बॉयकॉट कश्मीर' मुहिम के विरुद्ध केंद्र सरकार जांच कर इसे रोके। **उमर अब्दुल्ला**



राष्ट्रपति भवन में गुरुवार से दो दिन का साहित्य सम्मेलन 11

युवा विकसित भारत के निर्माण की सबसे सशक्त नींव : रेखा गुप्ता 12

## संक्षेप

### सचिवालय में बैठक के दौरान अनुभाग अधिकारी को आया हार्ट अटैक, मौत

**लखनऊ।** लखनऊ सचिवालय में बुधवार को बैठक के दौरान अनुभाग अधिकारी पंकज कुमार का दिल का दौरा पड़ा। उन्हें फौरन सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। एग्रीकल्चर प्रोडक्शन कमिश्नर (एपीसी) दीपक कुमार बैठक ले रहे थे। इसमें वित्त अनुभाग 35 के अनुभाग अधिकारी पंकज कुमार समेत अन्य अफसर अधिकारी मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के कहना है कि जब बैठक चल रही थी अचानक पंकज को खासी आने लगी। पूरा शरीर पसीना-पसीना होने लगा। हालत नाजुक होने प फौरन उन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। अधिकारी की मौत की खबर मिलते ही विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राजधानी लखनऊ में भी कोरोना की दस्तक, एक संक्रमित मिला

**लखनऊ।** गाजियाबाद, नोएडा और फिरोजाबाद के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी कोरोना ने दस्तक दे दी है। लखनऊ के एक व्यक्ति में कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इसके बाद स्वास्थ्य महकमा अर्लट हो गया है। लखनऊ के आशियाना निवासी एक बुजुर्ग को उत्तराखण्ड की धार्मिक यात्रा से लौटने के बाद खांसी और सांस लेने में दिक्कत होने लगी। उसे लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था। एसजीपीजीआई में जांच हुई तो रिपोर्ट पांजिटिव आयी। चिकित्सकों के अनुसार मरीज को अभी कोई गंभीर लक्षण नहीं हैं।लखनऊ के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि आशियाना के एक मरीज में एसजीपीजीआई में जांच के दौरान कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परिवार के अन्य सदस्यों की जांच का सैंपल लिया है। कोविड के नए वेरियंट जेनएन-1 को लेकर सभी अस्पतालों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गये हैं। लक्षण दिखने पर डाक्टर से सम्पर्क करें सलाह पर जांच करें। मौसम में बदलाव की वजह से वायरल और सर्दी खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

### ईद उल अज़हा 7 जून को होगी

**लखनऊ।** मुस्लिम समुदाय का त्यौहार ईद उल अज़हा (बकरीद) 7 जून शनिवार को मनाया जाएगा। इसको लेकर मरकजी चाँद कमेटी फरंगी महली के सदर एवं काज़ी-ए-शहर मौलाना खालिद रशीद इमाम ईदगाह का ने ऐलान किया।

# धान समेत 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोत्तरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 में खरीफ की फसल के लिए धान, बाजरा, मक्का, उडद, मूंगफली और सूरजमुखी बीज सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विपणन सीजन 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड में 820 रुपये प्रति क्विंटल, रागी में 596 रुपये प्रति क्विंटल, कपास में 589 रुपये प्रति क्विंटल और तिल में 579 रुपये प्रति क्विंटल की गयी है। श्री वैष्णव ने बताया कि धान 'सामान्य' का एमएसपी का 2300 रुपए से बढ़ाकर 2369 रुपए और धान 'ए' का 2320 रुपए से 2389 रुपए प्रति क्विंटल, ज्वार 'संकर' का 3371 रुपए से 3699 रुपए प्रति क्विंटल और ज्वार 'मालदंडी' का 3421 रुपए से 3749 रुपए प्रति क्विंटल, बाजरा का 2625 रुपए से 2775 रुपए, रागी का 4290 रुपए से 4886 रुपए और मक्का का 2225 रुपए से 2400 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अरहर का एमएसपी 7550 रुपए से बढ़ाकर 8000 रुपए प्रति क्विंटल, मूंग का 8682 रुपए से 8786 रुपए प्रति क्विंटल और उडद का 7400 रुपए से 7800 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसके अलावा मूंगफली का एमएसपी 6783 रुपए से बढ़ाकर 7263 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी के बीज का 7280 रुपए से 7721 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन-पीला का 4892 रुपए से 5328 रुपए प्रति क्विंटल, तिल का 9267 रुपए से 9846 रुपए प्रति क्विंटल, नाइजर सीड 8717 रुपए से 9537 रुपए प्रति क्विंटल और कपास - मध्यम का 7121 रुपए से 7710 रुपए और कपास - लंबा 7521 रुपए से 8110 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपणन सत्र 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है। वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान 14 खरीफ फसल उगाने वाले किसानों को दी गई एमएसपी राशि 16.35 लाख करोड़ रुपये थी। एमआईएसएस एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कैबिनेट का फैसला किसानों की आय को दोगुना करने, ग्रामीण ऋण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और समय पर और सस्ती ऋण पहुंच के माध्यम से कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। मंत्री ने कहा कि मौजूदा ऋण लागत प्रवृत्तियों, औसत एमसीएलआर और रेपो दर को देखते हुए, ग्रामीण और सहकारी बैंकों का समर्थन करने और किसानों के लिए कम लागत वाले ऋण तक निरंतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ब्याज छूट दर को 1.5 प्रतिशत पर बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत किसानों को केसीसी के माध्यम से सात प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर तीन लाख रुपये तक के अल्पकालिक ऋण प्राप्त हुए, जिसमें पात्र ● शेष पेज 11 पर



**सौगात**

❑ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित ब्याज छूट योजना को जारी रखने को मंजूरी

### कैबिनेट ने रेलवे की दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली मुंबई रेलवे ट्रंक लाइन पर नागदा और रतलाम तथा दिल्ली चेन्नई ट्रंक लाइन पर वर्धा और बल्हारशाह के बीच क्षमता विस्तार की लगभग 3400 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं को बुधवार को स्वीकृति प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में यह स्वीकृति प्रदान की गई। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय रेल की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए, प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारतीय रेल में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है ताकि यात्रियों और वस्तुओं का निर्बाध एवं तेज परिवहन सुनिश्चित किया जा सके। श्री वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं में रतलाम-नागदा तीसरी और चौथी लाइन तथा वर्धा-बल्हारशाह चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 3399 करोड़ रुपये है और इन्हें 2029-30 तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुई हैं। ये यात्रियों,

**कर्नल सोफिया पर टिप्पणी का मामला**

# शाह पर हाईकोर्ट की कार्यवाही बंद, गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सुर्खियों में आयी भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के नेता और मध्य प्रदेश के आदिवासी मामलों के मंत्री कुंवर विजय शाह की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में वहां उच्च न्यायालय में चल रही कार्यवाही बुधवार को बंद कर दी।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने कहा कि चूंकि अब मामला उसके संज्ञान में है, इसलिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में चल रही कार्यवाही बंद मानी जाएगी। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की ये दलील सुनने के बाद यह आदेश पारित किया कि शाह के खिलाफ उच्च न्यायालय में समानांतर कार्यवाही चल रही है। पीठ ने कहा कि शाह की गिरफ्तारी पर रोक सहित 19 मई को पारित अंतरिम निर्देश जारी रहेंगे। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी नेटवर्क पर भारत द्वारा शुरू किए गए सशस्त्र अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान नियमित प्रेस ब्रीफिंग के लिए महिला सेना अधिकारी चर्चा में आईं थीं। पीठ ने शीर्ष अदालत के पहले के आदेश के अनुपालन में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से स्थिति रिपोर्ट मांगी। अदालत ने कहा कि एसआईटी ने कुछ उपकरण जब्त कर लिए हैं और अपनी जांच शुरू कर दी है। पीठ ने मामले में किसी भी तरह के हस्तक्षेप की अनुमति देने से इनकार करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहती। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में करेगी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने 19 मई को मंत्री शाह की सेना की अधिकारी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में उनकी खिंचाई की थी। साथ ही, इस मामले में उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। अपनी टिप्पणी के बाद आलोचनाओं से घिरने के बाद शाह ने खेद व्यक्त किया और कहा कि वह कर्नल कुरैशी को अपनी बहन से अधिक सम्मान करते हैं। एक वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था, जिसमें उन्हें कर्नल कुरैशी के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए दिखाया गया था। शाह ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 14 मई, 2025 के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया ● शेष पेज 11 पर



# यूपी में उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने किया बेहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बृहस्पतिवार से पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबादी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान इन जगहों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवाएं भी चलेंगी। बूंदाबांदी से तात्कालिक तौर पर पारे में हल्की गिरावट आएगी और उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों के 60 जिलों में तेज हवाएं चलने और गरज- चमक के साथ बूंदाबादी की चेतावनी जारी की गई है। बुधवार को प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक कहीं भी लू जैसी परिस्थितियां नहीं रहीं, लेकिन उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। पूर्वा हवा में नमी की मौजूदगी से आभासी गर्मी, वास्तविक गर्मी से ज्यादा महसूस किया गया।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 29 मई से प्रदेश में दो-तीन दिनों के लिए बूंदाबांदी और हवाओं की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने जानकारी दी है कि इस मानसून में जून से सितंबर के दौरान चार माह में पूर्वी यूपी में सामान्य से 10 प्रतिशत और पश्चिमी यूपी में सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक बारिश की संभावना है। जून माह में देश भर में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक ● शेष पेज 11 पर



❑ आज से बदलेगा मौसम, बूंदाबांदी के साथ तेज हवाएं देंगी राहत

# पाकिस्तान से सटे राज्यों में कल मॉक ड्रिल

नई दिल्ली। पाकिस्तान से सटे राज्यों में कल यानी गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है।

# पनवारी कांड में 36 अभियुक्त दोषी करार, सजा का ऐलान कल

एजेंसी

आगरा। उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के चर्चित पनवारी कांड में लगभग 34 साल बाद बुधवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया। एससी एसटी कोर्ट के न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय की अदालत ने 36 आरोपियों को दोषी माना और 15 को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। दो दिन बाद 30 मई को सजा का ऐलान होगा।

वर्ष 1990 में पनवारी गांव में अनुसूचित जाति के परिवार की बेटी की बरात चढ़ाने को लेकर हिंसा हुई थी। इस मामले में भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल भी आरोपी बनाए गए थे, लेकिन उन्हें वर्ष 2022 में एमपी-एमएलए कोर्ट से बरी कर दिया गया था। बाकी आरोपियों पर सुनवाई एससी-एसटी विशेष अदालत में चली। घटनाक्रम 21 जून, 1990 का है। थाना सिकंदरा क्षेत्र के गांव पनवारी निवासी चोखेलाल जाटव की बेटी मुंद्रा की शादी थी। सदर के नगला पदमा से रामदीन की बरात आई थी। जाट समाज के लोगों ने बरात चढ़ाने का विरोध किया था। इस कारण बरात नहीं चढ़ सकी। दूसरे दिन पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में बरात चढ़ाई जा रही थी। तब पांच-छह हजार लोगों की भीड़ ने बरात को चढ़ने से रोका था। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए बल प्रयोग किया था। फायरिंग तक करनी पड़ी थी। गोली लगने से सोनी राम जाट की मृत्यु हो गई थी।

अभियुक्तों ने दलितों की बस्ती पर हमला किया था। कई लोगों को मरणासन्न स्थिति में छोड़ गए थे। हालात ऐसे हो गए कि 150 परिवारों पूरी बस्ती खाली करनी पड़ी थी। ग्रामीणों के पूरे परिवार विस्थापित हो गए। घटना के बाद गांव से लेकर शहर तक हिंसा भड़क गई थी। आसपास के इलाकों के जाटों ने जाटवों के गांवों पर हमला बोल दिया। भरतपुर से भी जाट आगरा पहुंच गए। दंगा भड़कने से तत्कालीन जिलाधिकारी अमल कुमार वर्मा और एसएसपी कर्मवीर सिंह ने गांव में बैठकें कीं। केंद्रीय मंत्री रहे रामजीलाल सुमन भी दलित बेटी की बारात चढ़वाने के लिए गए, लेकिन सभी लोग नाकाम साबित हुए थे। जाटों ने अधिकारियों और नेताओं के सामने ही उपद्रव मचा दिया। पुलिस को गोली चलाकर गांव से भागना पड़ा था। जाटों ने जाटवों के गांव, मोहल्लों पर हमला बोल दिया था। करीब 10 दिनों तक गांव में कर्फ्यू लगा रहा। दंगाइयों को रोकने के लिए सेना को बुलाना पड़ गया था। इस जातीय हिंसा की गूंज दिल्ली तक पहुंची थी।



# इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम देश में लागू

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया।

नए कानून बनने से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन-कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो।

राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था कानून इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित (गजटेड) कर दिया गया है।

❑ एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर एक्शन ले सकेगा, सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया

**नए नियमों से 3 बदलाव...**

1. कमांडः नए नियम के तहत अब कोई भी सेवा अधिकारी (जैसे थलसेना का अधिकारी) इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन में कार्यरत किसी भी अन्य सेवा (जैसे नौसेना या वायुसेना) के जवानों को कमांड दे सकेगा।

पहलेः पहले इस प्रकार के अधिकार केवल संबंधित सेवा के भीतर ही सीमित होते थे। इससे कई बार संचालन में बाधाएं आती थीं, जैसे कि नेवी अफसर, नौसेना के जवानों को ही आदेश दे सकता था।

2. कंट्रोल अबः नए नियम के तहत इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन से जुड़े सभी जवान एक अधिकारी के तहत कंट्रोल हो सकेंगे। एक संबंधित ● शेष पेज 11 पर

**पीएम मोदी के दौरे को लेकर सीएम योगी ने परखीं तैयारियां**

# मोदी कल कानपुर को देंगे 20 हजार 900 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को कानपुर दौरे पर आएंगे, जहां वे हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान खुर्ज़ा, ओबरा और जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की पांच इकाइयों का उद्घाटन और शिलान्यास होगा, जो उत्तर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति को मजबूत करेगा। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) मैदान में पीएम मोदी विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानपुर पहुंचकर सीएसए मैदान में जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त आयुक्त उद्योग के सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 मई को होने वाले कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सड़कों को साफ-सुथरा रखने और झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश दिया। साथ ही, ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर जोर दिया।

❑ मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए सुरक्षा और स्वच्छता के कड़े निर्देश

❑ कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंः मुख्यमंत्री

❑ सड़कों को साफ-सुथरा रखने और झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश

❑ ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर दिया जोर



प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान खुर्ज़ा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट, बुलंदशहर), ओबरा थर्मल पावर स्टेशन (1660 मेगावाट, सोनभद्र) और जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन (1320 मेगावाट, एटा) की पांच इकाइयों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री योगी ने इन परियोजनाओं को विद्युत आपूर्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इनके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बुलंदशहर में स्थित खुर्ज़ा सुपर थर्मल पावर प्लांट 1320 मेगावाट की क्षमता वाला कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट है जो टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित है। वहीं, सोनभद्र में 1660 मेगावाट की क्षमता वाला ओबरा थर्मल पावर स्टेशन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अंतर्गत आता है। जबकि एटा में 1320 मेगावाट की क्षमता वाला सुपरक्रिटिकल जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संचालित है।

मुख्यमंत्री ने मेट्रो अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे श्रमिकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों, मेधावी छात्र-छात्राओं और अन्य संगठनों के लिए समय-समय पर मेट्रो में मुफ्त यात्रा के इवेंट आयोजित करें। इससे मेट्रो को सार्वजनिक परिवहन के सबसे बेहतर साधन के रूप में प्रचारित किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने जनसभा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इमरजेंसी प्लान, ट्रैफिक प्लान, और एंटी-ड्रोन सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो। साथ ही, इलेक्ट्रिक और फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए एसपीजी, एनएसजी और आईबी के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से ● शेष पेज 11 पर

# विभिन्न योजनाओं में ऋण हेतु लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निस्तारित करें : जिलाधिकारी

**जिला सलाहकार समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति, जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की तिमाही हुई समीक्षा बैठक**

**प्रदेश के सापेक्ष जनपद का भी सीडी रेसीयो बढ़ाया जाए: जिलाधिकारी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कल सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति/जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति मार्च 2025 की तिमाही समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश स्तर के सीडी रसीयो के सापेक्ष सभी बैंकर्स जनपद का भी सीडी रेसीयो बढ़ाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा 2024-25 के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रेषित किए गए आवेदनों को निर्धारित समय में निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत ऋण आवेदन स्वीकृत किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत लक्ष्य कों पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रेषित किए गए आवेदनों का निस्तारण तत्काल सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड में ऋण के लिए लंबित आवेदनों को निस्तारित करना सुनिश्चित करें। दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष आवेदनों को स्वीकृत किया जाय। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन योजना के अंतर्गत सभी बैंक किसान क्रेडिट कार्ड से सम्बंधित लंबित पत्रावलियों को यथाशीघ्र निस्तारित करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में भेजे गए आवेदनो को सभी बैंक प्रबंधक समय से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत पम्पलेट बनवाकर सारे प्रधानों के माध्यम से वितरित कराना सुनिश्चित करें। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी बैंक प्रबंधकों एवं विभिन्न योजनाओं मे ऋण हेतु किये गए आवेदनकर्ताओं का एक कार्यशाला आयोजित कराएं, जिसमे ऋण हेतु आवेदन में परेशानी/कमियों के बारे में बताते हुए उनका निवारण किया जाना सुनिश्चित किया जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकों की सुरक्षा एवं जनता की सुविधा के लिए बैंकों में सीसीटीवी को सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्रामों में जाकर क्रेडिट कार्ड कैंप लगाए, जिसमे महिला उद्यमियों एवं युवा उद्यमियों पर विशेष फोकस करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों कों आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सपा पार्टी कार्यालय पर बूथ लेवल संगठन की हुई समीक्षा बैठक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जनपद की चार विधानसभा क्षेत्र बलहा, नानपारा, महसी और पयागपुर की बूथ लेवल संगठन की समीक्षा बैठक के लिए नामित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी जिसमे विधानसभा बलहा के पर्यवेक्षक के रूप में डा0 एम.पी. सिंह (प्रदेश सचिव सपा) और पयागपुर के पर्यवेक्षक के रूप में राजेश चंद्रा (विशेष आमंत्रित सदस्य सपा) के जनपद बहराइच आगमन पर जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव सहित समस्त जिला कार्यकारिणी द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एड0 की अध्यक्षता में संगठन समीक्षा बैठक की शुरुवात हुई जिसका संचालन जिला महासचिव सुनील निषाद ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पर्यवेक्षकगण द्वारा उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओ से उनका सामान्य परिचय प्राप्त किया गया। उसके उपरांत पर्यवेक्षकगण एम.पी. सिंह व राजेश चंद्रा ने उपस्थित विधानसभा अध्यक्षों,फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष/महासचिव से उनकी कमेटी व बूथ स्तरीय कमेटी के जमीनी स्थिति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव तभी प्रभावी ढंग से लड़ा जाएगा, जब विधानसभा स्तर की सभी बूथ कमेटियां मजबूत होंगी।

## कन्या दान–महादान, दांपत्य बन्धन में बंधे 19 नव युगल जोड़े




गोरखपुर। सरकार जहां सैकड़ों में की संख्या में सामूहिक विवाह करा रही है, वहीं गोरखपुर में एक ऐसी सामाजिक संस्था है, जो निस्वार्थ भाव से साल में दो से तीन बार दर्जनों की संख्या में नव कन्याओं का सामूहिक विवाह कराती चली आ रही है, इस संस्था का नाम नयी दिशा फाउंडेशन है। जो समाज के लिए एक नज़ीर है। नयी दिशा फाउंडेशन की मुखिया सुधा मोदी के इस पुनीत कार्य के जज्बे को सलाम है। जो मां-बाप अपनी एक बेटी का विवाह कराने में आर्थिक रूप से टूट जाते हैं, वहीं पर सुधा मोदी जैसी समाजसेविका साल में दर्जनों असहाय व निर्धन बेटियों के हाथ पीले कर रही हैं। ऐसे पुनीत कार्य के लिए समाज के हर वर्ग को आगे बढ़-चढ़कर आना चाहिए। नयी दिशा फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को कन्यादान महादान सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 19 कन्याएं दांपत्य सूत्र में बंध गयी। यह भव्य और पुनीत आयोजन बैंक रोड स्थित होटल विवेक उत्सव लॉन आयोजित हुआ। विवाह समारोह में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक व समाजसेवी उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। इन नव विवाहितों को समस्त घरेलू उपकरणों के साथ ही सोलह श्रृंगार, ऊनी कपड़े तथा राशन आदि प्रदान किए गए। ज्येष्ठ मंगलवार के उपलक्ष्य में विवेक उत्सव लॉन में शहनाइयों की धुनों की गूंज से सारा वातावरण खुशियों से झूम उठा। सिर पर पगड़ी पहने बारातियों के साथ वर जब दरवाजे पहुंचा तो आयोजक मंडल की ओर से माथे पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। सभागार मेहमानों से भरा हुआ था।

## विधायक व महापौर, नगर आयुक्त ने चौपाल सुनी जनता की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चरगांवा ,गोरखपुर । नगर निगम के वार्ड नंबर 30 गुलरिहा के कंचनपुर में महापौर मंगलेश श्रीवास्तव, पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह और नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुना।चौपाल के दौरान वार्ड में साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट तथा जल निकासी के लिए नाली और आर0 सी0सी0 रोड की समस्याओं को जनता ने उठाया जिसपर नगर आयुक्त ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर सभी कार्यो को कराया जाएगा।इस दौरान संजीव पासवान, अनिल चौहान, अनुराग सहानी, राजेश सहानी, दीपक निषाद, नरेन्द्र सिंह, मनोज निषाद समेत वार्ड के कई लोग मौजूद थे।४- माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी माननीय नड्डा साहब आप कृपया गोरखपुर के एम्स में कार्यरत 410 सुरक्षाकर्मी की नौकरी खतरे में आ गई है समझौता नोटिस भी दिया जा चुका है 31 मई को रिनेवल समाप्त होने वाला है यह 6 वर्षों से करोना काल से नियमित रूप से कम कर रहे हैं यह अनुभवी भी है इस कारण इनकी रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए आपसे विशेष प्रार्थना है कि उनकी रोजी-रोटी वापस करने की कृपा करें जिससे राम राज्य का सपना रामराज की सरकार की कल्पना की जा सके मदन मुरालीगोरखपुर 28 मई राज्य कर्मचारी संघ परिषद की बैठक न्यू कैंप कार्यालय रामलीला मैदान वर्ल्ड घाट पर लंच ऑवर में संपन्न हुई अध्यक्षता रूपेश कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष ने किया संचालन मदन मुरली शुक्ला मंत्री ने कियारूपेश कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## गोरखपुर की सीमा पर नाथपंथ की दिव्यता और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाने वाले सात प्रवेश द्वारों की मिली मंजूरी

**सांसद रवि किशन शुक्ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को व्यक्त किया आभार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) को निर्देशित किया है कि शहर की सीमाओं पर सात भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएं। ये प्रवेश द्वार नाथ पंथ की दिव्यता और गोरखपुर की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेंगे।* *इस मांग पत्र को सांसद रवि किशन शुक्ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा था, जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इस पर सांसद रवि किशन शुक्ला ने मुख्यमंत्री जी को आभार प्रकट किया।*सांसद रवि किशन ने कहा,> ''यह केवल भौतिक विकास नहीं है, बल्कि गोरखपुर की आत्मा, उसकी पहचान और नाथ परंपरा की दिव्यता का सम्मान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गोरखपुर के प्रति अपने विशेष स्नेह और दृष्टिकोण को फिर एक बार प्रमाणित किया है। यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से गौरव और गोरखपुरवासियों के लिए गर्व का विषय है कि मेरे सुझाव को इतना सम्मान और संवेदनशीलता मिली।''मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार ये सात प्रवेश द्वार देवारीया, वाराणसी, महाराजगंज, सोनौली, कुशीनगर, लखनऊ और पिपराइच मार्ग पर बनाए जाएंगे। प्रत्येक द्वार पर गुरु गोरक्षनाथ एवं अन्य सिद्ध योगियों की आकृतियां तथा उनके संदेश अंकित किए जाएंगे, जिससे गोरखपुर की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को एक नया आयाम मिलेगा।यह निर्णय न केवल गोरखपुर की शहरी संरचना को संवारेगा, बल्कि इसकी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त बनाएगा, जिससे नगरवासी और पर्यटक दोनों को गर्व महसूस होगा।

## बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री संबोधित सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के प्रतिनिधि न्यायिक मजिस्ट्रेट रामदेव निषाद को सौंपा।ज्ञापन में अनुरोध किया कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं की स्थिति बेहद चिंताजनक एवं उपेक्षापूर्ण है। अधिवक्ता समाज अपने को असुरक्षित एवं उपेक्षित महसूस कर रहा है। आये दिन अधिवक्ताओं पर हमले होने के साथ-साथ अप्रिय घटनायें हो रही है। अधिवक्ता संरक्षण कानून जो बहुप्रतिक्षित है जिसे तत्काल लागू किया जाना आवश्यक है। अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व आकस्मिक व स्वाभाविक मृत्यु बीमा धनराशि कम से कम बीस लाख रूपये के साथ-साथ बुजुर्ग अधिवक्ताओं के पेंशन कम से कम दस हजार रूपये तथा वकालत पेशे में आने वाले नए व युवा अधिवक्ताओं को प्रतिमाह पांच हजार रूपये मानदेय दिया जाना भी अत्यन्त आवश्यक है। अधिवक्ता प्रायः एक जिले से दूसरे जिले में वकालत करने जाते है कभी-कभी उन्हें माननीय उच्च न्यायालय भी जाना पड़ता है टोल टैक्स माफ किया जाना भी अति आवश्यक है। अधिवक्ताओं के कार्यालय, लाइब्रेरी व आवास के लिए ब्याज मुक्त ऋण के साथ-साथ मुख्यालय से तहसील स्तर तक सरकारी धन से चैम्बर का निर्माण कराया जाना नितान्त आवश्यक है। मुख्यमंत्री से आश्य वक्त किया कि उन्नाव के अधिवक्तागण आपसे यह मांग करते है कि अधिवक्ताओं की उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल हस्तक्षेप करें।ज्ञापन देने वालो में नि0 महामंत्री, अरविन्द दीक्षित वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धरमंगल सिंह अधिवक्ताओं में राजेन्द्र बाजपेई, ऋतुराज सिंह, रामनरेश यादव, रमेश बाबू द्विवेदी, रजनीश चन्देल, रामवती, भारतेन्दु शुक्ला, राजेश यादव बलाई, रमेश श्रीवास्तव, पंकज कुशवाहा, अवनीश तिवारी, संजीव सिंह चैहान, नीलम साहू, कुसुम मिश्रा सदस्य कार्यकारिणी, नीलू द्विवेदी शहीन, शिखा मिश्रा, शिवांगी शुक्ला सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री धर्म पाल सिंह पहुंचे उन्नाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने अरोड़ा रिजॉर्ट उन्नाव में आयोजित पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला पंचायत सम्मेलन में पहुंच मंचासीन अतिथियों के साथ अहिल्या बाई होलकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।इसके बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन नारियों में हैं जिन्होंने नारी शक्ति, प्रशासनिक दक्षता और धर्म परायणता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। भाजपा की डबल इंजन की सरकार महिलाओं के लिए और भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य कर रही है उन्होंने आगे कहा इतिहास को छिपाया नहीं जा सकता है इतिहास पढ़ाया जाता है माता अहिल्या बाई ने स्वास्थ्य शिक्षा महिलाओं संस्कृति विरासतों और मंदिरों के पुनर्निर्माण के लिए कार्य किए काशी विश्वनाथ सोमनाथ जैसे ज्योतिर्लिंगों सहित अनेक मंदिर पुनरोद्धार करवाया। उनके आदर्श न्याय प्रिय शासन को उनके इतिहास को घर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सभी आए हुए लोगों की है।बोले पुण्यश्लोक की उपाधि चार लोगों को मिली उसमें भगवान विष्णु और अहिल्या बाई होलकर जी हैं अगली पुण्यश्लोक की उपाधि यदि किसी को मिलेगी तो वो नरेंद्र मोदी होंगे। जिन्होंने आगे माताअहिल्या बाई जी से प्रेरणा ले काशी विश्वनाथ महाकालेश्वर केदारनाथ आदि मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया।प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के कार्यों में रानी अहिल्याबाई होल्कर की छवि है। कहा कि अहिल्या बाई ने गौहत्या पर रोक लगाई पशुपालन पर जोर दिया। कृषि व्यवस्था में सुधार किया कृषि के लिए नवाचार किए।आज के स्वयं सहायता समूह उन्ही की सोच है।प्रभारी मंत्री ने आगे कहा कंाग्रेस के 60 वर्ष का कार्यकाल प्रथम अध्याय के रूप में समाप्त हुआ अब द्वितीय अध्याय के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। जिनके अभी कुछ वर्षों के स्वर्णिम कार्यकाल में ही भारत बदल रहा है। अहिल्याबाई होलकर ने महिलाओं को सेना में भर्ती कर मुगलों के छक्के छुड़ाए मोदी जी ने 56 इंच के सीने के साथ ऑपरेशन सिंदूर चला आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले आतंक की योजनाएं बनाने वाले के 9 अड्डों को तबाह कर दिया।

## बेलीपार क्षेत्र में बेलगाम चल रहा अवैध खनन

गोरखपुर। बेलीपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों भस्मा, कट्या, तालअमियार, नाउरदेऊर आदि में अवैध खनन का धंधा तेजी से पैर पसार रहा है। दीन हो या रात के अंधेरे में खनन माफिया बेखौफ होकर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं, जिससे न केवल क्षेत्र की कृषि योग्य भूमि प्रभावित हो रही है बल्कि आमजन को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों की मानें तो खनन का यह अवैध कार्य प्रशासन की शह पर या फिर उसकी निष्क्रियता की वजह से बेधड़क जारी है। खनन माफिया रात के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खेतों और सरकारी जमीनों से मिट्टी निकालते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14207-SLR-F2-MBDP-DLI-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22614-SLR-F2-AYC-RMM-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-4 (Parcel-Parcel Van) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 27.05.2025 1577/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## महिला स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य कैम्प आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । महिला स्वास्थ्य दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा व पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के संयुक्त बैनर तले स्वास्थ्य कैंप का आयोजन नगर निगम गोरखपुर के वार्ड हरसेवकपुर नंबर 2 में किया गया जिसमे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगाँवा डा. धनंजय कुशवाहा, मनोज कुमार स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रितेश कुमार यादव ए. आर. ओ. तथा पूजा मिश्रा सी. एच. ओ. सहित पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति से अब्दुल हामिद तथा आंनद व कला मीना तथा हिमांशु व ग्रामीण महिलाये लगभग 300 लोग अपस्थित रहे। सभी का स्वागत पूर्वांचल सेवा समिति के कला द्वारा किया गया स्वागत परिचय के बाद कार्यक्रम का संचालन अब्दुल हामिद द्वारा किया गया ।अब्दुल हामिद द्वारा बताया गया विश्व महिला स्वास्थ्य दिवस प्रति वर्ष 28 मई को मनाया जाता है, और इसका उद्देश्य है महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा करना।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. धनंजय कुशवाहा द्वारा महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित स्थानीय महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो हर लड़की और महिला के जीवन का सामान्य हिस्सा है। यह कोई बीमारी नहीं है, ना ही इसे शर्म या डर का विषय बनाना चाहिए। यह प्रक्रिया महिलाओं के शरीर को माँ बनने के लिए तैयार करती है यह एक जीवन चक्र का हिस्सा है।मासिक धर्म कोई अभिशाप नहीं है यह शक्ति है। यह जीवन देने की क्षमता है। इसलिए इसे समझो, स्वीकारो और सम्मान दो।हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम इस विषय पर खुलकर बात करेंगे, लड़कियों को शिक्षा और साधन उपलब्ध कराएँगे और इस स्वस्थ प्रक्रिया को सामाजिक स्वीकृति दिलाएँगे।

## पांच दिन से लापता मेडिकल स्टोर संचालक की हत्या, पाइप के भीतर मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। जनपद के थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र से पिछले पांच दिन से लापता मेडिकल स्टोर संचालक का शव निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के पाइप के भीतर मंगलवार की शाम पड़ा मिला। संचालक शुक्रवार की शाम किसी से फोन पर बात करके घर से निकला था। तब से लौटा नहीं था। घटना की सूचना पर बांगरमऊ सीओ सहित बेहटा मुजावर व मल्लावां पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की छानबीन कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि इस दौरान हत्या कर शव को छिपाए जाने की लोगों में चर्चाएं होती रहीं।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के हरईपुर गांव के राम जीवन का 27 वर्षीय बेटा अंकित शुक्रवार शाम किसी से फोन पर बात होने के बाद घर से निकला था।आपको बताते चलें कि उसके बाद वह घर नहीं लौटा तो चिंताओं से घिरे परिजनों ने शनिवार को थाने में अंकित की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पांचवें दिन मंगलवार की शाम गांव के कुछ बच्चे बकरियां चराने गए थे। तभी दुर्गंध आने पर बच्चे गांव के करीब से गुजरे निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के पास पहुंचे। जहां एक्सप्रेसवे में पानी की निकास के लिए डाले गए 150 मीटर लंबे और करीब फीट मोटाई के पाइप के बीस मीटर भीतर युवक का शव पड़ा मिला। शव पुराना होने से बुरी तरह दुर्गंध छोड़ने के साथ सड़न से उसमें कीड़े भी पड़ने लगे थे। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान कर पुलिस को अवगत कराया। बताया जा रहा है कि अंकित की हत्या कर शव छिपाए जाने की भी यहां चर्चा होती रही। बांगरमऊ सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि शव हरदोई जनपद क्षेत्र में मिला है। इसलिए मल्लावां पुलिस को भी बुलाया गया है। युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। शव को पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव भेजा जाएगा। सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है। हरदोई क्षेत्र की बताई जा रही वारदात मृतक अंकित मूलतः बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि शव मिलने के स्थान से मल्लावां जनपद हरदोई थाना क्षेत्र की सीमा प्रारंभ होती है। इससे सीमा की स्थित साफ करने के लिए बेहटा मुजावर तथा मल्लावां दोनों थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। लेनदेन में हत्या की आशंका मृतक अंकित हरदोई जनपद के कस्बा गौसगंज में मेडिकल स्टोर का संचालन करता था। कहा जा रहा है कि व्यवसाय अच्छा चलने से और लाखों का लेनदेन भी करता था। ऐसे में लेनदेन के चक्कर में हत्या होने की आशंका जताई जा रही है। तरह-तरह की होती रहीं चर्चाएं चर्चा है कि अंकित के लापता होने वाले दिन शुक्रवार को जुड़ावनखेड़ा गांव में भागवत कथा हो रही थी। यह गांव घटना स्थल से लगभग एक किमी दूर है। शुक्रवार को ही पड़ोसी गांव चकहनुमान स्थित एक अतिथिगृह में बारात कार्यक्रम हो रहा था।

# संसाधनों की कमी का बहाना कर किया कार्यवाही से इंकार

## नगर निगम जोन-6 में आईजीआरएस शिकायतों पर लगाई जा रही मनमानी रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम जोन-6 में आईजीआरएस शिकायतों पर मनमानी रिपोर्ट लगाई जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू किया गया मुख्यमंत्री पोर्टल अपनी मंशा के अनुरूप काम करता दिखाई नहीं दे रहा है। लखनऊ नगर निगम के जोन-6 से एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जनता की शिकायतों पर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत करने वाले एक शिकायतकर्ता मोहम्मद इरफान ने बताया की वार्ड कश्मीरी मोहल्ला के अंतर्गत आने वाली चावल वाली गली में पहलवान की पान की दूकान के




निकट एक खाली पड़े प्लॉट लोगों द्वारा भवन निर्माण का मालवा इकट्ठा कर रखा गया है जिससे लोगों को बहुत परेशानी होती है जिसकी शिकायत उन्होंने आईजीआरएस के माध्यम से की थी, और इस गली में लोगों द्वारा नाली पर स्थाई अतिक्रमण जैसे के चबूतरा ज़ीना इत्यादि का निर्माण किया गया है इसको हटवाने की भी शिकायत उन्होंने आईजीआरएस के माध्यम से की थी लेकिन समस्या का समाधान करने के बजाये संबंधित अवर अभियंता द्वारा यह रिपोर्ट लगाई गई कि अभी नालों से निकली शील्ड उठाई जा रही है और नगर निगम के पास संसाधनों की कमी है इसलिए आपकी समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता। मोहम्मद इरफ़ान का कहना था की ऐसी कार्यशैली से न केवल मुख्यमंत्री पोर्टल की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि जनता का प्रशासन पर भरोसा भी कम हो रहा है।

# चंदन नगर मार्केट में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोज़र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम ने बुधवार को हाईकोर्ट के आदेश पर चंदन नगर मार्केट, आलमबाग में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश और नगर आयुक्त गौरव कुमार की देखरेख में जोन-5 के अधिकारी नंदकिशोर के नेतृत्व में यह अभियान चला। सड़कों और नालियों पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर से हटाया गया।चंदन नगर मार्केट में दुकानदारों ने सड़कों पर टीन शेड, चबूतरे और अन्य निर्माण कर 18 फुट चौड़ी सड़क को आधा कर दिया था। अभियान में करीब 70 दुकानों के अतिक्रमण हटाकर सड़क को खाली किया गया। एक बड़ी नाली, जो कब्जे की वजह से ढकी थी, उसे भी खोला गया। सिंध क्लॉथ रोड पर 15 फुट चौड़ी सड़क को अतिक्रमण ने 4 फुट तक सीमित कर दिया था, उसे भी पूरी तरह साफ कर आवागमन के लिए ठीक किया



गया। पक्की दुकानों के आगे बने चबूतरे और सीढ़ियां भी तोड़े गए, जिससे लोगों को आने-जाने में आसानी हुई।कार्रवाई के दौरान मानकनगर और आलमबाग थानों की पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद रहे, जिससे शांति बनी रही और अतिक्रमण करने वालों को विरोध का मौका नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई की तारीफ की और नगर निगम से ऐसी सख्ती जारी रखने की मांग की। नगर निगम ने कहा कि शहर को अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त करने के लिए सख्त नीति अपनाई जाएगी। नागरिकों से अवैध कब्जों की जानकारी देने की अपील की गई, ताकि लखनऊ को साफ और व्यवस्थित बनाया जा सके।

# 1.5 करोड़ की सरकारी जमीन कब्जे से मुक्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुद्धवार को नगर निगम और तहसील प्रशासन ने मिलकर अमौसी गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटाने का अभियान चलाया। मंडलायुक्त लखनऊ एंव नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह की अगुआई में टीम ने गाटा संख्या 806 च 9.611 हेक्टेयर की जमीन पर बने अवैध निर्माण को जेसीबी से हटाया। इस जमीन पर अस्थायी निर्माण और सीमेंट की दीवार बनाकर कब्जा किया गया था। टीम ने 3.036 हेक्टेयर जमीन को मुक्त कराया, जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है। यह जमीन एक सरकारी परियोजना के लिए है। कार्रवाई के दौरान पुलिस और नगर निगम की ईटीएफ टीम ने शांति बनाए रखी। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जनता से अपील की गई है कि वे अवैध निर्माण से बचें।

# एलडीए ने गुड़म्बा और बीकेटी में 5 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अपनी मुहिम को तेज करते हुए बुद्धवार को गुड़म्बा और बीकेटी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन टीम ने 5 स्थानों पर अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वंदना पांडेय ने बताया कि बीकेटी के चंद्रिका देवी रोड पर ग्रामसभा-देवरी कला में अजय कुमार द्विवेदी, अमित द्विवेदी और अन्य द्वारा लगभग 2 बीघा जमीन पर बिना स्वीकृति के प्लाटिंग की जा रही थी। इस अवैध निर्माण को प्राधिकरण की पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया गया। वहीं प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि गुड़म्बा के ग्राम-सदमो में चार अलग-अलग स्थानों पर अवैध प्लाटिंग का कार्य चल रहा था। रफीक द्वारा 25,000 वर्गमीटर, चांद



बाबू तौफीक द्वारा 10,000 वर्गमीटर, सब्बे द्वारा 25,000 वर्गमीटर और अजमल हसन खान द्वारा 5,000 वर्गमीटर क्षेत्र में बिना ले-आउट स्वीकृति के प्लाटिंग की जा रही थी। इन सभी अवैध निर्माणों को प्रवर्तन टीम ने पुलिस की मदद से ध्वस्त कर दिया। एलडीए की इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनियों के विकास पर रोक लगाने की दिशा में सख्त संदेश दिया गया है। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति के निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## अरविंदो पार्क और खजाना चौराहे पर अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर निगम ने शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए बुधवार को जोन-7 और जोन-8 में व्यापक अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान में अरविंदो पार्क और खजाना चौराहे से अवैध कब्जे हटाए गए जिससे स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली।जोन-7 में जोनल अधिकारी आकाश कुमार के नेतृत्व में अरविंदो पार्क के आसपास चाय, जूता-चप्पल विक्रेताओं और दोपहिया वाहन मिस्त्रियों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की गई। इसके अलावा जोन-8 में जोनल अधिकारी अजीत राय की अगुवाई में खजाना चौराहे से स्मृति उपवन चौराहा, पावर हाउस चौराहा और पराग रोड तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया।इस दौरान ठेले, ठेलियां, गुमटियां, लोहे के काउंटर, कैरेट गुमटी जब्त की गई जबकि 7 झोपड़ियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके के नटकुर गांव निवासी नीरज गौतम पुत्र मिश्रीलाल गौतम उम्र 22 ने कमरे की छत पर लगे पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। युवक स्विगी कंपनी में काम करता था। पिता भी मजदूरी करते हैं। घर में दो बहनों के अलावा एक और भाई है।सब कुछ सामान्य था युवक मकान के फर्स्ट फ्लोर पर रात को सोने के लिए गया था। सुबह जब बहुत देर तक वह सोकर नहीं उठा तो घर वाले उसे जगाने के लिए गए तो स्थिति देखकर घर वालों के हाथऽ पैर फूल गए। घर वाले नीरज को पंखे से लटका देखकर चीख पुकार करने लगे। चीख पुकार सुनकर गांव और आसपास के लोग तेजी से इकट्ठा होने लगे और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दर्शकों के लिए आज से खुल जायेगा लखनऊ चिड़ियाघर

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ गुरूवार 29 मई से दर्शकों के लिए खोल दिया जायेगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में 14 मई से 27 जून तक बंद किया गया था। यह जानकारी नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ की निदेशक अदिति शर्मा ने दी।

## लखनऊ: ऐशबाग जंक्शन के पास ट्रेन का इंजन पटरी से उतरा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ में बुधवार को ऐशबाग रेलवे स्टेशन के पास यार्ड की ओर शंटिग के दौरान इंजन बेपटरी हो गया। इसके चलते एक ओएचई का खंभा भी टूट गया, जिससे कई घंटों तक ट्रेनें प्रभावित रहीं। सूचना पाकर पहुंचे रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने मरम्मत कर रेलवे ट्रैक को बहाल कराया। घटना की जांच के लिए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के डीआरएम गौरव अग्रवाल कई अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि, रेलवे के कर्मचारियों से पता चला है कि यह हादसा उस वक्त हुआ है जब कृषक एक्सप्रेस ट्रेन को यार्ड में शंटिग किया जा रहा था। इस दौरान ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया और ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) खंभे से टकरा गया। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। लेकिन लाइन कटने से ऐशबाग बाराबंकी रेल रूट ठप हो गया था। ट्रेनें खड़ी हो गई थीं। मथुरा छपरा एक्सप्रेस ट्रेन को गोमतीनगर में खड़ी करवायी गई। जानकारी पर त्वरित मरम्मत कार्य कराते हुए करीब दो घंटे के अधिक समय में ट्रैक को फिर से दुरूस्त कराया।

# यूपी में डबल इंजन की सरकार लेकिन दोनों इंजन नहीं कर रहे काम : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अभी हाल ही में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी की घटना, सहारनपुर में छेड़खानी से तंग आकर एक लड़की के ज़हर खाने जैसी तमाम घटनाएं योगी सरकार के महिला सुरक्षा के दावे की पोल खोलता है। प्रेसवार्ता में अपनी बात को जारी रखते हुए आप प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा की गौरक्षा के फ़र्ज़ी मामले बनाकर जिस तरह लोगों को खुलेआम मारा पीटा जा रहा है, वो लोगों में आपराधिक प्रवृति और कानून व्यवस्था का मज़ाक बनाने की प्रवृति को बढ़ावा दे रहा है।

आप सांसद ने कहा कि अलीगढ़ में 25 मई को 4 लोगों को गौमाँस ले जाने का झूठा आरोप लगाकर जानवरों की तरह पीटा गया। आज रिपोर्ट भी आ गई की जिसे गौमांस बताकर गुंडों ने पीटा वो गौमांस नहीं था। पीड़ितों को सुनकर आपकी आँख में आँसू आ जायेंगे। योगी आदित्यनाथ क्या यही है आपके क़ानून का राज? आखिर गौ रक्षा के नाम पर इन लोगों को गुंडागर्दी करने का लाइसेंस किसने दिया? सांसद संजय सिंह ने



**कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर आप सांसद ने साधा निशाना**

कहा कि सीएम योगी को बड़े-बड़े दावे करने के बजाय प्रदेश की कानून व्यवस्था के बारे में सोचना चाहिए। यूपी में डबल इंजन की सरकार है और दोनों इंजन काम नहीं कर रहे हैं।

प्रेसवार्ता में सांसद संजय सिंह ने कहा कि बीजेपी वाले अब घर-घर जाकर महिलाओं को सिंदूर बाँटने का कार्यक्रम बना रहे हैं। भाजपाइयों को शायद सिंदूर का मतलब नहीं मालूम है। महिलायें अपनी मांग में उनके पति द्वारा दिए गए सिंदूर को भरती हैं। उनके लिए वह आत्मसम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आप ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट मांगना बंद कीजिए। संजय सिंह ने केंद्र सरकार की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के दावे को फर्जी करार दिया। उन्होंने कहा कि खुद नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इस दावे का खंडन किया है। संजय सिंह ने बताया कि जनता को तो वास्तविक खुशी तब होगी जब लोगों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी। लेकिन वास्तविकता यह है की प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत 140 में स्थान पर खड़ा है। आप सांसद ने पीएम से देश के तीन सवाल पूछे। पहला, वह आतंकवादी पहलगाम में आए कैसे? दूसरा, उन आतंकवादियों को अब तक मारा क्यों नहीं गया? तीसरा, ट्रंप के दबाव में सीज़फायर क्यों डिक्लेयर किया? इस मौके पर प्रख्यात शिक्षाविद् अवध ओझा ने कहा पीएम मोदी ने बयान दिया है कि उनकी नसों में खून नहीं सिंदूर दौड़ रहा है। श्री ओझा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता को यह संदेश देना चाहते हैं कि वह देश के लिए जहर बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के देश की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के दावे पर भी चुटकी लेते हुए अवध ओझा ने कहा कि पूरे देश की आदि संपत्ति सिर्फ एक प्रतिशत लोगों के पास है, तो अगर चौथी अर्थव्यवस्था बनी हुई होगी तो उसका आम जनता को कहां से फायदा होगा?

# मेधावियों का हुआ सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजाजीपुरम स्थित सेंट जोसेफ मोंटेसरी स्कूल के आईसीएसई/आईएससी हाई स्कूल व इंटरमीडियट की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल व अतिथि के रूप में पार्षदगण मौजूद रहे। इंटरमीडिएट में राजाजीपुरम शाखा की आईएससी में सुन्दुस अरशद रइस ने 97.75 प्रतिशत अंक व आईसीएसई कक्षा दस में अदिति टंडन 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इनको विद्यालय की तरफ से 11 हजार की चेक, शील्ड, ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। जिसमें इस मौके पर उनके माता पिता मौजूद रहे।

# कम चर्चित पर्यटन स्थलों पर शोध के लिए 10 लाख रुपये देगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पर्यटन विभाग कम चर्चित पर्यटन स्थलों की ओर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ऐसे स्थलों पर शोध कार्य करने के लिए अधिकतम 10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। यह आर्थिक सहायता पहले आओ-पहले पाओ की नीति पर आधारित होगी। इस वर्ष 05 संस्थाओं को शोध के लिए आर्थिक सहायता दी जायेगी।

आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए इच्छुक संस्थाओं को पर्यटन विभाग के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए 30 जून, 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। जयवीर सिंह ने बताया कि उ0प्र0 को पर्यटन का हब बनाने के लिए पर्यटन नीति-2022 के अंतर्गत



आकर्षक प्राविधान किये गये हैं, जिसके तहत पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी तथा छूट प्रदान की व्यवस्था की गयी है। अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों पर शोध के लिए दी जानी वाली 10 लाख रूपये की धनराशि इसी पर्यटन नीति का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थलों पर शोध किये जाने का उद्देश्य उ0प्र0 में आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विषयों पर शोध कार्य को बढ़ावा देना है। इस शोध के लिए मान्यता प्राप्त यात्रा संघों, होटल यूनियन, चैम्बर ऑफ कामर्स, विश्वविद्यालय, प्रबंध संस्थानों एवं गैर सरकारी संगठन आवेदन के पात्र होंगे।

जयवीर सिंह ने बताया कि इस योजना में पर्यटन, आतिथ्य, प्रबंधन के क्षेत्र से संबंधित शिक्षण संस्थानों और मान्यता प्राप्त आतिथ्य संघों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे शोध की गुणवत्ता और व्यावहारिकता दोनों सुनिश्चित की जा सकेगी। योजना से

# शहीद पथ से किसान पथ तक बनेगी 4-लेन सड़क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शहीद पथ से किसान पथ को जोड़ने वाली 24 मीटर चौड़ी 4-लेन सड़क जल्द बनकर तैयार होगी। इस सड़क और गोमती नदी के किनारे बंधे के निर्माण को तेज करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को स्थल का दौरा किया। उन्होंने सड़क निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करने और मिट्टी की लेवलिंग शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उपाध्यक्ष ने सड़क के रास्ते में आने वाली जमीन को चिह्नित करने के लिए अर्जन और अभियंत्रण विभाग की एक संयुक्त टीम बनाई है। उन्होंने इस परियोजना की नियमित निगरानी के लिए इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पीछे एक साइट ऑफिस बनाने और वहां कर्मचारियों की तैनाती करने को कहा। साथ ही, मास्टर प्लान में प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क के लिए भी जरूरी निर्देश दिए।उपाध्यक्ष ने सी.जी. सिटी में बन रहे वेटलैंड के कॉफर डैम



और 6 मीटर चौड़े पाथ-वे का भी निरीक्षण किया। वहां जमीन के विवाद को सुलझाने के लिए नायब तहसीलदार अमित त्रिपाठी को एक हफ्ते में सीमांकन पूरा करने का आदेश दिया गया है। इसके बाद, सी.जी. सिटी में बन रहे सी.एस.आई. टावर के धीमे निर्माण पर ठेकेदार को फटकार लगाई गई और काम तेज करने की अंतिम चेतावनी दी गई। अगर फिर भी काम में देरी हुई तो ठेकेदार का भुगतान रोककर जमानत राशि जब्त करने और उसे ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई होगी। उपाध्यक्ष ने संस्कृति स्कूल का दौरा कर वहां खेल सुविधाओं और अन्य निर्माण कार्यों को एक महीने में पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, पी.आई.यू. प्रभारी ए.के. सेंगर, अधिशासी अभियंता मनोज सागर, अजीत कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनाने वाला जन सुविधा केंद्र हुआ बेनकाब

**उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने जन सुविधा केंद्र से लैपटॉप व उपकरण किया बरामद**

**क्षेत्राधिकारी बोले जल्द ही सलाखों के पीछे जाएंगे अभियुक्त**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। तहसील क्षेत्र के एक जन सुविधा केंद्र से कूट रचित तरीके से निवास प्रमाण पत्र जारी करने के रैकेट का एसडीएम ने भंडाफोड़ किया है। जांच के दौरान रायबरेली जनपद के ऊंचाहार, लालगंज एवं सदर तहसील के जारी निवास प्रमाण पत्र को एडिट कर उन्नाव जनपद के पुरवा तहसील के आवेदकों को निवास प्रमाण पत्र जारी किए जाने का फर्जीवाड़ा सामने आया है। संबंधित निवास प्रमाण पत्र में एडिट कर एसडीएम महाराजगंज सचिन यादव अंकित हैं फर्जी वाले की जानकारी मिलते ही एसडीएम एवं सीओ ने संबंधित जन सुविधा केंद्र संचालक के यहां छापा मारा मौके से जन सुविधा केंद्र के लैपटॉप ,मोबाइल व सभी अभिलेख को सीज किया गया हूं। फर्जी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर संबंधितों द्वारा आधार कार्ड को पोस्ट ऑफिस महाराजगंज में अपडेट करने के समय तहसील प्रशासन को यह फर्जीवाड़ा सामने आय एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर के आधार पर संबंधित जन सुविधा केंद्र संचालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला देर रात पंजीकृत कर लिया गया है। रायबरेली के सलोन तहसील में जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के फर्जी वाले के तहत मामले से जुड़े लोगों को जेल भेजा जा चुका है। अब इसी के तर्ज पर बछरावां के शेखपुर समोधा के सियाराम जन सुविधा केंद्र संचालक अभिषेक पुत्र राकेश कुमार निवासी बिशनपुर बछरावां द्वारा निवास प्रमाण पत्र आवेदन संख्या 24 158 00 200 263 263 प्रमाण पत्र संख्या 28 12 5200 4365 दिनांक 18524 विद्या देवी पुत्री विजय बहादुर माता का नाम सतान देवी निवासी ग्राम धारा जीत खेड़ा मजरे मव ई तहसील पुरवा जिला उन्नाव के नाम ऊंट रचित तरीके से निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है निवास प्रमाण पत्र पर डिजिटल सिग्नेचर उप जिलाधिकारी पुरवा उन्नाव 18 5 2024 दर्ज है। जिस पर उप जिलाधिकारी का नाम सचिन यादव दर्ज है। जन सेवा केंद्र शेखपुर समोदा रायबरेली की मोहर लगी है। एसडीएम द्वारा उक्त आवेदन के क्रमांक की ऑनलाइन जांच करने पर लालगंज तहसील के गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के सैनी मजरे भीतरगांव गांव की प्रियंका सिंह पत्नी राहुल सिंह का नाम आवेदन प्रदर्शित हो रहा है।

### एसडीएम और सीओ ने मारा फर्जी जनसेवा केंद्र पर छापा

एसडीएम सचिन यादव ने बताया फर्जी वाड़े का खुलासा होते ही उन्होंने क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के साथ जन सुविधा केंद्र पर छापा मारा जहां मौके से लैपटॉप अभिलेख एवं मोबाइल जप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया जाल साजों की खैर नहीं है मामले की जांच की जा रही है रैकेट का खुलासा हुआ है सभी को जेल भेजा जाएगा।

### कई निवास प्रमाण पत्र जांच में मिले फर्जी

इसी प्रकार ऊंचाहार तहसील के निवास प्रमाण पत्र आवेदन क्रमांक को कूट रचित तरीके से एडिट करके पुरवा उन्नाव के विजय बहादुर पुत्र राम कुमार का निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार पुरवा उन्नाव की ही श्रीदेवी पुत्री रामकुमार को भी सदर तहसील के एक निवास प्रमाण पत्र का के आवेदन को एडिट कर निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है । फर्जी वाले के तहत सभी में महाराजगंज रायबरेली एसडीएम सचिन यादव का नाम डिजिटल सिग्नेचर में किया गया है।

### सुविधा केंद्र केसंचालक के विरूद्ध केस दर्ज

एसडीएम श्री सचिन यादव ने बताया बछरावां थाने में संबंधित सुविधा केंद्र संचालक के खिलाफ फिर मंगलवार की देर रात एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

## वांक्षित महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली पुलिस महराजगंज में गोवध निवारण अधिनियम में वांछित चल रही महिला अभियुक्त को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चले कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के अंतर्गत महराजगंज कोतवाली पुलिस ने आज दिनांक 28 मई दिन बुधवार को महराजगंज पुलिस टीम द्वारा कोतवाली महराजगंज में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 99/2025 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित महिला अभियुक्त गुलफ्सा पत्नी शाह आलम उर्फ धोनी निवासी गंगागंज थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को महराजगंज कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक रोहित कुमार आरक्षी पिंटू यादव, महिला आरक्षी सुलोचना सिंह, महिला आरक्षी मंजूलता, व होमगार्ड रामप्रताप सिंह द्वारा झलिहा का पुरवा बछरावां मार्ग के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इंसेट - मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि गोवध निवारण अधिनियम के तहत वांछित चल रही महिला अभियुक्त को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## दबंगों द्वारा किया जा रहा ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा

महराजगंज, रायबरेली। तहसील क्षेत्र के कमालपुर आवांडीह में ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर गांव के ही दबंग प्रतिपक्षीगणों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे की शिकायत ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी सचिन यादव से की है। मामले को संज्ञान में लेते हुए उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर जांच कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव को दिए गए शिकायती पत्र में सियाराम पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम कमालपुर आवांडीह ने कहा है कि गांव के ही दबंग प्रतिपक्षीगणों रमेश पुत्र रामकिशन, बृजमोहन पुत्र सत्रोहन द्वारा ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन गाटा संख्या 347 पर दबंग प्रतिपक्षीगणों द्वारा एक राय होकर सरहंगी के दम से उपरोक्त भूमि पर अवैध रूप से खूंटा गाड़कर व दीवाल बनाकर जबरन कब्जा किया जा रहा है। जिस पर कई पेड़ भी लगे हुए हैं जिनको काटकर जबरन कब्जा किया जा रहा है। प्रतिपक्षी दबंग व सरहंग किस्म के व्यक्ति हैं। मामले में उप जिलाधिकारी सचिन यादव का कहना है की शिकायत मिली है जांच कर कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## नसबंदी के बाद हुआ बच्ची, माता-पिता क्षतिपूर्ति के लिए काट रहे चक्कर

कुशीनगर। कसया थाना क्षेत्र के मठिमा विसम्भर माधोपुर के टोला मठिया निवासी शिवजवती पत्नी मुखलाल अपने बढ़ते बच्चों की संख्या के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया में अक्टूबर2023 को ऑपरेशन कर दिया प्रार्थी के मुताबिक फरवरी 2024 मैं समस्या महसूस होने पर जांच कराई तो पता चला की पेट में बच्चा पल रहा है इस बात की शिकायत लेकर संबंधित डॉक्टर के पास गई तो बजाय पुनः ऑपरेशन करने के डॉक्टर ने दवा देकर कहा कि इस दवा के खाने के बाद अब कभी बच्चा नहीं होगा किंतु समय आने पर प्रार्थिनी को एक बच्ची पैदा हो गई जो उसके गले की फास बन गई। कंगाली में आटा गीला होने की कहावत चरितार्थ हुई पहले से उसके 3 पुत्र और 2 पुत्रियां मिलकर पांच संताने थी छठी पुत्री के आने से उसकी आर्थिक स्थिति और खराब हो गयी ॽ ही जिसको लेकर वह विभिन्न अधिकारियों चिकित्सा विभाग के उच्चतम अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही व बच्ची के बारे में पोषण है छात्रवृत्ति का अनुरोध लेकर दर-दर भटक रही है किंतु कोई सुनने वाला नहीं है।

## जांच में अनियमितता मिलने पर डीएम ने ग्राम पंचायत अधिकारी को किया सस्पेंड

आजमगढ़। विकास खंड महाराजगंज के अंतर्गत जूड़ा रामपुर गांव में विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। गांव के ही एक व्यक्ति ने दो चक मार्ग के निर्माण, कैटल शेड, तालाब खोदाई समेत अन्य कार्यों में अनियमितता की शिकायत दर्ज की थी।विकास खंड महाराजगंज के अंतर्गत जूड़ा रामपुर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने ग्राम प्रधान की निधि से गांव के कराए गए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करने की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि प्रधान ने ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद आलम की मिलीभगत से दो चक मार्ग के निर्माण, कैटल शेड, तालाब खोदाई समेत अन्य कार्यों में अनियमितता बरती गई है।

# घर के छत पर अकेले सो रही महिला की लोढ़े से कूंचकर हत्या

**पति होमगार्ड की ड्यूटी से सुबह लौटा तब हुई जानकारी, संपत्ति के विवाद में हत्या का लगाया आरोप आजमगढ़ में घटना के बाद मची सनसनी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




आजमगढ़। तरवा थाना के किशुनदासपुर में मंगलवार की देर रात घर की छत पर अकेले सोई 55 वर्षीय रामदुलारी तिवारी की छत पर ही सिर को लोढ़ा से कूंच कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह रोज की तरह अकेले छत पर सो रही थीं। उनके पति अगस्त तिवारी, स्थानीय थाना पर होमगार्ड हैं। रात की ड्यूटी के बाद बुधवार तड़के घर लौटे थे। दरवाजा न खुलने पर उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वे बांस की सीढ़ी के सहारे छत पर पहुंचे, जहां रामदुलारी मृत पड़ी थीं। छत पर चारों ओर खून फैला था, और मृतका के सिर के साथ ही शरीर पर कई चोटें थीं, जिससे प्रतीत होता है कि उन्होंने आत्मरक्षा में संघर्ष किया था।मृतका के सात पुत्रियां और एक पुत्र हैं, जिनमें पांच पुत्रियों की शादी हो चुकी है। घटना के समय दो पुत्रियां ननिहाल गई थीं और पुत्र बाहर था। हत्या की सूचना मिलते ही सीओ लालगंज और एसओ तरवा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम घटना के साक्ष्य संकलन में जुट गई है। घटना स्थल से सील बटा का लोढ़ा और प्लास्टिक की पाइप मिली है। डॉग स्क्वाड की टीम भी पहुंची लेकिन कुछ भी पता कर पाने में मुश्किल हो रही थी। अगस्त तिवारी ने पिठूपट्टी के मनोज तिवारी पर आरोप लगाया। कहा कि बालमोहन तिवारी ने अपनी संपत्ति रामदुलारी को दी थी। मनोज बालमोहन के पट्टीदार थे। मनोज रामदुलारी के पीछे 4 साल से पड़े थे। 5 लाख रुपया मांग रहे थे। रामदुलारी कहती थीं कि वह अंतिम समय में सेवा की हैं।

# बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता पर एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**दलित पत्रकार से मारपीट, अभद्रता और आईडी कार्ड फाड़ने का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। एक दैनिक समाचार पत्र के एक दलित पत्रकार के साथ बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता पर अभद्रता, मारपीट और आईडी कार्ड फाड़ने के आरोप में कसया पुलिस ने मुअसं 0370/2025 के तहत 115(2), 117 (2), 351(3), 352 बी एन एस 2023 और अजा, जजा नृशंसता निवारण अधिनियम 3(1) द, 3(1) घ दर्ज कर लिया है।कसया थानाक्षेत्र के करमैनी प्रेमवालिया निवासी एक दैनिक अखबार के मालूडीह निवासी रामाश्रय कन्नौजिया ने थानाध्यक्ष कसया को तहरीर देकर बताया कि 25 मई को दिन में दो बजे विधायक कुशीनगर पी एन पाठक अध्या में ड्रेन की सफाई के शुभारंभ के लिए आए थे। मैं भी खबर कवर करने गया था। कार्यक्रम समाप्ति के बाद मौके पर मौजूद बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता महेश कुमार सिंह से कार्य के बाबत जानकारी प्राप्त करनी चाही। जिसपर वह भड़क गए। बताने पर कि वह पत्रकार है। उन्होंने मेरा प्रेस कार्ड मांगा और लेकर फाड़ दिया और जाती सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दिया और कहा कि तुम नकली पत्रकार हो, तुम्हारी यहां बैठने की हिम्मत कैसे हुई। उनके इशारे पर वह और उनके कर्मचारी मुझे पीटने लगे। हमले में मेरा दो दांत टूट गया और गम्भीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मैने कुशीनगर विधायक को भी दे दिया है। पत्रकार के साथ मारपीट को लेकर जनपद के पत्रकारों में काफी आक्रोश है। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष कुशीनगर हृदया नन्द शर्मा ने घटना की निंदा करते हुए पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। सर्वप्रथम जेल में स्थित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, जिसमें जिला कारागार में नियुक्त पराविधिक स्वयं सेवकों का अभिलेख, निःशुल्क विधिक अधिवक्ता से सम्बन्धित रजिस्टर का निरीक्षण किया गया, जिसमें सूचनायें दर्ज पायी गयी। लीगल एड क्लीनिक के बाहर सुझाव पेटिका स्थापित पायी गयी, जिस पर जेल अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि जेल में स्थापित सुझाव पेटिका से सभी बन्दियों को अवगत करायें तथा यह बताये कि यदि किसी भी बन्दी को कोई समस्या आ रही है तो वह अपना पत्र सुझाव पेटिका में डाल सकता है। पाकशाला निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि पाकशाला में प्रतिदिन का मेनू अंकित किया जाता है, जिसमें आज आलू कद्दू की सब्जी, उड़द की दाल, चावल रोटी बनी थी। पाकशाला में सफाई व हाइजीन की व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था पायी गयी। निरीक्षण के दौरान शौचालय औसतन साफ-सुथरा पाया गया। निरीक्षण के समय बन्दियों के हिस्ट्रीटिकट में सभी प्रविष्टियां दर्ज पायी गयी तथा गर्मी से राहत के लिए पीने के पानी हेतु जगह-जगह पर अलग से घड़ा रखा गया है। कारागार में मुलाकातियों के बैठने हेतु शेड व बैठने की व्यवस्था पायी गयी। बाल बैरक में निरीक्षण के दैरान जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि कुल 54 बाल बन्दी कारागार में निरूद्ध है, जिनमें से 05 बाल बन्दी आज पेशी पर भेजे गये है। निरीक्षण के उपरान्त कारागार में साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें बन्दियों की समस्याओं को सुना गया तथा जेल अधिकारीगण को व लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ताकि बन्दियों की विधिक समस्या का समय से निस्तारण हो सके। इस मौके पर जेल अधीक्षक आदित्य कुमार, जेलर रामनरेश गौतम, डिप्टी जेलर वीरेश्वर प्रताप सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल, यादव संदीप कुमार असिस्टेन्ट लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल तथा जेल के पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# तहसील न्यायालयों में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की प्रेस वार्ता

**अध्यक्ष ने कहा-डीएम से मिल कर समस्या से कराया अवगत, मिला है कार्रवाई का भरोसा, पूरे जिले में है समस्या**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनता को न्याय दिलाने के लिए दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन आजमगढ़ कटिबद्ध है लेकिन जिले की न्यायिक व्यवस्था में कुछ अधिकारियों और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा लापरवाही, भ्रष्टाचार और अनियमितताएं सामने आ रही है वह न केवल अधिवक्ताओं के कार्य में बाधा उत्पन्न कर रही बल्कि न्याय व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा कर रही है। जो हमें कतई स्वीकार नहीं है। सभी न्यायालयों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए वॉइस के साथ सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाए ताकि जनता को न्याय मिल सकें।उक्त बातें दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन आजमगढ़ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाठक ने सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहीं।अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाठक ने आगे कहाकि आदेशों में अनावश्यक देरी करना, वादों के सुनवाई प्रक्रिया का पूर्ण पालन न किया जाना, अधिवक्ताओं का सम्मान न करना, पैमाइश में लेखपालों और कानूनगो द्वारा गलत सीमांकन कर विवादों को तूल देना, सबूत और साक्ष्य की अनदेखी करने के मामला गंभीर है। जिसको लेकर को लेकर डीएम से शिकायत किया गया है। जिस पर एक माह के अंदर रोक लगाने का आश्वासन मिला है अगर उक्त गंभीर विषय पर आवश्यक कार्यवाही नहीं हुई तो हम चुप नहीं बैठेंगे। इसके अलावा श्री पाठक ने सदर तहसील में एसडीएम पेशकार सहित अन्य पाच-छह न्यायालयों के पेशकारों की शिकायत है, अगर इनके रवैय्ये में सुधार नहीं हुआ तो उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की जाएगी। मंत्री रणधीर सिंह ने कहाकि निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध के साथ हमारा नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि हम न्याय को महज कागजों तक सीमित न रखें बल्कि उसे व्यवहार में लाना आवश्यक है लेकिन विडम्बना है कि न्यायालय में अधिकारीगण का समय पर नहीं बैठ रहे, निश्चित तिथि पर आदेश नहीं आ रहा, छह माह पूर्व से धारा 27(3) पोर्टल से हटाए जाने सहित आदि विषयों को गहरी चिंता व्यक्त की और मांग किया कि जांच कमेटी का गठन किया जाए, न्यायिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा हो, सीसीटीवी व आडियो रिकॉर्डिंग, सुनवाई की निश्चित समय सीमा पर हो, अधिवक्ताओं का हित सुरक्षित और उन्हें पूर्ण सम्मान दिया जाना सुनिश्चित हो।

# देश से लेकर विदेश तक नौकरी के लिए किया प्रयास, प्रदेश विकास दर में देश में दूसरे स्थान पर : अनिल राजभर

**8 साल में 7.5 लाख सरकारी नौकरी, 12 लाख निजी क्षेत्र की नौकरी, 26 लाख की हुई कैरियर काउंसलिंग: राजभर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद के नेहरू हॉल सभागार में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने प्रदेश में सर्वांगीण विकास होने का दावा किया। वहीं विपक्षी सपा की तरफ से प्रदेश की खामियों और कानून व्यवस्था पर डॉक्यूमेंट्री बनाने पर अनिल राजभर कहा कि विपक्ष कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। झूठी बातें कहना विपक्ष का फैशन बन गया हुआ। वह फिल्म बनाएं डॉक्यूमेंट्री यह उनका काम है। हम लोग जनता के बीच जाते हैं। अनिल राजभर ने कहा कि आज प्रदेश विकास दर में देश में दूसरे स्थान पर है। बेरोजगारी की दर तीन प्रतिशत रह गई है। जो की अब तक कि सबसे कम है। पिछले 8 साल में हमने 7.30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। 12 लाख से ज्यादा लोगों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित किया है। 26 लाख लोगों की कैरियर काउंसलिंग कराई है। इसके साथ ही देश ही नहीं विदेश में भी जहां भी रोजगार के अवसर रहे वहां पर लोगों को भेजने का कार्य किया है। इसके अलावा कंपनियों के पंजीयन में भी देश नंबर एक स्थान पर है। प्रतिदिन 10 कंपनियों का प्रदेश में पंजीयन हो रहा है। आजादी से 2017 तक जितनी कंपनियों का पंजीयन हुआ था पिछले 8 साल में उससे ज्यादा कंपनियों का पंजीयन प्रदेश में हुआ है। इससे यहां के लोगों को रोजगार का अवसर मिल रहा है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्षियों के सवाल पर भी अनिल राजभर ने निशाना साधा। कहा कि पहले ही हम लोग कहते रहे हैं कि जैसे-जैसे हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ आगे बढ़ेगी प्रतिपक्ष के लोगों की तरफ से पाकिस्तान की भाषा बोली जाएगी। आतंकवाद और आतंकवादियों के पक्ष में बातें रखी जाएंगी। देश की सेना का मनोबल तोड़ने का काम किया जाएगा। अनिल राजभर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने समाज और देश के लिए जो सेवा की है। उसको अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की तरफ से देश भर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आजमगढ़ में भी पंचायत प्रतिनिधियों और समाज सेवियों के साथ विचार विमर्श किया जा रहा है।

# माहवारी स्वच्छता पर छात्राओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, गौरी श्रीराम में बुधवार को माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर दुदही सीएचसी की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरबीएसके की चिकित्सकीय टीम ने छात्राओं को माहवारी स्वच्छता के महत्व, सावधानियों और पोषण पर विशेष जानकारी दी।डा. पूनम यादव ने कहा माहवारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। यदि इस दौरान स्वच्छता के प्रति लापरवाही बरती गई तो संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।डा. सुबाष यादव ने कहा माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसे लेकर संकोच या शर्म की कोई आवश्यकता नहीं है। छात्राओं को इस विषय में खुलकर बात करनी चाहिए ताकि समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके।डा. श्रीप्रकाश चंद ने कहा संतुलित आहार, पर्याप्त जल सेवन और नियमित व्यायाम से माहवारी के समय शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान रखा जा सकता है। उन्होंने कहा, छात्राएं यदि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या महसूस करें तो तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या स्वास्थ्यकर्मियों से सलाह लें। विद्यालय की वार्डन फिरदौस आरा ने कहा, छात्राओं को अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए।

# बिना मानचित्र के ही धड़ल्ले से नजूल के भूमि पर बन रहा तीन मजिल मकान, जिम्मेदार बेखबर

**नगर पालिका परिषद के नजूल कर्मचारियों की मिली भगत से नजूल की भूमि पर धड़ल्ले से हो रहे निर्माण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । नगर पालिका परिषद क्षेत्र में यह नियम है कि बिना नक्शा की स्वीकृति के मकान नहीं बनाना है।नगर पालिका परिषद क्षेत्र में बिना नक्शा व फ्री होल्ड के ही शहर के महाराजगंज पुलिस चौकी क्षे त्र में नजूल की भूमि पर लगातार भवन का निर्माण किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद के जिम्मे दार अधिकारी इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं है।अभी कुछ दिन पहले इसी मकान के निर्माण में सिटी मजिस्ट्रेट ने तीन लोगों को जेल भेज दिया था इस मामले में एक भाजपा नेता ने दवा बनाया था की आवाज निर्माण करने वाले जेल ना भेजा जाए लेकिन सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश के आगे भाजपा नेता का एक नहीं चला था और अवैध निर्माण करने वालों को जेल भेज दिया था, उसके कुछ दिन तक मकान निर्माण का कार्य बंद था उस के कुछ दिन बाद फिर अब तीसरी मंजिल की छत लगने की तैयारी चल रही है।वही ये भवन मानक के अनुसार है या नहीं इसकी भी जांच नहीं हो रही है।भवन निर्माणकर्ता स्वयं ही अपने मकान के आर्किटेक्ट बने हुए हैं।अपनी मर्जी से मकान का निर्मा ण जारी है।ये मकान आने वाले दिनों में नगर के लिए चुनौती बन कर खड़ा हो जाएंगे।भगवान न करे अगर कभी भूकंप आदि आया तो ऐसे मकान गिर कर दर्जनों जान ले सकते हैं।इतना ही नहीं न गर में कई पुराने जर्जर मकान भी जानलेवा बन चुके हैं।

### शहर में नहीं बच रही नजूल जमीन हो रहे निर्माण

इसे भूमाफिया व नौकरशाही का गठजोड़ कहें या कुछ और ! जिला मुख्यालय पर ही सरकारी जमीन व नजूल भूखंड कब्जे किए जा रहे हैं।शहर में नजूल की जमीन पर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्शे के ही मकान तो कहीं बहुमंजिली इमारतें खड़ी हो रही हैं।न ही कहीं कोई अनुमति और न ही मानचित्र फिर भी धड़ल्ले से नजूल भूखंडों पर हो रहे निर्माण सरकारी एजेंसियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।शहर के महाराजगंज पुलिस चौकी क्षेत्र केमहाराजगंज मोहल्ले में एक बहुत बड़ा भूभाग नजू ल यानी सरकारी है।कब्जा किसी का भी हो बगैर फ्रीहोल्ड कराए स्वामित्व नहीं मिल सकता,बावजूद इसके हैरत की बात यह है कि इन इलाके में एक तीन मंजिला मकान धड़ल्ले से बन रहे हैं।इन इला कों की सरकारी जमीन पर हो रहे निर्माण को पर्दा डालकर किया जा रहा है।सामने से पर्दा और पीछे बन रही हैं बहुमंजिली इमारतें ख़डी हो रही है।और जिम्मेदार सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं।वही पालिका हो या विनियमित क्षेत्र प्राधिकारी दफ्तर के कर्मी अथवा जिला प्रशासन के अफसर शिकायतें पहुंची तो निरीक्षण कर बस नोटिस या संबंधित खानापूर्ति कर ली जाती है।वही महाराजगंज पुलिस चौकी क्षे त्र में हो रहे नजूल पर अवैध निर्माण की जानकारी सिटी मजिस्ट्रेट ली गईं तो उन्होंने बताया दिखवाया जा रहा है।

### अवैध निर्माण में सैकड़ों मुकदमे है लंबित

अवैध निर्माण के लंबित हैं सैकड़ो मुकदमे विनि यमित क्षेत्र प्राधिकारी दफ्तर पर जिम्मा है अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने का अथवा न होने देने का..।बावजूद इसके ये दफ्तर मौन रहता है।आफिस के कर्मी सिर्फ कागजी कार्रवाई भी सिर्फ उतनी ही करते हैं जितनी से उनकी नौकरी चलती रहे।सूत्र बता रहे है कि करीब सैकड़ो अवैध निर्माण के मामलों की फाइलें लंबित हैं।इनमें आरोपी अवैध निर्माणकर्ताओं को सम्मन जा चुके हैं और साक्ष्य के लिए तलब किया जा चुका है।शहर में बगैर मान चित्र निर्माण के सैकड़ो से ज्यादा मामले हैं।नजूल भूमि पर कब्जेदारों द्वारा निर्माण के अधिकांश मा मलों पेशी हो रही है तारीखें पड़ रही हैं,लेकिन अं तिम निपटारा लंबित है।

## छावनी सरकार में बजबजा रही नालियां, सड़क पर बह रहा गन्दा पानी नदारद हैं सफाई कर्मी



गोंडा। झंझरी ब्लॉक ब्लॉक क्षेत्र ग्राम पंचायत छाव नी सरकार में कई दिनों से सफाई कर्मी के न आने से कूड़े कचरे से पटी नालिया बजबजा रही है सड़ क जिससे उठती दुर्गंध से मोहल्ला वासियों को सं क्रमण के डर से परेशान हैं,बताते हैं कि ग्राम पंचा यत छावनी सरकार में सफाई कर्मी की नियुक्ति तो है किन्तु जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं की सेटिंग के चलते सफाई कर्मी ग्रामीणों को सफाई कर्मी के सफाई करने का दर्शन नहीं हुए हैं।आलम यह है कि ग्रामवासी अपने सफाई कर्मी को पहचा नते तक नहीं है।जहां एक और स्वास्थ्य विभाग के साथ ही जिमेदार अधिकारी ग्रामीणों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हैं।संक्रामक बीमारियों से बचाव के घरों के आसपास साफ-सफाई की बात करते हैं। तो वही दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की लच र कार्यशैली एवं सफाई कर्मी की लापरवाही से ग्रा म सभा छावनी सरकार जेल के सामने मोहल्ले की नालियां बंजबजा रही हैं।सड़क पर गंदा पानी बहने से नालियों की उड़ती दुर्गंध एवं मच्छरों के पनपने से छावनी सरकार ग्रामीण डरे हुए हैं।वहां संक्रमण फैलने का खतरा सता रहा हैं।

## सुन्दर काण्ड पाठ के साथ भंडारे का हुआ आयोजन



जरवल, बहराइच। नगर पंचायत जरवल में तीसरे बड़े मंगलवार को अग्रवाल मोहल्ले में पत्रकार व समाज सेवी संतोष श्रीवास्तव के आवास पर सुन्दर कांड व भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों ने भण्डारा का प्रसाद भी ग्रहण किया। प्रातः 10 बजे सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदर काण्ड पाठ के बाद शिव नंदन यादव कीर्तन मंडल द्वारा भगवान बजरंग बली का गुणगान किया गया ।काफी संख्या में भक्त भगवान बजरंग बली की भक्ति में लीन रहे। पूजन कार्यक्रम डा0 चेतन आनंद ने किया। साथ में विनोद श्रीवास्तव ,शिवांशु श्रीवास्तव ने भी पूजन किया पुरोहित पंडित राम नारायण मिश्र बब्बू महराज रहे। उन्होंने ने बताया कि श्री राम चरित्र मानस के सुंदर काण्ड के पाठ से भगवान बजरंग बली प्रसन्न होते है। भंडारा में मोहल्ले वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शशि कंात श्रीवास्तव,आयुष,हरबंश सैनी, जुग्गी लाल चौहान,राजेश सैनी,राम बाबू सैनी,रामू , ननकू वर्मा,दीपक सैनी,प्रेम लाल चौहान उपस्थित रहे।

# यहां सिर्फ रेफर तक सीमित हैं स्वास्थ्य सेवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ रेफर करने तक ही सीमित हैं।किसी भी बीमारी से पीड़ित मरीज हो या फिर हादसे में घायल व्यक्ति, यहां आने पर उसे उपचार नहीं सिर्फ रेफर स्लिप मिलती है।यही कारण है कि हादसा होने पर सक्षम परिवारीजन पीड़ित तो अपने मरीज को सीधे मेडि कल कॉलेज या लोहिया अस्पताल या फिर लखन ऊ के लिए कोई अन्य हॉस्पिटल में ले जाते हैं ले किन गरीबों के लिए प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराना बहुत मुश्किल हैं।जिला अस्पताल में हृदय रोग विभाग,बर्न वार्ड, सर्जिकल वार्ड, चाइल्ड वार्ड, पुरुष वार्ड,महिला वार्ड अस्पताल समेत कई वार्ड हैं।इनमें से अधिकांश विभागों में चिकित्सक और अन्य ट्रेंड स्टाफ ही नहीं।यही कारण है कि जब आ प जिला अस्पताल में जाएं तो अधिकांश वार्डों में सन्नाटा ही पसरा मिलता है।जो दो एक स्टाफ है वह भी मनमानी करता है।परिणामस्वरूप यहां पर मजबूरी में ही मरीज आना पसंद करते हैं।यहां का आलम यह है कि किसी भी गंभीर बीमारी से पीड़ि त व्यक्ति आए या फिर हादसे में घायल।सभी को यहां से सिर्फ रैफर किया जाता है।उपचार के नाम पर सिर्फ प्राथमिक चिकित्सा दी जाती है।इसके चलते हादसा होने पर सरकारी कर्मचारी भले ही घायल को जिला अस्पताल लाए।लेकिन परिवारीजन घायल को सीधे लोहिया अस्पताल या फिर लखनऊ के किसी भी अस्पताल में ले जाना पसंद करते हैं।

# सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए अपार शौर्य के अंतर्गत महसी ब्लॉक के शारदा देवी रामप्यारे मेमोरियल पब्लिक स्कूल एरिया के माध्यम से भारतीय सेवा के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात जेठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार पर बजरंगबली की कृपा से श्री सुंदरकांड पाठ व प्रसाद वितरण (भंडारा) का आयोजन शारदा देवी राम प्यारे मेमोरियल पब्लिक स्कूल के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक व लोकतंत्र रक्षा सेनानी मिथलेश कुमार, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, मुमकिन फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, गंगोत्री किसान उत्पादक संगठन के सचिव रामकुमार, टीकाराम जी, राम अभिलाष के अलावा गांव की महिलाएं, बच्चे व युवाओं अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई व भारतीय सेना के सम्मान में जोश के साथ नारे लगाये और प्रसाद ग्रहण किया गया।

## एसएसबी 59वीं वाहिनी ने लगाया नि:शुल्क पशुचिकित्सा शिविर



नानपारा, बहराइच। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 59वीं वाहिनी, नानपारा द्वारा ग्राम सलारपुर में एक विशेष निःशुल्क पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन डॉ. जय प्रकाश, पशुचिकित्सा अधिकारी, मिहींपुरवा के सहयोग से किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर डॉ. जय प्रकाश के नेतृत्व में और एसएसबी के अनुभवी पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 1009 पशुओं का उपचार किया गया। इनमें प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, परजीवी नाशक दवाओं का वितरण तथा पोषण संबंधी परामर्श शामिल थे। शिविर में कुल 148 ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, देखभाल और पोषण के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। एसएसबी 59वीं वाहिनी के अधिकारियों ने बताया कि वे सीमावर्ती इलाकों में ऐसे शिविरों के माध्यम से न केवल सुरक्षा बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वाहिनी के अधिकारियों ने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन निरंतर किया जाएगा, जिससे सीमावर्ती गांवों के लोगों को समय-समय पर लाभ मिल सके।

## जीआरपी पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफतार

उन्नाव। थाना जीआरपी द्वारा रेलवे स्टेशन व ट्रेन में यात्री के मोबाइल, पर्स व अन्य सामान की चोरी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार, जिसके कब्जे से चोरी का मोबाइल व नगदी बरामद। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेलवे लखनऊ श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक रेलवे, लखनऊ रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया, ट्रेनो में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब की तस्करी व चोरी की घटनाओं के रोकथाम व बरामदगी के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हृषीकेश यादव के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जी0आर0पी0 उन्नाव अरविन्द कुमार पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण उ0नि0 राममोहन व उ0नि अनिल यादव मय हमराह हे0का0 असमोद कुमार , का0 बृजेश कुमार यादवके साथ प्लेटफार्म चेकिंग, सदिग्ध व्यक्ति/वस्तु, देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम, चेकिंग करते हुए रेलवे स्टेशन कानपुर बाया किनारा के प्लेटफार्म नम्बर 01 पर मामूर थे कि एक नफर अभियुक्त शमीम पुत्र दिलदार उर्फ बऊआ निवासी मिश्रा कॉलोनी ढाल वाली गली गोताख़ोर मोहल्ला थाना गंगाघाट उन्नाव उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से बीएनएस से सम्बन्धित 01 अदद मोबाइल क्गगट कम्पनी का बा रंग लाइट ग्रीन एन्ड्रायड फोन बरामद करके जेल भेज दिया गया।

# गायब किशोरी की तलाश नगर पुलिस के लिए बनी चुनौती,धरने पर बैठा पीड़ित परिवार

**एफआईआर के बीस दिन बाद भी नगर कोतवाली पुलिस के हाथ खाली**




गोण्डा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के सिंचाई विभाग कॉलोनी से एक पंद्रह वर्षीय किशोरी की तलाश नगर कोतवाली पुलिस के लिए चुनौती बन गई है।नगर कोतवाली पुलिस ने किशोरी के गायब होने की एफआईआर तो दर्ज कर ली लेकिन बीस दिन बीत जाने के बाद भी उसके बारे में आज तक सुराग नहीं लगा सकी हैं।नगर कोतवाली पुलिस के द्वारा किशोरी को बरामद की न होने पर पीड़ित प रिवार जिला पंचायत टीन सेड में किशोरी की बरा मदगी के लिए धरने पर बैठ गया है।लापता किशोरी की माँ अंजू ने बताया कि उनकी तीन बेटों के बीच एकमात्र बेटी थी।उन्होंने कहा कि जिस लड़के के साथ उनकी बेटी गई है पुलिस उसे पकड़ने में नाकाम रही है।धरने पर बैठे पीड़ित परिवार ने एक लड़की पर अपनी लड़की को गायब करवाने का आरोप भी लगाया है।वहीं नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में किशोरी एक लड़के के साथ जाती दिखी है उसका पता लगाया जा रहा है।वही किशोरी के पास मोबाइल फोन नहीं होने से लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा है।पुलिस ने दो टीमें अलग-अलग स्थानों पर भेजी गईं हैं कोतवाल का कहना है कि पुलिस परि वार का पूरा सहयोग कर रही है और जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

# थाने पर सुनवाई नहीं,न्याय के लिए भटक रहे फरियादी, एसपी ऑफिस में उमड़ रही भीड़

**देवीपाटन मंडल आईजी का आधा समय लोगों की फरियाद सुनने में निकल जाता है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। ''सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा'' उत्तर प्रदे श पुलिस का है,लेकिन आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पुलिस का निचले तंत्र पर से लोगों का भरोसा उठ रहा है,वैसे तो बड़े अधिकारियों का यह आदेश है कि थानों में फरियादियों को न्याय मिल ना चाहिए इसके बावजूद इंसाफ देना तो दूर,थानों में कई मामलों में सुनवाई तक नहीं हो पाती है ऐसी परिस्थिति में आला अफसरों के यहां फरियादियों की भीड़ बढ़ती जा रही है सोमवार से लेकर शनि वार तक आईजी से लेकर गोण्डा एसपी कचहरी स्थित कार्यालय अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए आम लोगों की भीड़ लगी रहती है।सब की एक ही समस्या रहती है कि थाना स्तर पर उनकी बात नहीं सुनी जा रही है इसलिए अभी आपके पास आए हैं।

### आला अधिकारियों के पास उमड़ रही भीड़

आईजी अमित पाठक के जिम्मे चार जिले का महत्वपूर्ण काम है मंडल होने के नाते देवीपाटन मंडल आईजी को कई अहम जिम्मेदारियां दिन भर निभाना होता है लेकिन आप को जानकर हैरानी होगी कि देवीपाटन मंडल आईजी का आधा समय लोगों की फरियाद सुनने में निकल जाता है,ऐसा कोई भी दिन नहीं होता है जिस दिन दस से बीस शिकायत आईजी के पास ना आए।वैसे पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचने वालें एक दिन के आंकड़ों की बात करें तो एक दिन में सैकड़ो से ज्यादा लोग एसपी के कार्यालय पहुंचकर शिकायत करते नजर आते हैं कि उक्त थानेदार ने उनकी बात नहीं सुनी यह आंकड़ा तो सिर्फ एसपी का है अगर पूरे जिले की बात करें तो अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी,अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी,सीओ सिटी,सीओ सदर के कार्यालय पहुंचकर हर दिन दर्जनों लोग अपनी फरियाद सुनाते हैं।

### क्या कहते हैं फरियादी

बड़े अधिकारियों के द्वार पर फरियाद लगाने वाले कई लोग तो कैमरे पर कुछ भी कहने से सिर्फ इस लिए बचते हैं क्योंकि उन्हें यह डर रहता है कि क हीं थाना स्तर से मामला बिगड़ ना जाए, मौखिक रूप से एक व्यक्ति ने बताया कि देहात कोतवाली में उनकी फरियाद नहीं सुनी गई है दरअसल,जिस के बाद मजबूरी बस उन्हें एसपी के यहां अपनी फ रियाद लेकर आना पड़ा है।ऐसे कई लोग हैं जिन की फरियाद थानों में अनसुनी कर दी जाती है इस लिए वे पुलिस कप्तान के पास आकर अपनी फरि याद लेकर पहुंचते हैं।

### क्या फ़ेल हो रहा निचला तंत्र

लोग अपनी पहली शिकायत लेकर थाने पर ही प हुंचते हैं.अगर वहां उनकी बात नहीं सुनी जाती है तब वे एसपी और फिर उसके ऊपर के अधिकारि यों के पास फरियाद लेकर जाते हैं सवाल यह है कि क्या वाकई में गोण्डा पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल हो चुका है...? एसपी विनीत जयसवाल के अनुसार जन शिकायत एसपी कार्यालय में वे आम लोगों से मिलते हैं एसपी अपने जूनियर अधिकारि यों का बचाव करते हुए एसपी बताते हैं कि ऐसा नहीं है कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल है वर्तमान समय में छोटी-छोटी बातों को लेकर भी लोग उन तक पहुंचते हैं लेकिन कुछ ऐसे मामले भी होते हैं जिनमें थाना स्तर से लोगों को उचित न्याय नहीं मिल पा ता है या फिर थाना उन्हें उचित माध्यम समझा नहीं पाता है ऐसे में लोग उनके पास पहु चते हैं,लेकिन यह कहना थोड़ा गलत होगा कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल है।

# भव्य भंडारे के आयोजन में हजारों भक्तों को वितरित किया गया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को बजरंगबली की स्तुति से वातावरण आध्यात्मिक रस से सरोबार हो गया। मंगलवार भोर में बहराइच लखनऊ मार्ग के बनजारी मोड़ पर स्थित खन्ना टीवीएस शो रूम के सामने मालिकान की ओर सें भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में बजरंग बलि के भक्तों, गरीबों और राहगीरों नें पूजा पंडाल में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया! खन्ना टीवीएस शो रूम पर प्रसाद वितरण सें पूर्व पंडित राम दर्शन जी द्ववारा बजरंग बाण पाठ, हनुमान चालीसा, तुलसीदास कृत रामचरित मानस के सुंदर कांड के सामूहिक पाठ की रसधार बही पूजा अर्चना में टीवीएस कम्पनी के एरिया मैनेजर कृष्णा सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख शलभ खन्ना, मयंक त्रिपाठी मंटू, वरुण खन्ना, श्रीमती कृष्णा त्रिपाठी, श्रीमती सीमा खन्ना और श्रीमती प्रतिमा त्रिपाठी के अलावा शो रूम मैंनेज़र सुभम गुप्ता सम्मलित हुवे! विधि विधान सें बजरंग बलि की पूजा अर्चना के उपरांत शो रूम मालिकान और उनके परिवारिक सदस्यों नें अपने हाथों सें श्रद्धालूंओ के बीच पूड़ी, आलू की सब्जी,छोला, कददू की सब्जी, चावल, रायता और मिष्ठान में नुकती का वितरण किया! भंडारे के दौरान शो रूम के सभी छोटे बड़े महिला, पुरुष कर्मचारी श्रद्धालुओं की सेवा सत्कार में सक्रिय रहे ! तृतीय ज्येष्ठ मंगल पर नगर के विभिन्न मंदिरो और क्षेत्रों में बजरंगबली के भक्तों ने पूजा अर्चना के बाद स्टाल लगाकर विभिन्न मिष्ठान व खाद्य पदार्थों का प्रसाद वितरण कर अरदास की। मां जानकी के लंकेश रावण की ओर से हरण के बाद तलाश में जंगल जंगल भटक रहे रघुकुलनंदन की बजरंगबली से पहली मुलाकात ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को हुई थी। बजरंगबली उनसे ब्राह्मण भेष में मिले थे। जेठ के पहले मंगलवार को तभी से बुढ़वा मंगल या बड़ा मंगल के नाम से प्रसिद्ध है। जेठ के हर मंगलवार को रघुकुलनंदन के आशीर्वाद से बजरंगबली के भक्त जेठ माह के हर मंगलवार को तो विशेष महत्व देते ही है। मंगलवार की भोर होते ही शहर स्थित पांडवकालीन श्रीसिद्धनाथ मंदिर, श्रीदेवी गुल्लावीर मंदिर, कानूनगोपुरा दक्षिणी स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर, पीपल तिराहा स्थित हनुमान मंदिर, घंटाघर चौक के पास सर्राफा गली स्थित हनुमान मंदिर आदि मंदिरों में भोर में मंगला आरती के साथ कपाट खुले। मंदिर के पुजारियों ने आने वाले श्रद्धालुओं को विधि विधान से बजरंगबली की पूजा कराई। घृत मिश्रित सिंदूर से बजरंगबली का श्रंगार किया गया। बड़े मंगल के विशेष महत्त्व को ध्यान में रखते हुवे नगर के अस्पताल तिराहा, डी ?म तिराहा, कचेहरी रोड, छावनी, गुलाम अली पुरा, छोटी बाजार, सहित विभिन्न स्थान पर विशेष आयोजन किए गए । श्रद्धालुओं की ओर से हनुमान चालीसा, बजरंग बाण आदि का पाठ किया गया।

## अहिल्याबाई होळकर स्मृति अभियानआयोजित

उन्नाव। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होळकर के त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत आज विधान परिषद् सदस्य रामचंद्र प्रधान जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह एवं भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह के संयोजन में आयोजित जिला पंचायत सम्मेलन में सहभागिता की । माता अहिल्याबाई जैसी महान विभूति को कोटिशः नमन ।इस दौरान मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग/जिला प्रभारी उन्नाव आदरणीय धर्मपाल सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा अनुराग अवस्थी ,मा.विधायक मोहान ब्रजेश रावत .विधायक भगवंतनगर आशुतोष शुक्ला ,मा.विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर ,विधायक सदर पंकज गुप्ता सहित सम्मानित जिला पंचायत सदस्य,क्षेत्र पंचायत सदस्य,सम्मानित ग्राम प्रधान एवं पार्टी के समस्त पदाधिकारी व देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों की कार्यवाही की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जितने भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं अगर अभी तक वहां पर साइनेज बोर्ड तथा रबंल स्ट्रिप नहीं बनवाएं गए हैं तो तत्काल बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एजेंसियों द्वारा स्कूलों के पास साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप का निर्माण कराया जाए तथा सड़कों पर निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों का चालान किया जाये। कस्बों, बाजारों आदि में सड़कों पर हुये अवैध अतिक्रमण को भी हटाने का निर्देश दिया है। जनपद में जितने भी जेसीबी व हाइड्रा मशीने हैं उनको चिन्हित कर उनके चालकों का हैवी ड्राइविंग लाइसेंस बना है कि नहीं इसकी जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने के लिए जो गाड़ियां लगी हों उनकी फिटनेस आदि की जांच अनिवार्य रूप से की जाय तथा अनफिट पाई गई गाड़ियों का तत्काल चालान कर उन्हें सीज करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटना को न्यून करने के लिये आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा के नियमों को कड़ाई से लागू किए जाए लोगों से यातायात नियमों का पालन कराया जाय। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अंशुमान सिंह, एआरटीओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, एनएचआई के अधिशासी अभियंता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति संगोष्ठी आयोजित, जीवन आदर्शों को अपनाने का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नगर में स्थित एक बैंकट हॉल में न्याय, त्याग,सुशासन और जनसेवा की प्रतीक,पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत विधायक बाबूराम पासवान द्वारा संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ब्रज क्षेत्र अशोक भारती ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन नारी सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की अमिट प्रेरणा है। वे एक सामान्य परिवार से थीं। लेकिन अपने आदर्श नेतृत्व, धार्मिक पुनर्ज़ागरण और समाज सुधार के माध्यम से भारतीय इतिहास में उन्होंने एक विशिष्ट स्थान बनाया। इसी प्रेरणा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संगोष्ठी का आयोजन हुआ रानी अहिल्याबाई होल्कर को भारत की सांस्कृतिक चेतना और नारी शक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने शासन संचालन में प्राचीन मूल्यों और आधुनिक दृष्टिकोण का अद्भुत संतुलन प्रस्तुत किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ, सोमनाथ जैसे प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार कर धार्मिक धरोहरों के संरक्षण में अमूल्य योगदान दिया। साथ ही विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा देना, महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करना और समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाना, उनके शासन के ऐतिहासिक पहलुओं में शामिल हैं। विशिष्ट अतिथि अशोक भारतीय ने कहा कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं जब समाज सुधारकों ने निजी कठिनाइयों के बावजूद समाज को नई दिशा दी। रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन भी ऐसा ही उदाहरण है। जो तीन शताब्दियों तक भारतीय इतिहास के पन्नों में अपेक्षाकृत गुमनाम रहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने यह संकल्प लिया है कि ऐसे महान व्यक्तित्वों को जनमानस तक पहुंचाया जाए, ताकि युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि जब भी नारी सशक्तिकरण की बात होती है, तो रानी अहिल्याबाई का जीवन हमारे सामने आदर्श रूप में खड़ा होता है। उन्होंने सिद्ध किया कि अगर किसी स्त्री में संकल्प, विवेक और धर्मपरायणता हो, तो वह समाज और राष्ट्र दोनों की दिशा बदल सकती है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप ने कहा कि रानी अहिल्याबाई जनसेवा और सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण की जीवंत प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने मुगलों द्वारा क्षतिग्रस्त काशी विश्वनाथ और सोमनाथ मंदिर जैसे कई प्रमुख धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार करवाकर भारत की सांस्कृतिक अस्मिता को पुनर्स्थापित किया। उन्होंने बताया कि रानी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में सख्त दहेज विरोधी कानून बनाए और नारी शिक्षा के लिए विशेष प्रयास किए।उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर न केवल एक कुशल शासिका थीं, बल्कि सर्व समाज की मां के रूप में पूजनीय थीं। इसीलिए उनकी 300वीं जन्म जयंती को सर्व समाज के साथ मिलकर मनाया जा रहा है और उनके जीवन से जुड़े आदर्शों को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया जा रहा है।आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ब्रज क्षेत्र अशोक भारती व महिला सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बाबूराम पासवान रहे महारानी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन परिचय व योगदानों का विस्तृत वर्णन किया।कार्यक्रम के उपरांत भारतीय सेना के अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देने वाले 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में नगर पूरनपुर में भव्य 'तिरंगा यात्रा' निकाली गयी ऑपरेशन सिन्दूर हमारे सैन्य जवानों के अद्वितीय पराक्रम,शौर्य और साहस का प्रतीक है ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारतीय सेना और देश ने जो अद्वितीय साहस,शौर्य और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया है वह सदैव वंदनीय रहेगा इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक भारती, एमएलसी सुधीर गुप्ता,विधायक बाबूराम पासवान,भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान,ब्लॉक प्रमुख पूरनपुर मानसी सिंह ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष पूरनपुर शैलेंद्र गुप्ता ,जिला महामंत्री महादेव गाईंन ,जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री ,जिला महामंत्री महिला मोर्चा रेनू राज ,कलीनगर मण्डल अध्यक्ष भगवती सिंह ,घुँघचिहाई मण्डल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी ,मण्डल अध्यक्ष सुल्तानपुर व गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित ,नगर उपाध्यक्ष गुंजन सक्सेना व सपना सिंह, समाजसेवी ब्रजेश गुप्ता ,हर्ष गुप्ता ,ध्रुव सिंह , मानस शुक्ला, अम्बर मिश्रा, विवेक, सूरज बाथम ब पार्टी पदाधिकारी गण,नगर के प्रमुख समाजसेवी गण सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक सम्मिलित हुए।

## परचून की दुकान से चोरी की गई सामग्री के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक परचून की दुकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के बारह अदद सरसों के तेल की बोतल व चोरी के सामान की बिक्री के कुल दो हजार आठ सौ पचास रुपये के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से एक तमंचा,एक जिन्दा कारतूस बरामद हुई है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस टीम द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार बृजेश सिंह पुत्र कन्हैया बक्श सिंह निवासी बाहापुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी व जितेन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय छेदी सिंह निवासी कौहार थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने जामातलाशी में जितेन्द्र के कब्जे से कुल डेढ़ हजार रुपया व बृजेश सिंह के कब्जे से एक हजार तीन सौ पचास रुपये,एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ तथा मोटरसाइकिल पर रखी सफ़ेद बोरी से कुल बारह अदद सरसों के तेल की बोतल बरामद हुई और बाइक संख्या यूपी 36 बी 6101 के कागज मांगने पर दिखा नही सके।

# समर कैंप में पर्यावरण संरक्षण की दी प्रेरणा अवध पब्लिक स्कूल में हुआ समापन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। अवध पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप का समापन मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता पर जागरूकता के साथ किया गया। समापन दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस एवं विश्व कछुआ दिवस की महत्ता को रेखांकित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विज्ञान संचारक लक्ष्मीकांत शर्मा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 5 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस हम सभी को यह सोचने का अवसर देता है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर कैसे जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की गई। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया और उन्हें 'प्लास्टिक हटाएं, जीवन बचाएं' का संकल्प दिलाया गया।

शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जैसे -

प्लास्टिक का उपयोग कम करें,
पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखें,
ध्वनि प्रदूषण को रोकें.....

इसके साथ ही, उन्होंने सभी को अपील की कि 5 जून को पर्यावरण दिवस के

**विज्ञान संचारक लक्ष्मीकांत शर्मा ने दिया पर्यावरण जागरूकता का संदेश**

अवसर पर सभी एक पर्यावरण-अनुकूल गतिविधि अवश्य करें और उसकी तस्वीरें साझा कर समाज में जागरूकता फैलाएं।

कार्यक्रम में जिला पर्यावरण समिति, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जारी जनहित पत्रक भी वितरित किए गए, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से जुड़ी जानकारी दी गई थी। समर कैंप की इस श्रृंखला का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल मनोरंजन ही नहीं, अपितु सामाजिक जिम्मेदारियों से भी जोड़ना रहा।

विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संकल्प दिलाया और इस तरह समर कैंप का समापन प्रेरणादायक संदेशों के साथ हुआ।

## गांव जेठापुर में बाहरवाली के चक्कर में पति ने पत्नी की पिटाई कर घर से निकाला, पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर की रहने वाली सोनी पत्नी वृजमोहन ने वुधवार 10:30 पर बताया कि उसके पति का किसी दुसरी महिला के चक्कर में उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल रहा है और दूसरी शादी करने की बात कह रहा है। पीड़िता के घर से न जाने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है और पुलिस में शिकायत करने पर आत्महत्या कर महिला के परिजनों को फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने मामले में पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## गांव शिवनगर में खेत जोतने का विरोध करने पर महिला व उसके परिजनों की पिटाई मामले में मुकदमा दर्ज

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शिवनगर की रहने वाली कुसुम लता ने बताया कि उसकी गाटा संख्या 93 पर गांव के ही अशोक सिंह,वेदपाल, जितेन्द्र सिंह, जतनपाल सिंह एक अज्ञात के साथ मिलकर महिला की कृषि भूमि को जोतने लगे विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़िता व उसके परिजनों की पिटाई कर ट्रैक्टर से मकान को क्षतिग्रस्त कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार पाँच बजे थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जाँच की जा रही हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय से पहले चिकित्सक के ओपीडी का दरवाजा बंद होने से मरीज परेशान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष डॉक्टर के भरोसे चल रहा है। इस समय वायरल फीवर की वजह से अस्पताल में मरीजों की संख्या भी बड़ रही हैं। उसके बाद भी चिकित्सकों की कमी से लोग परेशान हैं। अस्पताल खुलने का समय सुबह आठ से दो बजे तक रहता है। उसके बाद भी वुधवार 12:30 पर चिकित्सक के ओपीडी रुम नंबर आठ का दरवाजा बंद होने से मरीज वाहर गेट पर खड़े होकर गेट खुलने का इंतिज़ार कर रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जो स्वास्थ्य विभाग की लाचार व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

## पूरनपुर अलग–अलग सड़क हादसों में मासूम बच्ची सहित 9 लोग घायल, जिला अस्पताल रेफर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव बासुपुर निवासी महिला तबस्सुम पत्नी वाजिद अपनी 1 साल की बच्ची मीहानी को लेकर वुधवार लगभग 12 बजे अपने भाई मोहम्मद शमद के साथ जादौपुर गहलुइया मायके से सुसराल जा रही थी। तभी रुरिया मोड़ के पास में बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। वही दुसरे हादसों में रमाकांत, रोहित निवासी अल्हागंज शाहजहांपुर, वीर बहादुर निवासी वरोला नेपाल, राजेश निवासी रम्पुरा फकीरें, सलीम निवासी बासुपुर, आशाव पुत्र अकील निवासी जादौपुर कला घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## गांव सुंदरपुर जमीनी विवाद में महिला की पिटाई, अस्पताल में कराया भर्ती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुघंचाई थाना क्षेत्र के गांव सुंदरपुर निवासी काला सिंह ने वुधवार एक बजे बताया कि वह घर नहीं था और उसकी पत्नी पूजा कौर घर पर अकेली थी। आरोप है कि रंजिशन निर्मल सिंह व उसकी पत्नी संगीता कौर ने गोरखा सिंह की मदद से उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। धारदार हथियार से महिला पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई और बेहोश होकर गिर गई। जानकारी लगने पर काला सिंह घर पहुंचा और अपनी पत्नी को थाने लेकर पहुंचे जहां पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां डॉक्टर के द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है वही मामले में पुलिस से शिकायत कर उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ सड़क निर्माण कार्य बाधित करने पर मुकदमा दर्ज

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने सेमरौता हैदरगढ़ सम्पर्क मार्ग निर्माण में बाधा डालने के मामले में कार्यदायी संस्था के साइड इंजीनियर की तहरीर पर एक जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। बताते चलें कि सेमरौता से हैदरगढ़ सम्पर्क मार्ग का निर्माण इन दिनों युद्ध स्तर पर चल रहा है।

# महिला अस्पताल में डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का चुनाव हुआ संपन्न निर्विरोध अध्यक्ष बने सुशांत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। 50 शैय्या युक्त महिला चिकित्सालय में डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का द्विवर्षीय चुनाव राज्य संयुक्त कर्मचारी परिषद हसमुद्दीन के नेतृत्व में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध अध्यक्ष सुशांत कुमार हलदर चुने गए और उसके बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मौर्या, महामंत्री जितेंद्र कुमार, संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार, संगठन मंत्री राजेश कश्यप, कोषाध्यक्ष सम्पूर्णानन्द, सम्प्रेक्षक मुकेश चंद्र सभी को निर्विरोध चुना गया। इस मौके पर पहुंचे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष राज शर्मा ने सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संबोधित करते हुए हसमुद्दीन राज्य संयुक्त कर्मचारी परिषद ने सभी फार्मासिस्ट को साथ लेकर चलने और परिवार की तरह रहने की सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपील की है।

## मोहनगंज पुलिस ने गैरजनपद के स्मैक कारोबारी को पकड़ा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गैरजनपद के एक कारोबारी को पैंतीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर महेन्द्र द्विवेदी पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम डोमापुर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब तीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से दौरान तलाशी पैंतीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# श्री राम कथा में कच्छवाहा वंशियों का होगा समागम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद के पूर्वी छोर पर स्थित और चारों जनपदों में 52 गांव में फैले हुए कच्छवाहा वंशी क्षत्रियों की कुल देवी दुर्गा माता मंदिर देवनगर पिलाई कोट में कल दिनांक 29 मई से 2 जून तक 5 दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन सुनिश्चित है। कथा का आयोजन कन्हाइन समिति पिलाई कोट द्वारा किया जा रहा है। कथा का समय प्रत्येक दिन शाम 3 बजे से 7 बजे तक रहेगा। कथा के अंतिम दिन 2 जून को क्षेत्रवासियों के सहयोग से भव्य भंडारा/महाप्रसाद का आयोजन होगा। श्री श्री 108 श्री श्री निवास दास वेदांती जी के मुखारविंद से पूरे क्षेत्रवासी कुल 5 दिन श्री राम कथा का श्रवण करेंगे। 2005 में आदरणीय वेदांती जी की 54 दिवसीय कथा के उपरांत ही मंदिर का नवनिर्माण हुआ था। सभी भक्तजनों से निवेदन है कल शाम 3 बजे देवी मंदिर देवनगर पिलाई पहुंचे और प्रभु श्री राम जी के जीवन आदर्श का अनुश्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। कन्हाइन समिति के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि समय से पहुंचकर मंदिर की व्यवस्था और श्री राम कथा की व्यवस्था को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग करें।

# संविधान बचाना हर नागरिक का कर्तव्य : किशोरी लाल शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । क्षेत्र के कस्बा बहादुरपुर स्थित नैना रिसॉर्ट के सभागार में भारतीय राष्ट्रीय कंग्रेस के निर्देश पर जिला स्तरीय सविधान बचाओ अभियान की संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से पधारे वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किया गया। अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि संविधान बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है।वरिष्ठ पत्रकार सिद्धार्थ कलहंस ने कहा कि आजादी के पहले हम अंग्रेजों की प्रजा थे। महारानी विक्टोरिया हमारी रानी थी संविधान ने हमें नागरिक होने का अधिकार दिया है। हमें किसी भी हुकूमत को यह ताकत नही देनी है कि हम फिर से प्रजा हो जाएं।चिंतामणि मिश्रा ने संवैधानिक साक्षरता की बात कही उन्होंने कहा कि आजादी के पचहत्तर साल बाद भी संविधान की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक नहीं है इसके लिये जागरूकता अभियान चलना चाहिये प्रत्येक व्यक्ति को उसके कर्तव्य और अधिकार पता होने चाहिये। ब्लाक से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक संगोष्ठी आयोजित कर चौपाल लगाकर संविधान पर चर्चा हो।सेवानिवृत प्रोफ़ेसर संतलाल ने कहा कि संविधान हमें समस्त मानवीय शक्तियां प्रदान करता है। संविधान के प्रमुख खंडों को लोगों में वितरित कराया जाय जिससे कि आमजन को भी संविधान के विषय में जानकारी हो सके। शिव प्रसाद कश्यप ने कहा कि जो शक्तियां संविधान में परिवर्तन करना चाहती हैं आपके अधिकारों को खत्म करना चाहती हैं। उनसे लड़ने की आवश्यकता है आपको यह चुनना होगा कि कौन आपके साथ है कौन संविधान के साथ है इसका निर्णय वोट के माध्यम से करना होगा।

पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश में संविधान बढ़ाने की मुहिम छेड़ी है।सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कंग्रेस और हमारे नेताओं ने संविधान को हमेशा मजबूती प्रदान की है। संविधान में जब संशोधन की भी आवश्यकता पड़ी तो उसे जनता के अनुरूप किया गया।आज विरोधी शक्तियां संविधान को बदलकर संस्थाओं को नष्ट करने का प्रयास कर रही हैं। हमारे नेता राहुल गांधी पूरे देश में संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस देश को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं हम सब उनकी इस लड़ाई में एक सिपाही की तरह हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम आज इस लड़ाई में हिस्सा नहीं लेंगे तो आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगे कि हमारे पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई लड़ी। इसलिये आज हम लोग

**अमेठी संविधान बचाओ अभियान में ख्याति प्राप्त विद्वानों का सांसद ने जताया आभार**

आराम से हैं। इसी तरह हमें आने वाली पीढियो के लिए संविधान बचाने की लड़ाई को दूसरा स्वत्रंतता संग्राम मान कर लड़ना होगा। कंग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने आये हुए अतिथियों और कंग्रेस जनों का स्वागत कर बंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।संगोष्ठी समापन पर नगर पालिका परिषद जायस की अध्यक्ष मनीषा चौहान ने आभार जताया है। कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह के साथ ही संचालन त्रियुगी नारायण तिवारी ने किया।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मुईद अहमद,पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, धर्मराज बहेलिया, विजय पासी, शिव प्रसाद कश्यप, मोहम्मद मतीन,आई पी माली,सर्वेश सिंह,वीरेंद्र मिश्र, अनिल सिंह,सुनील सिंह, ममता पाण्डेय,गीता सिंह,तुलसी राम पासी, काशी राम पासी, त्रिभुवन भारती सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानाचार्य पर विद्यालय निर्माण सामग्री बेचने का आरोप, थाने में तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के धनपतगंज थाना क्षेत्र के मझवारा गांव स्थित कमला केशव विद्यालय से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां विद्यालय भवन निर्माण के लिए मंगाई गई लोहे की सरिया को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा कथित रूप से रास्ते में ही बेच दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

विद्यालय के संस्थापक केशव प्रसाद ने इस संबंध में प्रधानाचार्य आत्माराम के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार, विद्यालय के भवन निर्माण के लिए बुधवार को एक ट्रक के माध्यम से लोहे की सरिया मंगवाई गई थी। ट्रक जब निर्माण स्थल की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में प्रधानाचार्य आत्माराम ने उसे रोक लिया और उस पर लदी सरिया को जबरन पिकअप वाहन में लदवाकर अन्यत्र ले जाकर बेच दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही संस्थापक ने तुरंत धनपतगंज थाने में जाकर इसकी शिकायत की और आरोपित प्रधानाचार्य के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि जिस व्यक्ति पर बच्चों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है, वह खुद संस्था की संपत्ति को इस तरह हड़पने का काम कर रहा है, यह अत्यंत निंदनीय है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की बात कही है। यह मामला शिक्षा व्यवस्था में नैतिकता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी त्वरित और कठोर कार्रवाई करता है।

## बड़बोले नेता

देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता के लिए सीमा पार से मिलने वाली चुनौती का भारत ने न सिर्फ वर्तमान में बल्कि पूर्व में बखूबी जवाब दिया है। भारत बाहर से मिलने वाली हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह दृढ़ता विश्व में साबित कर दी है। देश के सामने असली दिक्कत अंदरुनी है। अंदरुनी चुनौतियां से निपटना आसान नहीं हैं, वह भी यदि ऐसी हरकतें नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाए। जिन पर हर सूरत में देश की आन-बान-शान को ऊंचा रखने की जिम्मेदारी हो, यदि वो ही निम्नस्तरीय कृत्य पर उतर आएं तो सवाल खड़े होना लाजिमी है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है। ऐसा नहीं है कि मंत्री विजय शाह ऐसा कृत्य करने वाले अकेले नेता हैं, जिनकी वजह से देश का नीचा देखना पड़ा है। ऐसा करने वाले नेता की लंबी फ़ेहरिस्त है, जिनके बिगड़े बोल से देश और समाज का सौहार्द्र प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर प्रभावित हुआ है। मध्यप्रदेश के इस मंत्री को बेशक सजा मिल जाए, इसके बाद भी बड़ा सवाल यही है कि आखिर वह कौनसी वजह है कि नेताओं की जुबान काबू में नहीं रहती। सवाल यह भी है कि वैमनस्य का जहर घोलने वाले ऐसे नेताओं के मामले में कानूनी कार्रवाई का इंतजार क्यों किया जाता है। राजनीतिक दल आगे बढ़ कर कार्रवाई की नजीर पेश क्यों नहीं करते। यदि राजनीतिक दलों ने नेताओं के लिए कोई लक्ष्मण रेखा खींची होती और उसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई निर्धारित कर रखी होती तो ऐसी नौबत नहीं आती। दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों की शह ही ऐसे नेताओं के बिगड़े बोलों के लिए जिम्मेदार है। इनकी अनदेखी करने से नेताओं में प्रलाप करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विगत चुनावों में यदि नेताओं पर दलों ने लगाम कसी होती तो ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होती। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान कई बार भाषायी मर्यादा टूटती दिख रही, किन्तु किसी भी पार्टी ने इस पर चिंता नहीं जताई और नेताओं को म्यान में रहने की हिदायतें नहीं दी। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से कार्रवाई भी की गयी, किन्तु कांग्रेस ने सुरजेवाला के खिलाफ महिलाओं की मर्यादा को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की। इसके जवाब में कंगना ने कहा कि हर महिला गरिमा की हकदार है। हालांकि, विवाद बढ़ने पर सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से पोस्ट डिलीट कर दी। चुनाव आयोग की तरफ से उन्हें नोटिस दिया गया था। कंगना रनौत भी नाम लेकर निजी टिप्पणी करने में पीछे नहीं रहीं। कंगना ने राहुल गांधी और मंडी सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह को क्रमशः 'बड़ा पप्पू और 'छोटा पप्पू कहा। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित गांधी-नेहरू परिवार को निशाना बनाया और कांग्रेस को 'एक बीमारी और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई दीमक करार दिया, जो उनके मुताबिक 2014 तक देश को खा रही थी। हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा ने रनौत को परी करार देते हुए कहा है कि लोग केवल उन्हें देखने आते हैं। प्रतिभा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कि कंगना की मां आशा रनौत ने कहा था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता ये हुस्न परी है, और ये क्या चीज है जैसी टिप्पणियां कर रही हैं और यह भूल गई हैं कि उनके घर में भी बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि एक मां होने के नाते मुझे दुख होता है और मुझे लगता है कि ऐसी टिप्पणियों से अन्य मांएं भी दुखी हो रही हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था। बिहार भाजपा के प्रमुख सम्राट चौधरी के बयान पर काफी विवाद देखने को मिला था।

## सात शव और सबसे बड़ा सवाल

**कहीं न कहीं हम सब थोड़े-थोड़े दोषी हैं। हर आत्महत्या के पीछे कोई एक कारण नहीं होता, बल्कि एक सामाजिक ढांचा होता है-जिसमें व्यक्ति आर्थिक रूप से टूटता है। भावनात्मक रूप से अकेला पड़ता है और फिर आत्मसम्मान की चादर ओढ़कर चुपचाप चला जाता है। यह घटना भी कुछ वैसी ही है। एक व्यापारी जो कभी आत्मनिर्भर था वह बैंक और साहूकारों के बोझ में दबकर खत्म हो गया। उसके बच्चे, जो दुनिया देखना चाहते थे, अपने भविष्य को ही दफ़न कर बैठे। सवाल यह भी है कि क्या कोई भी पड़ोसी, रिश्तेदार या दोस्त इतना पास नहीं था कि उसकी पीड़ा जान सके? मौन को भी अपराध समझा जाता है। हम अकसर अपराध को केवल 'किया हुआ' समझते हैं-पर सच यह है कि जो समय पर कुछ नहीं करते, वे भी अपराध में सहभागी होते हैं। अगर एक दोस्त, एक भाई, एक ग्राहक, एक पड़ोसी-समय पर एक बात भी कह देता, ''चलो, कुछ करते हैं,'' तो शायद इन सात लोगों के कीमती जीवन को बचाया जा सकता था। सोचना यह है कि क्या आत्महत्या एक विकल्प है? तो इसका उत्तर है कि नहीं, पर कभी-कभी लगती है। हमारे देश में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी कमजोरी माना जाता है।**



आखिरकार हर किसी को छोड़कर तो सब कुछ यहीं जाना है। ऐसे में यदि किसी जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए, तो हम वैसे अपराध से बच सकते हैं, जिससे प्रवीण मित्तल और उनके अपने नहीं बच सके। हरियाणा के पंचकूला में प्रवीण मित्तल और उनके परिवार के छह सदस्यों की सामूहिक आत्महत्या ने यह बड़ा सवाल सभ्य समाज के सामने खड़ा किया है। यह पंक्तियां लिखते हुए हाथ कांप रहे हैं और मन बार-बार वहीं लौट जाता है-उस बंद दरवाजे के पीछे, जहां हर उम्र की उम्मीद दम तोड़ चुकी है। उस दृश्य को केवल सामूहिक आत्महत्या कह देना एक आसान है। असल में यह एक सामूहिक सामाजिक विफलता है, जिसमें हम सब-पड़ोसी, रिश्तेदार, संस्थाएं और सरकारें कहीं न कहीं सहभागी हैं।

यह चुप्पियों की चीत्कार का है। जब कोई आत्महत्या करता है, तो वह सिर्फ जीवन नहीं खोता, वह समाज से हार जाता है। वह संकेत देता है कि उसने बहुत पुकारा, बहुत झेला, बहुत सहा... और फिर थककर खामोशी चुन ली। प्रवीण मित्तल और उनका परिवार भी शायद चुप नहीं था, बस उनकी आवाजों को हमने अनसुना कर दिया। करीबी लोग यह भी कह सकते हैं उसने कभी नहीं बताया। यह सही भी हो सकता है। मगर सोचिये, हो सकता है कि शायद इसलिए नहीं बताया कि हर बार जब वह टूटा तो हम सब अपने-अपने मोबाइलों में व्यस्त थे। शायद इसलिए नहीं बताया कि गरीबी, कर्ज, और विफलता को अब भी हम शर्म से जोड़ते हैं, सहानुभूति से नहीं।

कहीं न कहीं हम सब थोड़े-थोड़े दोषी हैं। हर आत्महत्या के पीछे कोई एक कारण नहीं होता, बल्कि एक सामाजिक ढांचा होता है-जिसमें व्यक्ति आर्थिक रूप से टूटता है। भावनात्मक रूप से अकेला पड़ता है और फिर आत्मसम्मान की चादर ओढ़कर चुपचाप चला जाता है। यह घटना भी कुछ वैसी ही है। एक व्यापारी जो कभी आत्मनिर्भर था वह बैंक और साहूकारों के बोझ में दबकर खत्म हो गया। उसके बच्चे, जो दुनिया देखना चाहते थे, अपने भविष्य को ही दफ़न कर बैठे। सवाल यह भी है कि क्या कोई भी पड़ोसी, रिश्तेदार या दोस्त इतना पास नहीं था कि उसकी पीड़ा जान सके? मौन को भी अपराध समझा जाता है। हम अकसर अपराध को केवल 'किया हुआ' समझते हैं-पर सच यह है कि जो समय पर कुछ नहीं करते, वे भी अपराध में सहभागी होते हैं। अगर एक दोस्त, एक भाई, एक ग्राहक, एक पड़ोसी-समय पर एक बात भी कह देता, ''चलो, कुछ करते हैं,'' तो शायद इन सात लोगों के कीमती जीवन को बचाया जा सकता था। सोचना यह है कि क्या आत्महत्या एक विकल्प है? तो इसका उत्तर है कि नहीं, पर कभी-कभी लगती है। हमारे देश में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी कमजोरी माना जाता है। आर्थिक संकट को 'कर्मों की सजा' समझ लिया जाता है। और मदद मांगना तो जैसे अपराध है। एक खुद्दार व्यक्ति जब हार मानता है, तो इसका मतलब है कि उसने हिम्मत नहीं हारी, बल्कि समाज से उम्मीद ही छोड़ दी। सवाल यह भी है कि क्या इस परिवार को आत्महत्या से रोका जा सकता था? इसका जवाब है-हां। बिल्कुल-हां। इस हां के नेपथ्य में कहा जा सकता है कि अगर सरकारी योजनाएं ठीक से काम कर रही होतीं। अगर कर्ज माफी की प्रक्रिया मानवीय होती। अगर पड़ोसियों में संवेदना होती। अगर कोई रिश्ता इतना सजीव होता कि दरवाजा खटखटा देता। इसलिए आप सबसे आग्रह है कि संवेदनशील बनें। अगली बार जब कोई चुप हो, तो उसका हाल जरूर पूछें। यह जरूरी नहीं कि आप लाखों रुपये दें पर एक कंधा, एक बात, एक रास्ता बहुत बड़ा सहारा हो सकता है। यह भी कि संकट में अपनों को न छोड़ें, जब कोई तकलीफ में हो, तो उससे दूरी न बनाएं। यही वो समय होता है जब सबसे अधिक साथ की जरूरत होती है। सरकार और प्रशासन से मांग करें कि आत्महत्या की घटनाओं की सिर्फ जांच न हो। उनसे सबक लेकर सामाजिक सुरक्षा ढांचा और मजबूत किया जाए। अपने बच्चों को सिखाएं कि हार इनसान को नहीं, इनसान हार को बदल सकता है। इस घटना का दूसरा पहलू बेहद आपत्तिजनक है। वह यह है कि मीडिया ने इसे खूब चलाया। खूब भुनाया। हर चैनल पर हेडलाइन थीऽ सात लोगों की सामूहिक आत्महत्या से हड़कंप। सुसाइड नोट में लिखी दर्दनाक बातें। सवाल है कि क्या मीडिया ने इसे मानवीय संकट की तरह देखा, या टीआरपी का मौका खोजा? इस परिघटना को सनसनीखेज बनाना बहुत आसान है, पर यह समझना जरूरी है कि किसी की मौत को खबर बनाना नहीं, किसी की जिंदगी को बचाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। मीडिया को चाहिए कि वह ऐसी घटनाओं को नीतिगत बदलाव, सामाजिक सुधार और मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता की दिशा में ले जाए ना कि केवल एक रोचक सामग्री की तरह पेश करे।

हर आत्महत्या के बाद एक अहम सवाल हमारे सामने होता है अब क्या? अब रोने से कुछ नहीं बदलेगा। अब अफसोस से आत्मग्लानि मिटेगी नहीं। अब समय है कि हम अपने-अपने जीवन के छोटे-छोटे दायरों में सजीव संवेदनशीलता को वापस लाएं। हर पड़ोसी, हर दोस्त, हर रिश्तेदार-अब एक वचन लें-मैं किसी अपने को यूं अकेला नहीं मरने दूंगा। आज, जब हम इस त्रासदी के बाद दुखी हैं तो एक सवाल हमारे सामने खड़ा है-क्या हम अगली प्रवीण मित्तल कहानी को होने से रोक पाएंगे? जवाब है शायद हां। यकीन न हो तो अपने जीवन में थोड़ा ठहराव लाएं। रिश्तों को केवल औपचारिकता नहीं, संवेदना का माध्यम मानें। और यह मान लें कि कि चुप रहना भी एक किस्म का अपराध है। इसलिए इस बार मोमबत्तियां नहीं जलाइए। एक संकल्प लीजिए- किसी अपने को इस कदर टूटने नहीं दूंगा कि वो मौत को गले लगाने का विकल्प चुने। इसलिए अंत में प्रार्थना नहीं, प्रतिज्ञा करें कि अगली बार कोई प्रवीण मित्तल नहीं मरेगा। कोई बच्चा जहर नहीं निगलेगा। कोई भी मां अपनी आंखों से अपने सपनों को फांसी पर झूलते नहीं देखेगी। और अगर फिर भी यह सब न कर सकें तो ईश्वर के लिए कम से कम इतना जरूर करें-चुप न रहें। प्रियंका सौरभ

## अंदरूनी हालात से परेशान पाकिस्तान

**राजेश कुमार**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को एक महीने से अधिक समय बीत चुका है। इस आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान एवं उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों पर हमले हवाई हमले किए। इसके बाद दोनों देशों में सैन्य झड़प शुरू हो गई जिसमें भारत ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकाने तबाह कर दिए। हालात खतरनाक स्तर तक पहुंचे इससे पहले दोनों देश किसी तरह युद्ध विराम पर सहमत हो गए। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आतंकवाद किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यानी भारत ने पाकिस्तान के लिए एक स्पष्ट लकीर खींच दी है। हालांकि, एक बड़ा सवाल यह है कि भारत की कार्रवाई से क्या पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने से पीछे हटेगा और कितने समय तक?

सुरक्षा विश्लेषकों ने पहलगाम हमले के पीछे कई संभावित कारण गिनाए हैं। उनके अनुसार जम्मू-कश्मीर में अमन-चैन की बहाली में बाधा डालने के साथ ही पाकिस्तान संभवतः बाह्य और आंतरिक कारणों से भी भारत के साथ तनाव बढ़ाना चाह रहा था। वैश्विक मामलों में पाकिस्तान की कोई व्यावहारिक भूमिका नहीं रह गई है इसलिए उसने कश्मीर का मुद्दा उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश की। अंदरूनी स्तर पर भारत के साथ तनाव बढ़ाने से पाकिस्तान के नागरिक एवं सैन्य प्रशासन को लोगों का समर्थन हासिल हो सकता है। याद रहे कि इमरान खान सरकार को अस्थिर करने और मौजूदा सरकार को सत्ता पर काबिज कराने में पाकिस्तान की सेना की अहम भूमिका रही है। पाकिस्तान बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है मगर इसकी सबसे बड़ी समस्या सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था है। तो भारत के साथ तनाव बढ़ाकर इस गंभीर समस्या से लोगों का ध्यान हटाना भी पाकिस्तान का एक मकसद हो सकता है। ज्यादातर विश्लेषक पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को अधिक महत्त्व नहीं देते हैं इसलिए एक वृहद आकलन के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़े और विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित सामग्री ही ठोस विकल्प बचते हैं। पाकिस्तान काफी हद तक आईएमएफ की मदद पर आधारित है। आईएमएफ ने हाल में पाकिस्तान को कर्ज देने संबंधी शर्तें कड़ी कर दी हैं। पाकिस्तान पर आईएमएफ की रिपोर्ट, 2024 में कहा गया है, 'पाकिस्तान के साथ जुड़े जोखिम और इसके समक्ष चुनौतियां बेहद गंभीर बनी हुई हैं। कठिन कारोबारी माहौल, कमजोर शासन और कारोबार एवं उद्योग जगत में सरकार का आवश्यकता से अधिक हस्तक्षेप निवेश को प्रभावित करता है। पाकिस्तान में करदाताओं की संख्या एवं कर राजस्व कर में पारदर्शिता लाने, राजकोषीय मजबूती सुनिश्चित करने और सामाजिक एवं विकास संबंधी खर्चों की रकम जुटाने के लिए काफी नहीं है। इस रिपोर्ट में ढांचागत चुनौतियों का भी जिक्र किया गया है। इसमें आगे कहा गया है, '1980 में पाकिस्तान में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (क्रय शक्ति समानता या पीपीपी के संदर्भ में) कई क्षेत्रीय प्रतिस्पर्द्धी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक था मगर तब से वहां जीवन स्तर लगातार गिरता रहा है।' यह पाकिस्तान में बदलती प्राथमिकताओं की तरफ संकेत है। इस अवधि में पाकिस्तान ने भारत और अन्य देशों में आतंकवाद को बढ़ावा देना शुरू कर दिया। विश्व बैंक द्वारा हाल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में भी पाकिस्तान को लेकर ऐसी ही बातों का जिक्र है। इस प्रकाशन के कार्यकारी सारांश के शुरुआती वाक्य में इस बात का बखूबी जिक्र किया गया है, 'पिछले कई दशकों में कमजोर एवं अनिश्चित विकास दर एवं कम निवेश के बाद पाकिस्तान अपने प्रतिस्पर्द्धियों की तुलना में प्रमुख मानकों पर पिछड़ गया है।' सामाजिक-आर्थिक स्थिति का एक स्पष्ट संकेतक पाकिस्तान में जन्म दर है, जो प्रति महिला 3.4 है। दक्षिण एशिया में यह सर्वाधिक दर है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, 'पिछले कुछ वर्षों से वृहद आर्थिक हालात के कुप्रबंधन से राजकोषीय एवं बाह्य अंसतुलन, कर्ज के बढ़ते बोझ और बाहरी सुरक्षा में ह्रास की स्थिति पैदा हो गई है।' पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा की दशा गंभीर हैं। इसके पास जितनी विदेशी मुद्रा बची है उनसे केवल दो महीने तक आयात किया जा सकता है। वृहद आर्थिक हालात के प्रबंधन के लिहाज से बात करें तो मुद्रास्फीति दर जरूर कुछ कम हुई है मगर 2022-23 में उपभोक्ता कीमतें लगभग 30 फीसदी और उसके अगले साल लगभग 23 फीसदी बढ़ गई थीं।

### सेहत मंत्र

## सिर्फ बादाम ही नहीं भीगी मूंगफली खाने के भी है ढेरों स्वास्थ्य लाभ

अक्सर आपने बादाम भिगोकर खाने के फायदों के बारे में सुना होगा और बच्चों का दिमाग तेज करने के लिए भी सुबह उन्हे भीगे बादाम खाने की सलाह दी जाती है, जो बिल्कुल सही है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि मूंगफली को भिगोकर खाने से भी आप कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। जी हां, यदि आप नियमित रूप से भिगोई हुई मूंगफली खाते हैं तो ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है और पेट की समस्याओं से भी निजात मिलती है। यदि आपको गैस और एसिडिटी की परेशानी है तो नियमित रूप से भिगोई हुई मूंगफली के सेवन से आपको आराम मिलेगा। मूंगफली में पोटेशियम, मैग्नीज, कॉपर, कैल्शियम, आयरन और सेलेनियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। सुबह खाली पेट भीगी हुई मूंगफली खाने से गैस और एसिडिटी की समस्या से राहत मिलती है। जिन लोगों को जॉइंट पेन और कमर दर्द की शिकायत है उनके लिए भी यह फायदेमंद है। दरअसल, मूंगफली शरीर में कैल्शियम की कमी को भी दूर करती है। रोजाना मूंगफली के करीब 20 दानों को भिगोकर खाने से महिलाओं में कैंसर का खतरा कम होता है। मूंगफली में एंटीऑक्सीडेंट, आयरन, नियासिन, फोलेट, कैल्शियम और जिंक होता है जो शरीर को कैंसर से लड़ने में मदद करते हैं। मूंगफली में मौजूद कुछ तत्व खांसी और भूख न लगने की समस्या को भी दूर करने में मददगार होते हैं। बादाम तो रोज खाइए ही साथ में रोजाना थोड़ी सी मूंगफली भिगोकर भी खाइए इससे आप डायबिटीज से बच सकते हैं। क्योंकि मूंगफली खाने से शरीर का ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। जिन्हें डायबिटीज है उन लोगों को 50 ग्राम मूंगफली को रातभर पानी में भिगोकर सुबह उसका सेवन करना चाहिए। इसमें फाइबर की भी भरपूर मात्रा होती है जिससे डाइजेशन सिस्टम ठीक रहता है। बच्चों को सुबह बादाम के साथ ही कुछ दाने भीगी मूंगफली के भी खिलाएं, क्योंकि मूंगफली में मौजूद विटामिन आंखों की रोशनी के साथ ही याददाशत बढ़ाने में भी मदद करते हैं। मूंगफली शरीर में खून की कमी भी दूर करती है। यदि हीमोग्लोबिन कम है तो मूंगफली का सेवन फायदेमंद होता है।

### धर्म मंत्र

## भगवान शंकर का अवतार माना है बजरंग बली हनुमान को

बजरंग बली हनुमान का जन्म भगवान श्रीराम की सहायता के लिए हुआ। हनुमान जी को भगवान शंकर का अवतार भी माना जाता है। कहा जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा के निमित्त भगवान शिव जी ने एकादश रुद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। हनुमान जी चूंकि वानर उपदेवता श्रेणी के तहत आते हैं इसलिए वे मणिकुण्डल, लंगोट व यज्ञोपवीत धारण किए और हाथ में गदा लिए ही उत्पन्न हुए थे। पुराणों में कहा गया है कि उपदेवताओं के लिए स्वेच्छानुसार रूप एवं आकार ग्रहण कर लेना सहज सिद्ध है। पुराणों के अनुसार, इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। माता अंजनी एवं पवन देवता के पुत्र हनुमान का जीवनकाल पराक्रम और श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा की असंख्य गाथाओं से भरा पड़ा है। हनुमान जी में किसी भी संकट को हर लेने की क्षमता है और अपने भक्तों की यह सदैव रक्षा करते हैं। हनुमान रक्षा स्त्रोत का पाठ यदि नियमित रूप से किया जाए तो कोई बाधा आपके जीवन में नहीं आ सकती। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करने से बड़े से बड़ा भय दूर हो जाता है। हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी के पूजन का विशेष महत्व है। हनुमान जी भक्तों से विशेष प्रेम करते हैं और उनकी हर पुकार को सुनते हैं। श्रीराम की नित उपासना करने वालों पर हनुमान जी खूब प्रसन्न रहते हैं। हनुमान जयंती के दिन हनुमानजी की पूजा विधि विधान से करनी चाहिए।

### पर्यटन



## कोलकाता में हैं तो इन जगहों का जरूर करें एक्सपीरियंस

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता भारत का दूसरा सबसे बड़ा महानगर है। कोलकाता एक अलग ऐतिहासिक, शैक्षिक व सांस्कृतिक महत्व रखता है। महलों के इस शहर को सिटी ऑफ जॉय भी कहा जाता है। इतना ही नहीं, कुछ लोग कोलकाता को पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार कहकर भी पुकारते हैं। यहां पर ऐसे कई स्थल मौजूद हैं, जो सैलानियों को आकर्षित करते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए यहां पर बहुत कुछ है। इसलिए चाहे आप सोलो ट्रेवलिंग करें या फिर फैमिली के साथ, कोलकाता आपको कभी भी निराश नहीं करेगा। तो चलिए आज हम आपको कोलकाता की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बता रहे हैं, जिनका आपको कोलकाता में रहते हुए एक बार एक्सपीरियंस जरूर करना चाहिए? कोलकाता अपने पुराने विश्व चार्म के लिए जाना जाता है और इसे अनुभव करने का सबसे अच्छा तरीका है ट्राम की सवारी करना। अंग्रेजों की विरासत, कोलकाता में ट्राम सेवा 1873 में शुरू की गई थी और आज तक चल रही है। कोलकाता ट्रामवेज एशिया में सबसे पुराना ऑपरेटिंग इलेक्ट्रिक ट्राम सिस्टम है जो 1902 से चल रहा है। कोलकाता के ट्राम को बॉलीवुड की कई फिल्मों जैसे बर्फी, कहानी और परिणिता आदि में भी दिखाया गया है। इसलिए अगर कोलकाता की यात्रा के दौरान आप शहर को एक अलग तरह से अनुभव करना चाहते हैं तो ट्राम की सवारी जरूर करें। हुगली नदी कोलकाता के प्रमुख स्थलों में से एक है। हुगली नदी में बोटिंग करने का एक अलग ही मजा है। यहां पर पर्यटकों की भारी मात्रा देखने को मिलती है। अगर आप कोलकाता में हैं तो एक शाम यहां पर बोटिंग करने का आनंद जरूर लें। लंदन चिड़ियाघर की तर्ज पर निर्मित अलीपुर प्राणि उद्यान देश का सबसे पुराना चिड़ियाघर है, जिसे 1876 में पब्लिक व्यू के लिए खोला गया। यह प्राणि उद्यान कोलकाता का एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण केन्द्र है। चिड़ियाघर न केवल पक्षियों और जानवरों के अपने विस्तृत संग्रह के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके संरक्षण गतिविधियों के लिए भी जाना जाता है। पार्क में सबसे प्रसिद्ध नमूनों में से एक अद्वैत?एक विशाल अल्दाबरा कछुआ है जो 2006 में अपनी मृत्यु तक 250 साल तक जीवित रहा था। ऐसा कहा जाता है कि अद्वैत लॉर्ड क्लाइव के समुद्री नाविकों द्वारा सेशेल्स से लाया गया था। चिड़ियाघर पक्षियों, स्तनधारियों और सरीसृपों की 1000 से अधिक प्रजातियों का घर है।

# नकली बीज बेचने के आरोपी विक्रेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी राजित राम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में बॉबी प्रजाति का खरबूजा बीज के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु उप कृषि निदेशक बाराबंकी द्वारा गठित टीम के जांचोपरान्त मेसर्स सचिन पेस्टीसाइड एवं भण्डार हसनपुर टाण्डा के विक्रेता दोषी पाये जाने पर इनके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत पुलिस थाना कोतवाली-फतेहपुर में दिनांक 08.05.2025 को जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त व्यवसायी को नकली बीज बेचने के आरोपी को जेल भेजने हेतु पुलिस को निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में पुलिस प्रशासन द्वारा सम्बन्धित विक्रेता श्री शिव कुमार को जेल भेजकर प्रकरण की जांच की कार्यवाही की जा रही है।



जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी को निर्देशित किया गया है, यदि इसमें किसी गैंग/अन्य विक्रेता की संलिप्तता पायी जाए तो उनके विरूद्ध भी ठोस कार्यवाही की जाए एवं भविष्य में किसी भी बीज बिक्री में यदि अनियमतता पायी जाए तो बीज विक्रेताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाए। जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ विक्रेताओं के विरूद्ध भी खरबूजा बीज में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है, जिनकी जांच हेतु जांच समिति गठित कराकर जांच कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अब तक जिला कृषि अधिकारी एवं अपर जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी द्वारा जनपद में कुल-64 बीज बिक्री केन्द्रों पर छापे डालकर जांच की गयी, 57 बीज के नमूने ग्रहित किये तथा अब तक 09 बीज विक्रेताओं के बीज प्राधिकार-पत्र निलम्बित किये गये तथा 14 बीज विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस निर्गत की गयी, साथ ही सम्बन्धित विक्रेताओं को कड़े निर्देश दिये गये कि अपने-अपने प्रतिष्ठान पर रेट/स्टाक बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, कृषकों को कैशेमेमो अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें, जिस पर कृषकों के हस्ताक्षर भी कराया जाए तथा उनके मोबाईल नं0 भी अंकित किया जाए। बिक्री एवं स्टाक रजिस्टर अद्यतन पूर्ण रखा जाए। जांच/निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर अथवा अनाधिकृत रूप से बीज क्रय कर बिक्री किये जाने की पुष्टि पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध बीज अधिनियम 1966, बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए वह पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा।

**डीएम ने निर्देश पर-64 बीज बिक्री केन्द्रों पर डाले गए छापे**

**57 के भरे गए नमूने, 09 विक्रेताओं के बीज प्राधिकार-पत्र निलम्बित, तथा 14 बीज विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी**

**नकली और मिलावटी बीज विक्रेताओं पर निरन्तर कार्यवाही के डीएम ने दे रखे है निर्देश**

# दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग का समापन बहनों ने दिखाया शौर्य प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी, विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित दुर्गा वाहिनी सुर प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह बुधवार देर रात भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कबीर मठ के पूज्य संत निष्ठा साहब एवं विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस प्रशिक्षण वर्ग में 25 जिलों से आई 131 दुर्गा वाहिनी की बहनों ने भाग लिया। समापन समारोह में उन्होंने दंड प्रहार, जोड़ो कराटे, राइफल शूटिंग तथा जलते हुए आग के गोले में छलांग लगाकर अद्भुत शौर्य और साहस का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से बहनों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए पूज्य संत निष्ठा साहब ने कहा, ल्लआज की पीढ़ी को अपने माता-पिता की चिंता करनी चाहिए, जैसा कि माता-पिता जीवन भर अपनी संतानों के बारे में सोचते हैं। विश्व हिंदू परिषद का यह प्रयास समाज को सही दिशा देने वाला है। वहीं, केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि हिंदू समाज को अपनी चुनौतियों पर गंभीर चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा, ल्लदुर्गा वाहिनी और बजरंग दल लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी समस्याओं के विरुद्ध निरंतर कार्यरत हैं। हमारे समाज ने संपूर्ण विश्व को विवाह संस्कार की शिक्षा दी है। सेवा और संस्कार के क्षेत्र में दुर्गा वाहिनी की भूमिका सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रामनाथ मौर्य ने की, जबकि संचालन रुचि सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप, जिला संघचालक डॉ. राम शंकर गुप्ता, जिला कार्यवाह सुधीर, विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, जिला मंत्री राहुल कुमार और नेहा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# सरकारी बताकर निजी भूमि पर मेथा की फसल जुतवाने का आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पूर्व प्रधान रामनाथ ने दर्ज कराई आपत्ति**

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी। मंझूपुर गांव में एक बार फिर राजस्व विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि राजस्व कर्मियों ने उनकी निजी भूमि को सरकारी बताकर उसमें खड़ी मेथा की फसल को जबरन जुतवा दिया। इस मामले को लेकर पूर्व ग्राम प्रधान रामनाथ की अगुवाई में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ मोहम्मद शम्स तबरेज खान को एक शिकायती पत्र सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं में प्रमुख रूप से जगपाल, अरविंद, शिवकरण, कैलाश, अमरनाथ, महादेव, चंद्रेश, पवन कुमार आदि ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व प्रशासन द्वारा बिना किसी सटीक पैमाइश के उनकी निजी भूमि को सरकारी भूमि बताकर कार्रवाई की गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है।

पूर्व प्रधान रामनाथ ने बताया कि यह कार्रवाई सुनियोजित तरीके से की गई है और इसमें राजस्व विभाग की लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने मांग की कि पुनः नायब तहसीलदार की मौजूदगी में अन्य लेखपालों की टीम से निष्पक्ष रूप से भूमि की माप कराई जाए, ताकि वास्तविकता सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो। एसडीएम मोहम्मद शम्स तबरेज खान ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि फसल को जुतवाए जाने के कारण जो आर्थिक क्षति हुई है, उसकी भरपाई भी शासन द्वारा कराई जाए।

### त्वरित न्याय एवं जनहित में कार्य करते हुए तहसीलदार महिमा मिश्रा बनीं प्रशंसा का केंद्र

रामनगर बाराबंकी तहसील क्षेत्र में तहसीलदार महिमा मिश्रा के कार्यों की प्रशंसा जनमानस द्वारा लगातार की जा रही है। उनके द्वारा किए जा रहे न्यायपूर्ण और जनकल्याणकारी फैसलों के चलते क्षेत्र में उनकी सकारात्मक छवि बनी है।

हाल ही में तहसील रामनगर के अंतर्गत ग्राम बिठौरा की निवासी धनपता पत्नी बचनलाल द्वारा प्रस्तुत एक प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार महिमा मिश्रा ने त्वरित और निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया। मामला वर्ष 2022 के एक बैनामे से संबंधित था, जिसमें गाटा संख्या 637/291 (हैक्टेयर) के 1/4 भाग में से विक्रेता गंगोत्री का नाम हटाकर खरीदार धनपता का नाम दर्ज किए जाने की मांग की गई थी। प्रकरण की समुचित जांच-पड़ताल और दस्तावेजों के अवलोकन के उपरांत तहसीलदार ने विक्रेता गंगोत्री का नाम हटाकर धनपता का नाम दर्ज करने का आदेश पारित किया, जिससे वादिनी को न्याय प्राप्त हुआ। तहसीलदार महिमा मिश्रा की निष्पक्षता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ की गई कार्यवाही की सराहना रामनगर क्षेत्र के नागरिकों द्वारा की जा रही है। आमजन का कहना है कि इस प्रकार के फैसले न केवल न्याय की उम्मीद बढ़ाते हैं, बल्कि प्रशासन के प्रति विश्वास को भी मजबूत करते हैं। जनहित में तत्परता से कार्य कर रही तहसीलदार महिमा मिश्रा अब रामनगर तहसील क्षेत्र में सुशासन और सेवा भाव की मिसाल बनती जा रही हैं।

# भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में भाजपा द्वारा निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर , बाराबंकी । नगर पंचायत जैदपुर स्थित नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज से लेकर सिद्धौर मार्ग पर स्थित संतोषी माता मंदिर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार प्रातः लगभग 6 बजे ल्लशौर्य तिरंगा यात्राङ्क का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में प्रदर्शित शौर्य और पराक्रम को समर्पित रही। यात्रा के दौरान ल्लभारत माता की जयङ्क और ल्लवंदे मातरम्ङ्क जैसे राष्ट्रभक्ति के नारों से सम्पूर्ण जैदपुर कस्बा गूंज उठा। समाजसेवी श्रीमती गायत्री जायसवाल ने यात्रा में सम्मिलित भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया।यह तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई संतोषी माता मंदिर परिसर में समाप्त हुई, जहाँ सेना के अद्वितीय साहस को नमन करते हुए समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री उपेंद्र सिंह रावत ने संबोधित करते हुए कहा, ल्लप्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि हम ऐसी सज़ा देंगे जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर भारतीय सेना ने अपने शौर्य का परिचय दिया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम उन सैनिकों को सम्मान प्रेषित कर रहे हैं, जो सीमाओं पर सतत प्रहरी की भांति तैनात हैं और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। राम गोपाल यादव के एक विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री रावत ने कहा, अच्छी बातों की सराहना करना समाज और राजनीति दोनों की जिम्मेदारी है। कोरोना काल के दौरान जब वैक्सीन को लेकर अनेक भ्रांतियाँ फैलाई जा रही थीं, तब श्री मुलायम सिंह यादव ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए सबसे पहले टीका लगवाया था। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री उपेंद्र सिंह रावत के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री संजय अवस्थी, श्री प्रमोद गोस्वामी, हरख मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरिता वर्मा, जैदपुर मंडल अध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश द्विवेदी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीतू रावत, महामंत्री श्रीमती शांति देवी, मौथरी बूथ अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र वर्मा, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष श्री अर्जुन कश्यप, श्री राम विलास वर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत रहे उपस्थित**

### नकाबपोश बदमाशों का तांडव असलहों के बूते लाखों की लूट

निंदूरा बाराबंकी। फतेहपुर सर्किल के थाना बड्डूपुर क्षेत्र के शैलीकीरतपुर गांव में मंगलवार रात नकाबपोश असलहाधारी बदमाशों ने जमकर लूटपात की।लूटपात दौरान बदमाशों ने एक ही गांव के चार घरों को निशाना बनाया और असलहे के दम पर लाखों की लूट की। गांववासी 80 वर्षीय राम प्रकाश मिश्रा बताते है कि रात करीब एक बजे दो लोग घर में दाखिल हुए।उनमें से एक ने मेरे ही अंगौछे से अपना मुंह ढक लिया और एक मुझपर असलहा लगाता है जिसके बाद वह करीब 50 लीटर मेंथा तेल और पोते के बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सामान को ले उड़े।दूसरे भुक्तभोगी नंद किशोर मिश्रा बताते है कि रात में उन्हें पड़ोसी के वहां हुई चोरी की सूचना मिली। देखने बाहर निकले वापस अंदर आए तो अपने ही घर में ताले टूटे हुए और सामान बिखरा पड़ा है।नंदकिशोर के मुताबिक चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुएऔर दो कमरों में रखे बाक्स व अलमारी का ताला तोड़कर सोने कीमती जेवरात और डेढ़ लाख नगदी समेत करीब आठ लाख का सामन लूट ले गए। तीसरे भुक्तभोगी निर्मल कुमार मिश्रा बताते है कि दरवाजे की कड़ी काटकर चोर घर में दाखिल हुए और वह जिस कमरे में सो रहे थे उसे बाहर से चोरों ने बंद कर लिया।

# राम केवल का हौसला बढ़ाने पहुंचे सांसद तनुज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकास खंड बनीकोडर के गांव निजामपुर मजरे अहमदपुर के निवासी राम केवल रावत ने हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो कि गांव के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। राम केवल को बाराबंकी के युवा सांसद तनुज पुनिया और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सक्रिय तेज तर्रार सदस्य अब्दुल्लाह शेर खान ने राहुल गांधी के पत्र के साथ राम केवल को सम्मानित कर माता पिता को बधाई दी। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि यह उपलब्धि निजामपुर के लिए गर्व की बात है और राम केवल की मेहनत और लगन का परिणाम है।राम केवल की पूरी पढ़ाई का खर्चा कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाया जाएगा। राम केवल ने सांसद से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने की इच्छा व्यक्त की।इस मौके पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन,ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. भास्मा प्रसाद मिश्र, जिला सचिव मनीष रावत,वरिष्ठ कांग्रेस नेता आसिफ मुन्ना शाहिद कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



### शौच गया ग्रामीण की ट्रेन से कटकर मौत

बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली का मजरा फुलवारी लखनऊ से अयोध्या जाने वाली डबल रेलवे लाइन के किनारे स्थित है इस मजरे मे ज्यादातर दलित समाज के लोग रहते है जो शौच आदि के लिए रेलवे लाइन को पार कर जाते है बीती रात्रि फुलवारी निवासी 28 वर्षीय संदीप कपिल रेलवे लाइन पार कर शौच के लिए जा रहा था इसी दौरान बंदे भारत ट्रेन आ गयी जिसकी चपेट मे आने से संदीप बुरी तरह कट गया जिसकी मौक़े पर ही मौत हो गयी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक संदीप के तीन बच्चे हैं। जिसमे दो बेटियां माही और रितिक तथा एक बेटा वेदांत। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### लावारिस हाल मिली बाइक

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र मुस्तफा बाद गांव के निकट शारदा नहर पटरी के किनारे बुधवार को झाड़ियों में एक बाइक लावारिस हाल मिली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस बाइक को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि नंबर के आधार पर बाइक देवा के विशुनपुर की है।देवा के साथ आसपास थानों को मामले की जानकारी दे गई है।

### खरबूजा बीज में धोखाधड़ी, कृषि अधिकारी से शिकायत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम एंडौरा निवासी किसान संजय सिंह ने जिला कृषि अधिकारी को शिकायत पत्र देकर बीज विक्रेता अवध एजेंसी पर धोखाधड़ी अभद्र व्यवहार व मारपीट के आरोप लगाए हैं।संजय का कहना है कि उन्होंने 2.51 लाख के खरबूजे और तरबूज के बीज खरीदे थे लेकिन खराब गुणवत्ता के कारण फसल बर्बाद हो गई जिससे उन्हें ?4 लाख का नुकसान हुआ।जब वे दुकानदार से क्षतिपूर्ति की मांग करने गए तो उन्हें गालियाँ देकर धमकाया गया और भगा दिया गया।इस मामले में प्रार्थनापत्र के साथ 26 अन्य किसानों के पत्र भी संलग्न किए गए हैं और दोषियों के खिलाफ जांच व कार्रवाई की मांग की गई है।

### तालाब में मिला युवती का शव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । असंद्रा थाना अंतर्गत सिद्धौर कस्बे के ब्लाक मोड़ के पास तालाब में एक 23 वर्षीय विवाहिता का शव बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची सिद्धौर चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।मृतका की पहचान सिद्धौर नगर पंचायत के पश्चिम कटरा वार्ड निवासी छोटेलाल की करीब 23 वर्षीय विवाहिता पुत्री निशा के रुप में हुई। बताया जाता है कि मृतका का विवाह बीते मार्च माह में ही हुआ था। और वो मानसिक रुप से परेशान रहती थी।

# शिवा योग पीठम आश्रम पर भक्तों की भीड़, भंडारा में छका भक्तों ने भोजन प्रसाद, सुंदरकांड पाठ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित शिवयोग पीठम आश्रम परिसर बजरंगबली के भक्तों से गुलजार हुआ। स्वामी चेतनानंद जी परमहंस के नतृत्व में महाराजाधिराज हनुमानज महाराज का गुणगान यहां हो रहा है। नगरवासी तथा पास पड़ोस से आए हनुमान भक्त यहां सुंदरकांड पाठ में सम्मिलित होते हैं।

रामनगरः मंगलवार किन्नर गुरु ललिता तिवारी के नेतृत्व में उनके शिष्यों द्रावारा मनगर बस स्टेशन परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया। पिछले वर्ष भी इनके द्वारा यहां पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।ललिता के साथ कमलेश गुरु, ऋषि तिवारी, रमेश ने अपने साथियों के साथ प्रसाद वितरण में सहयोग किया। इसी क्रम में लोधेश्वर महादेवा में रामपाल ,डॉक्टर पंकज, शिव शंकर ,विश्राम यादव सहित अनेक लोगों ने प्रसाद के रूप में बूंदी को विचरण किया ।डॉक्टर लक्ष्मी शंकर तिवारी और विजय तिवारी ने अपनी दुकान के सामने भंडारे का आयोजन किया। वहीं पर लोधौरा गांव के ग्राम प्रधान अजय तिवारी, अनिल शास्त्री, बृजेश शुक्ला ,चंद्रोदय अवस्थी, भोला सिंह ,आरपी त्रिपाठी, वीरेंद्र पुजारी ने अपने साथियों के साथ सुंदरकांड का विधि विधान से पाठ किया ।उसके बाद सभी लोगों ने प्रसाद आदि का वितरण किया ।रामनगर निवासी मंगलू सोनी ने लोधेश्वर महादेवा में स्थित हनुमान मंदिर पर पंडित रमेश अवस्थी के नेतृत्व में शरबत का आयोजन किया। भीषण गर्मी में शरबत पीकर लोगों ने आनंद का अनुभव किया तथा शंकर भगवान और बजरंगबली का जयकारा लगाया। रामनगर स्थित पक्के तालाब हनुमान मंदिर पर प्रसाद का वितरण किया गया।





सिद्धौरः ब्लाक क्षेत्र के हाजीपुर में प्रधान अमर बहादुर वर्मा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जहां व्यवस्थाओं को व्यवस्थित व देखभाल करने में सूरज वर्मा ,एडवोकेट दिवाकर सिन्हा, संतोष कुमार, सचिन कुमार आदि रहे। सुसवाई गांव में चंद्रेश कुमार रावत, आदि द्वारा स्टाल लगाकर हनुमत प्रसाद का वितरण किया गया।इसी तरह कस्बा सिद्धौर , भिटौरा लखन चौराहा सहित ग्रामीण अंचलों में समाज सेवियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कहीं छोला चावल, सर्बत, बूंदी , पूड़ी सब्जी आदि का वितरण किया गया।जिसका लोगों ने खूब आनंद लिया।और राम हनुमान आदि देवी देवताओं के जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय रहा।

मसौली बाराबंकी। जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को हनुमान मंदिर एव प्रतिष्ठानो पर जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

कलयुग में एक हो देव तुम्ही, हनुमान तुम्हारा क्या कहना के जैसे भक्तिमय गीतों के साथ मंगलवार को समूचा क्षेत्र बजरंग बली की पूजा अर्चना में डूबा रहा। हनुमान जी की कृपा पाने के लिये सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ और फिर हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। ग्राम बड़ागांव स्थित कायस्थ समाज द्वारा आयोजित विशाल भंडारे मे सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौक़े पर सुबोध कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, प्रदीप वर्मा, पंकज वर्मा, मास्टर सुरजन यादव, मतीन अंसारी, राकेश कश्यप, संदीप कुमार गुप्ता, अरुण कुमार नाग सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे इसी क्रम मे बेचूलाल रावत के यहां सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

मसौली : कलयुग में एक हो देव तुम्ही, हनुमान तुम्हारा क्या कहना। ग्राम बड़ागांव स्थित कायस्थ समाज द्वारा आयोजित विशाल भंडारे मे सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौक़े पर सुबोध कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, प्रदीप वर्मा, पंकज वर्मा, मास्टर सुरजन यादव, मतीन अंसारी, राकेश कश्यप, संदीप कुमार गुप्ता, अरुण कुमार नाग सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे इसी क्रम मे बेचूलाल रावत के यहां सुंदरकांड का आयोजन किया गया।





**इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप:**

# इंडियन वॉरियर्स ने किया धमाकेदार आगाज़ अफ्रीकन लायंस को 7 विकेट से हराया

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) के पहले दिन का आगाज़ बेहद रोमांचक अंदाज़ में हुआ। मंगलवार रात उद्घाटन मुकाबले में शिखर धवन की इंडियन वॉरियर्स ने अफ्रीकन लायंस को 7 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की।



अफ्रीकन लायंस ने रखा था 195 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीकन लायंस ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। टीम के लिए शेखर सिरोही ने सिर्फ 26 गेंदों पर 65 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक शॉट्स देखने को मिले। अंतिम ओवरों में शिवम शर्मा ने 14 गेंदों में 24 रन जोड़कर स्कोर को मजबूती दी। धवन-पांचाल की ओपनिंग साझेदारी ने रखी जीत की नींव 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडियन वॉरियर्स की शुरुआत तूफानी रही। शिखर धवन और कप्तान प्रियांक पांचाल ने पहले छह ओवर में ही 67 रन जोड़ दिए। हालांकि सातवें ओवर में टीम ने दो विकेट खो दिए, लेकिन इसके बाद पारी को पवन नेगी और केदार देवधर ने संभाला।

नेगी-देवधर की साझेदारी ने दिलाई 15 गेंद पहले जीत

वॉरियर्स की जीत में केदार देवधर ने 39 गेंदों में 60 रन और पवन नेगी ने 28 गेंदों में 57 रन की शानदार पारियां खेलीं। कप्तान पांचाल ने भी 17 गेंदों में तेज़ 38 रन बनाए। इन तीनों की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने 15 गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# सिंगापुर ओपन 2025 : सत्विक-चिराग की जोड़ी अंतिम 16 में, लक्ष्य सेन चोट के कारण बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। सिंगापुर ओपन 2025, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट में बुधवार को भारत के सत्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष डबल्स के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के मुहम्मद हाइकाल और चूंग हॉन जियान को 21-16, 21-13 से सिर्फ 37 मिनट में मात दी। मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर और रुत्विका गड्डे ने अमेरिका की चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट को 21-16, 21-19 से 35 मिनट के राउंड ऑफ 32 मैच में हराया। इससे पहले लक्ष्य सेन को अपने राउंड ऑफ 32 मुकाबले के दौरान चोट लगने के कारण मैच छोड़ना पड़ा। उनका मुकाबला ताइवान के लिन चुन-यी से था। मुकाबले में निर्णायक गेम के दौरान स्कोर 21-15, 17-21, 5-13 था जब लक्ष्य मैच से हटे। महिला डबल्स में अमृता प्रमुथेश और सोनाली सिंह को जापान की दूसरी सीडेड जोड़ी, नामी मात्सुयामा और चिहारू शीदा से वॉकओवर मिला।आकार्शी कश्यप और उन्नति हूडा दोनों ने शुरूआती गेम तो जीता, लेकिन बाद में चीन की उच्च रैंकिंग वाली विपक्षी खिलाड़ियों के सामने हार गईं। आकार्शी 21-17, 13-21, 7-21 से तीसरी सीड हान यू के हाथों हार गईं, जबकि उन्नति 21-13, 9-21, 15-21 से दूसरी सीड वांग झी यी से पराजित हुईं।



# संक्षिप्त समाचार

## गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को हैमस्ट्रिंग की चोट के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया है। यह सीरीज 29 मई से शुरू होगी, लेकिन इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि एटकिंसन की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया जाएगा। एटकिंसन को यह चोट हाल ही में नॉटिंघम में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान लगी थी। इस मैच में उन्होंने कुल 19.2 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए थे। उनकी चोट इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी में एक और बड़ा झटका है, क्योंकि इससे पहले जोफ्रा आर्चर भी इसी सीरीज से बाहर हो चुके हैं। इंग्लैंड टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि एटकिंसन 20 जून से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे। इस सीरीज में हैरी ब्रूक पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम की कमान बतौर स्थायी कप्तान संभालेंगे। तीनों वनडे मुकाबले क्रमशः 29 मई (बर्मिंघम), 1 जून (कार्डिफ) और 3 जून (ओवल, लंदन) को खेले जाएंगे।

## पटियाला के राजपुरा में दीवारों पर लिखे मिले खालिस्तानी नारे

चंडीगढ़ । पंजाब के पटियाला जिले के अंतर्गत राजपुरा में दीवारों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे होने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने ली है। बुधवार को राजपुरा में दीवारों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे होने की सूचना पर पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंच कर उन नारों को मिटवा दिया। दीवार पर खालिस्तान समर्थन में नारे लिखवाने की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने ली है। पन्नू ने एक वीडियो जारी कर दावा किया है कि युवाओं ने आज खन्ना इकलोहा शिव मंदिर और राजपुरा रेलवे स्टेशन के पास खालिस्तान समर्थन में नारे लिखे हैं। वीडियो में उनसे आरोप लगाया कि जून 1984 की घटना के पीछे संविधान है। पन्नू ने भिंडरावाले की शहादत की याद में 6 जून को धर्म स्थलों की लाइट रात सात बजे से दस बजे तक बंद रखने की अपील की है। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पन्नू ने कहा है कि पंजाब का हिंदू पंजाब का खाता है। वफादारी पंजाब से करके दिखानी है।

## ट्राई ने छह गीगाहर्ट्ज, ई एवं वी बैंड में स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए जारी किया परामर्श पत्र

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने बुधवार को निचले 6 गीगाहर्ट्ज, 7 गीगाहर्ट्ज, 13 गीगाहर्ट्ज, 15 गीगाहर्ट्ज, 18 गीगाहर्ट्ज, 21 गीगाहर्ट्ज बैंड, ई-बैंड और वी-बैंड में माइक्रोवेव स्पेक्ट्रम के आवंटन पर परामर्श पत्र जारी किया है। संचार मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि ट्राई ने निचले 6 गीगाहर्ट्ज, 7 गीगाहर्ट्ज, 13 गीगाहर्ट्ज, 15 गीगाहर्ट्ज, 18 गीगाहर्ट्ज, 21 गीगाहर्ट्ज बैंड के साथ-साथ ई एवं वी बैंड में स्पेक्ट्रम के आवंटन पर बुधवार को परामर्श पत्र जारी किया है। ट्राई ने टिप्पणियों के लिए अंतिम तारीख 25 जून तथा जवाबी टिप्पणियों के लिए अंतिम तिथि 9 जुलाई तय की है। नियामक ने कहा, ''6 गीगाहर्ट्ज (निम्न), 7 गीगाहर्ट्ज, 13 गीगाहर्ट्ज, 15 गीगाहर्ट्ज, 18 गीगाहर्ट्ज, 21 गीगाहर्ट्ज बैंड, ई-बैंड और वी-बैंड में स्पेक्ट्रम के आवंटन पर जारी परामर्श पत्र हितधारकों से टिप्पणियां तथा जवाबी टिप्पणियां मांगने के लिए नियामक की वेबसाइट पर उपलब्ध है। दूरसंचार विभाग (डॉट) ने 12 अगस्त, 2022 के एक पत्र के जरिए ईएंडवी बैंड तथा माइक्रोवेव एक्सेस (एमडब्ल्यूए) के साथ-साथ उक्त आवृत्ति बैंड में माइक्रोवेव बैकबोन (एमडब्ल्यूबी) स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए सिफारिशें प्रदान करने के लिए ट्राई से संपर्क किया था। इसके बाद ट्राई ने ईएंडवी बैंड में स्पेक्ट्रम के आवंटन तथा माइक्रोवेव एक्सेस (एमडब्ल्यूए) और माइक्रोवेव बैकबोन (एमडब्ल्यूबी) पर एक परामर्श पत्र जारी किया है, ताकि इस विषय पर हितधारकों की टिप्पणियां मांगी जा सकें। इस बीच दिसंबर, 2023 में दूरसंचार अधिनियम, 2023 लागू किया गया। दूरसंचार सेवाओं के लिए रेडियो 'बैकहॉल' के संबंध में दूरसंचार अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के मद्देनजर ट्राई ने फरवरी, 2024 में एक पत्र के जरिए बताया कि दूरसंचार विभाग अपने 2022 के संदर्भ की समीक्षा कर सकता है। ट्राई ने कहा, ''दूरसंचार विभाग ने इसके जवाब में 13 सितंबर, 2024 को नए संदर्भ पत्र के माध्यम से ट्राई की इस टिप्पणी से सहमति व्यक्त की थी कि बैकहॉल स्पेक्ट्रम, दूरसंचार अधिनियम 2023 की पहली अनुसूची का हिस्सा है और इसके लिए 'असाइनमेंट' पद्धति प्रशासनिक होगी। साथ ही ट्राई से ट्राई अधिनियम 1997 की धारा 11(1)(ए) के तहत सिफारिशें प्रदान करने का अनुरोध किया था। मंत्रालय ने कहा कि माइक्रोवेव स्पेक्ट्रम के आवंटन पर एक परामर्श पत्र ट्राई की वेबसाइट पर हितधारकों से टिप्पणियों के लिए आमंत्रित की गई हैं। टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां, इलेक्ट्रॉनिक रूप में पर भेजी जा सकती हैं।

## पंजाब में कोरोना की दस्तक, सरकार ने जारी किया अलर्ट

चंडीगढ़। पंजाब में कोरोना के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सभी अस्पतालों में उचित प्रबंध किए जा रहे हैं। अस्पतालों में टेस्टिंग भी बढ़ा दी गई हैं।



# ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# असम में 'फर्जी मुठभेड़ों' की स्वतंत्र जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने असम में फर्जी पुलिस मुठभेड़ों के आरोपों की स्वतंत्र और समयबद्ध जांच करने के लिए बुधवार को असम मानवाधिकार आयोग (एएचआरसी) को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा में मानवाधिकार आयोगों के संवैधानिक महत्व को रेखांकित करते हुए एएचआरसी की निष्पक्ष रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की क्षमता पर पूरा विश्वास व्यक्त किया और उसे यह संवेदनशील जिम्मेदारी सौंपी।

पीठ ने यह निर्देश असम के एक अधिवक्ता आरिफ मोहम्मद यासीन जवादर की याचिका पर दिया, जिसमें राज्य में व्यापक रूप से न्यायेतर हत्याओं और पुलिस मुठभेड़ों की जांच के संबंध में 'पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) और अन्य बनाम महाराष्ट्र राज्य' के मामले में निर्धारित शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देशों का पालन न करने का आरोप लगाया गया है। पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा, हम स्वतंत्र और शीघ्रता से आवश्यक जांच के लिए असम मानवाधिकार आयोग को जांच सौंपते हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पीड़ितों और परिवार के सदस्यों को उचित अवसर दिया जाए। राज्य आयोग उन सभी लोगों को आमंत्रित करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस जारी करेगा जो पीड़ित होने का दावा करते हैं। इसमें गोपनीयता सुनिश्चित की जानी चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने पीयूसीएल मामले के दिशा-निर्देशों की पुष्टि की, जिसके अनुसार मुकदमा दर्ज



करना, मजिस्ट्रेट जांच करना और परिजनों को सूचित करना अनिवार्य है। न्यायालय ने कहा, वे कानून के शासन की प्रधानता की पुष्टि करते हैं। कोई भी व्यक्ति या संस्था इससे ऊपर नहीं है। पीठ ने यह स्वीकार करते हुए कि कुछ मामलों की गहन जांच की आवश्यकता हो सकती है। उन्होंने कहा कि केवल मामलों के संकलन पर आधारित सामान्य निर्देश काफी नहीं है। हालांकि, अदालत ने आयोग को (जहां आवश्यक हो) आगे की जांच शुरू करने का अधिकार दिया और असम सरकार को जांच में पूर्ण सहयोग करने और किसी भी संस्थागत बाधा को दूर करने का भी निर्देश दिया। न्यायालय ने जांच प्रक्रिया के दौरान गोपनीयता संरक्षण और संवेदनशीलता की आवश्यकता पर भी जोर दिया और असम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह प्रभावित व्यक्तियों को (जहां आवश्यक हो) मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करे। असम सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिकाकर्ता द्वारा पीड़ितों को कानूनी सहायता की पेशकश करने पर चिंता जताई और तर्क दिया कि इससे 'ब्लैकमेल' जैसी रणनीति 'सामान्य' हो सकती है। पीठ की ओर से हालांकि न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि पीड़ित चाहें तो याचिकाकर्ता से संपर्क कर सकते हैं, जिससे व्यवस्था में भरोसा बढ़ता है। पीठ ने कहा, हमें व्यवस्था पर भरोसा रखना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति चाहे तो वह उससे संपर्क कर सकता है। अदालत ने याचिकाकर्ता, पीयूसीएल के अधिकार क्षेत्र पर टिप्पणी की, ''हम मामले को अदालत में लाने में याचिकाकर्ता की भूमिका को स्वीकार करना उचित समझते हैं। राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा सत्ता के कथित दुरुपयोग के मामले अक्सर जनहित याचिकाओं के माध्यम से प्रकाश में आते हैं। हालांकि, मामलों का मात्र संकलन बिना गहन जांच के व्यापक दिशा-निर्देशों की गारंटी नहीं दे सकता। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया (कुछ मामलों को छोड़कर) प्रक्रियागत उल्लंघनों का निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं थे।

## दिल्ली में सैंकड़ों पेड़ों की अवैध कटाई, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई डीडीए को फटकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों को अदालत से अनुमति लिए बिना भौगोलिक रूप से संवेदनशील दिल्ली रिज क्षेत्र में अवैध रूप से सैंकड़ों पेड़ों की कटाई के मामले में जमकर फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने कहा कि डीडीए अधिकारियों का आचरण आपराधिक अवमानना के बराबर है। यह संस्थागत गलतियों और प्रशासनिक अतिक्रमण का क्लासिक मामला है। न्यायालय ने न्यायपालिका से पेड़ों की कटाई को जानबूझकर और जानबूझकर छिपाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, एक राष्ट्र के रूप में जो कानून के शासन में निहित है, न्यायपालिका पर बहुत भरोसा किया जाता है ... जब जानबूझकर अवहेलना की जाती है, तो न्यायालय को सख्त रुख अपनाना चाहिए। पीठ ने कहा, प्रतिवादियों का आचरण अवमाननापूर्ण रहा है। उनके कृत्य आपराधिक अवमानना के दायरे में आते हैं। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि जब मामला उसके पास पहुंचा तब तक पेड़ों की कटाई हो चुकी थी और इस जानबूझकर गैर-प्रकटीकरण ने न्यायिक प्रक्रिया के मूल पर प्रहार किया। अदालत ने भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए अनिवार्य किया कि वन के विकास, सड़क निर्माण या किसी भी पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील गतिविधि से संबंधित सभी अधिसूचनाओं या आदेशों में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही के लंबित होने का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कानूनी कार्यवाही की अज्ञानता को भविष्य के उल्लंघनों में ढाल के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाए। न्यायालय ने डीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही बंद कर दी। श्री पांडा अब डीडीए में नहीं हैं। अदालत ने हालांकि अन्य दोषी अधिकारी पर 25-25 हजार रुपये का पर्यावरण मुआवजा लगाया।

## थरूर को भाजपा का मुख्य प्रवक्ता घोषित कर देना चाहिए: उदित राज

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी में सबकुछ सही नहीं चल रहा है। इसका संकेत बुधवार को मिला, जब कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने अपनी ही पार्टी के सांसद शशि थरूर पर तीखा हमला बोला और उन्हें भाजपा का सुपर प्रवक्ता बता दिया। शशि थरूर केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों के दौरों पर भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं और एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। शशि थरूर के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल फिलहाल पनामा में मौजूद है। पनामा में ही शशि थरूर के एक बयान से नाराज होकर उदित राज ने टिप्पणी की।

शशि थरूर ने पनामा में दिए अपने एक भाषण में कहा कि 'भारत सरकार ने हाल के वर्षों में अपनी सोच में बदलाव किया



है। जिसके बाद आतंकियों को भी ये अहसास हो गया है कि उन्हें भारत में हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी। थरूर की इस टिप्पणी ने उनकी ही पार्टी के नेताओं को नाराज कर दिया। उदित राज ने कहा कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं। जो भाजपा नेता नहीं कह रहे हैं, वो शशि थरूर, पीएम मोदी और सरकार के बारे में कह रहे हैं। क्या उन्हें (थरूर) पता भी है कि पिछली सरकारों ने क्या किया? वे (केंद्र सरकार) भारतीय सशस्त्र बलों का श्रेय ले रहे हैं। शशि थरूर भाजपा के प्रचार विभाग के प्रवक्ता बने हुए हैं। पनामा में दिए अपने भाषण में शशि थरूर ने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट स्ट्राइक का जिक्र किया और कहा कि 'हाल के वर्षों में भारत की सोच में बदलाव आया है। अब आतंकियों को पता है कि उन्हें कीमत चुकानी होगी। इस पर कोई शक नहीं है। पहली बार भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के समय एलओसी पार कर आतंकी ठिकानों पर हमले किए। यहां तक की कारगिल की लड़ाई में भी हमने सीमापार नहीं की थी। इस बार न सिर्फ हमने सीमा पार की है बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा भी पार की है। हमने पाकिस्तान के मध्य में स्थित पंजाब में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

## सड़कों पर घूम रही गायों को मिलेगा सुविधाजनक आश्रय: कपिल मिश्रा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा है कि गोवंशों के लिए आरामदायक स्थानों की व्यवस्था की जायेगी, जहां उन्हें भरपूर चारा, स्वच्छ पानी और स्वच्छता जैसी सुविधायें मिलेंगी।

दिल्ली सरकार ने राजधानी की सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गोवंश के संरक्षण के लिये एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है। श्री मिश्रा ने दिल्ली में गोवंश के लिये स्थायी आश्रय प्रदान करने के लिये दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ आज एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि इन गोवंशों के लिये आरामदायक स्थानों की व्यवस्था की जायेगी, जहां उन्हें भरपूर चारा, स्वच्छ पानी और स्वच्छता की सुविधाएं मिलेंगी। श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य गोवंश को सड़कों से हटाकर सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देना है। उन्होंने कहा, हम गोसंरक्षण के लिये जीरो से शुरू कर रहे हैं और सरकार गोवंश को उनका उचित स्थान दिलाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि गोवंश के पालन के लिये समुचित चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी और संचालकों को भी सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जायेगा और उनकी नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में गौशाला संचालकों की जवाबदेही तय करने और उनके सहयोग के लिए सरकार द्वारा हरसंभव मदद देने की बात कही गयी। यदि कोई संचालक लापरवाही बरतता है तो उसे दंडित करने की नीति पर भी चर्चा हुई। यह पहल दिल्ली को न केवल स्वच्छ और सुरक्षित बनायेगी, बल्कि पशु कल्याण के क्षेत्र में भी एक मिसाल पेश करेगी।

### दिल्ली को कला के क्षेत्र में अग्रणी बनाना हमारी प्राथमिकता

नयी दिल्ली। दिल्ली के कला, संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा है कि राजधानी को कला के क्षेत्र में अग्रणी बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिये साल में दो से तीन बड़े सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन किया जायेगा, ताकि नये कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले। श्री मिश्रा ने राजधानी के विभिन्न कला क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ आज एक विशेष बैठक के बाद कहा कि दिल्ली में एक नयी सरकार आयी है, जिसे जनता का अपार समर्थन मिला है। यह सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विजन' को आगे बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र या समाज अपनी कला, संस्कृति और भाषा के बिना अधूरा है, और राजधानी दिल्ली को इस क्षेत्र में अग्रणी बनाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अपनी कला और संस्कृति को आगे बढ़ने में कलाकार अपना पूरा योगदान देता है पर पिछली सरकार का योगदान प्रशंसनीय नहीं रहा। पिछले कुछ वर्षों से तो लगभग नगण्य रहा है। इस दौरान कलाकारों ने सुझाव दिया कि कला और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किये जायें ताकि नये कलाकारों को मंच मिल सके। उन्होंने झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले प्रतिभाशाली कलाकारों को अवसर देने के लिये एक सांस्कृतिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा। श्री मिश्रा ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुये आश्वासन दिया कि सरकार इन मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई करेगी।

## शुरू होगा 'विकसित कृषि संकल्प अभियान'

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को ओडिशा के पुरी से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत करेंगे।

श्री चौहान ने बुधवार को यहां इस अभियान की की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि इस दौरान किसानों की खेती से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं का समाधान होगा तथा इसके परिणाम के आधार पर कृषि शोध का रास्ता भी तय होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की यह ऐतिहासिक पहल, वैज्ञानिक नवाचार और जमीनी स्तर पर भागीदारी से भारतीय कृषि को बदलने तथा देश के खाद्य भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। इस 15 दिवसीय अभियान के दौरान श्री चौहान लगभग 20 राज्यों की यात्रा करेंगे। इस मिशन को साकार करने में राज्य सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी । श्री चौहान ने कहा कि कल से एक व्यापक अभियान शुरू हो रहा है। 'लैब टू लैंड' को जोड़ने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक अभियान पर निकलेंगे। इसके लिए 16 हजार वैज्ञानिकों की 4-4 टीमें बनी हैं, जो गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद करेंगी। इसके अलावा 2170 टीमें संपर्क करेंगी। एक दिन में एक टीम दो गांवों में जाएंगी। यह अभियान 15 दिन तक चलेगा और किसानों के बीच बैठकर सीधा संवाद होगा। यह अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक 700 से अधिक जिलों में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में 731 केवीके, 113 आईसीएआर संस्थान, राज्य स्तरीय विभाग तथा कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन के अधिकारी तथा नवोन्मेषी किसान शामिल होंगे।

## पूर्वोत्तर राज्यों में हो रहा है अवैध कोयला खनन : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी शासित पूर्वोत्तर के राज्य सरकारी संरक्षण में अवैध कोयला खनन और नशे के कारोबार का गढ़ बन गये हैं।

असम कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों ने इन दोनों समस्याओं की ओर आंखें मूंद रखी हैं। श्री गोगोई ने बताया कि अप्रैल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मेघालय और असम में कई स्थानों पर छापेमारी की थी। ईडी की जांच में पता चला कि मेघालय और असम के लोगों का एक 'सिंडिकेट' यह सुनिश्चित करता था कि अवैध खनन से निकाले गये कोयले से भरे ट्रक मेघालय की सीमाओं को पार कर बिना किसी रोक-टोक और जांच के असम में प्रवेश कर जायें। वहां ऐसे दस्तावेज तैयार किये जाते थे, जिनसे कोयला वैध रूप से खनन किया हुआ प्रतीत हो। उन्होंने कहा, जांच में यह भी सामने आया कि यह सिंडिकेट खदान मालिकों से संरक्षण के नाम पर प्रति ट्रक 1.27 लाख से 1.5 लाख रुपये तक वसूलता था। ईडी ने तलाशी के दौरान 1.58 करोड़ रुपये की नकदी, कई डिजिटल उपकरण और दो वाहन जब्त किये थे। कांग्रेस नेता ने इस मामले में कोई गिरफ्तारी और ठोस जांच नहीं होने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या ईडी की छापेमारी केवल जबरन वसूली का एक साधन थी। असम कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच में भी यह पता चला है कि असम में करीब 245 'अवैध रैट-होल' खदानें संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा, ख्न ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर किसकी छत्रछाया में ये सब चल रहा था? क्या ईडी की छापेमारी सिर्फ डेढ़ करोड़ रुपये की नकदी जब्त करने तक ही सीमित थी? ईडी की कार्रवाई के बाद राज्य सरकार ने इस मामले में कोई जांच क्यों नहीं की और केंद्र सरकार ने अब तक कोई कदम क्यों नहीं उठाया? श्री गोगोई ने कहा कि ईडी की छापेमारी और जब्ती ने उनके इस आरोप को सही साबित कर दिया है कि असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। साथ ही इन छापों ने असम के मुख्यमंत्री के उस दावे को झूठा साबित कर दिया है कि राज्य में कोई अवैध कोयला खनन नहीं हो रहा है। उन्होंने अवैध कोयला खनन की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग करते हुये कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा राजनीतिक संरक्षण दिये बिना यह संभव नहीं हो सकता। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों में नशे की बढ़ती लत की समस्या पर भी तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता जतायी और कहा कि म्यांमार से बड़ी मात्रा में ड्रग्स की तस्करी की जा रही है, जिससे क्षेत्र के युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिजोरम के आबकारी और नारकोटिक्स मंत्री स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि राज्य में नशीले पदार्थों की तस्करी में वृद्धि हुई है। मेघालय के एक राज्य मंत्री ने कहा है कि राज्य में नशे के आदी लोगों की संख्या लगभग तीन लाख है, जो कि कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत है। यह स्थिति नशीली दवाओं के दुरुपयोग में खतरनाक वृद्धि को दर्शाती है। उन्होंने कहा इस समस्या का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में अधिकतर की आयु 15-29 वर्ष के बीच है।

## नौ सेना को मिला नया बोलार्ड पुल टग पोत

नयी दिल्ली। भारतीय नौ सेना को टीटागढ़ रेल सिस्टम्स (टीआरएसएल) से 25टी श्रेणी का एक नया बोलार्ड पुल (बीपी) टग पोत 'सबल' प्राप्त हो गया है।

इस पोत का नौसेना में शुभारंभ मंगलवार को कोलकाता में आयोजित समारोह में किया गया। टीआरएसएल में आयोजित कार्यक्रम में कमोडोर एस श्रीकुमार मुख्य अतिथि थे। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार टीआरएसएल के साथ ऐसे छह टग पोत के निर्माण के लिये 12 नवंबर 2021 को एक समझौता किया गया था। टग पोत बड़े पोतों को बंदरगाह पर खींच कर लाने ले जाने के काम में इस्तेमाल किये जाते हैं। टीआरएसएल शिपयार्ड ने चार टगों को नौसेना को सौंप दिया है, जिनका उपयोग भारतीय नौसेना सीमित जल में जहाज से लोगों को चढ़ाने-उतारने, और युद्धाभ्यास के दौरान नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों की सहायता के लिए करती है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन टग पोतों का डिजाइन स्वदेशी है और इन्हें भारतीय नौवहन रजिस्टर (आईआरएस) के प्रासंगिक नौसेना नियमों और विनियमन के अनुसार बनाया गया है। इनमें खोज और बचाव अभियान चलाने की सीमित क्षमता भी है तथा बंदरगाहों पर लंगर डाले या समुद्र तट के नजदीक के जहाजों पर आग बुझाने में भी सहायक हो सकते हैं।

## राष्ट्रपति भवन में गुरुवार से दो दिन का साहित्य सम्मेलन

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति भवन गुरुवार से दो दिन के साहित्यिक सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है, जिसमें साहित्य की दुनिया में आ रहे बदलावों पर चर्चा होगी।

बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम साहित्य अकादमी, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रपि भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया है। इसका विषय है- ख्न साहित्य कितना बदल गया है? राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन देश भर से प्रतिष्ठित साहित्यकार और लेखक आमंत्रित किये गये हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में कवि सम्मेलन तथा - सीधे दिल से, भारत का नारीवादी साहित्यः नयी राहें बनाना, साहित्य में बदलाव बनाम बदलाव का साहित्य तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय साहित्य की नयी दिशायें जैसे विषयों पर चर्चायें आयोजित की जायेंगी। सम्मेलन का समापन देवी अहिल्याबाई होल्कर की गाथा के साथ होगा।

## पेज एक का शेष

### धान समेत...

ऋण देने वाली संस्थाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज छूट प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त समय पर ऋण चुकाने वाले किसान शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन (पीआरआई) के रूप में तीन प्रतिशत तक के प्रोत्साहन के पात्र हैं, जिससे केसीसी ऋण पर उनकी ब्याज दर प्रभावी रूप से चार प्रतिशत तक कम हो जाती है। पशुपालन या मत्स्य पालन के लिए लिये गए ऋणों पर ब्याज लाभ दो लाख रुपये तक लागू है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में 7.75 करोड़ से अधिक केसीसी खाते हैं। इस समर्थन को जारी रखना कृषि के लिए संस्थागत ऋण के प्रवाह को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है, जो उत्पादकता बढ़ाने और छोटे और सीमांत किसानों के लिए वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। केसीसी के माध्यम से संस्थागत ऋण वितरण 2014 में 4.26 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2019 में 1.25 लाख करोड़ रुपये और दिसंबर 2024 तक 10.05 लाख करोड़ रुपये हो गया। कुल कृषि ऋण प्रवाह भी वित्त वर्ष 2013-14 में 7.3 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 25.49 लाख करोड़ रुपये हो गया। अगस्त 2023 में किसान ऋण पोर्टल (केआरपी) के शुभारंभ जैसे डिजिटल सुधारों ने दावा प्रसंस्करण में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाया गया है।

### कैबिनेट ने रेलवे की...

वस्तुओं और सेवाओं के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के चार जिलों को समाहित करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 176 किलोमीटर तक विस्तारित करेंगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 784 गांवों तक संपर्क सुविधा बढ़ाएंगी, जिनकी आबादी लगभग 19.74 लाख है। रेल मंत्री ने कहा कि ये कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 18.40 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक लागत, तेल आयात (20 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (99 करोड़ किलोग्राम) में कमी करने में मदद करेगा, जो 4 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के दौरान लगभग 74 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। ये पहल यात्रा सुविधा में सुधार करेगी, लॉजिस्टिक लागत, तेल आयात और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने में योगदान देगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल संचालन को मजबूती मिलेगी। परियोजनाएं कंटेनर, कोयला, सीमेंट, कृषि वस्तुओं और अन्य सामानों के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण मार्गों पर लाइन क्षमता को बढ़ाकर लॉजिस्टिक दक्षता को भी बढ़ाएँगी। इन सुधारों से आपूर्ति श्रृंखलाओं के बेहतर उपयोग की आशा है, जिससे आर्थिक विकास में तेजी आएगी। रेल मंत्री के अनुसार बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेल के लिए परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को ''आत्मनिर्भर'' बनाएंगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### शाह पर हाईकोर्ट...

था। इस मामले में उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। उच्च न्यायालय ने बयान का स्वतः संज्ञान लेते हुए अपना आदेश पारित किया था। इंदौर के निकट 13 मई को आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मंत्री ने कथित तौर पर दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान में रहने वालों के समुदाय की एक बहन को भेजा था।

### यूपी में उमस भरी...

बारिश होगी। इस दौरान प्रदेश में औसत तापमान के साथ ही लू की परिस्थितियों के भी सामान्य से कम रहने का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

यहां मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना

बांदा, फतेहपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।

### इंटर सर्विस...

अधिकारी को एडमिनिस्ट्रेटिव पावर दी जाएगी। वे किसी भी सेना (आर्मी, नेवी, एयरफोर्स) के जवानों से जुड़े फैसले ले सकता है। पहलेः पुराना नियम स्पेसिफिक सर्विस के यूनीक वर्किंग एन्वायर्नमेंट को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। ऐसे में एडमिनिस्ट्रेटिव एक्शन के लिए जवान को उनके पेरेंट सर्विस यूनिट्स में वापस भेजने की जरूरत पड़ती थी। इसमें न केवल ज्यादा समय लगता था, बल्कि जवान की आवाजाही के कारण पैसा भी खर्च होता था। 3. अनुशासन अबः नया नियम एक यूनिट या एस्टैब्लिशमेंट के सैनिकों को एकजुट करने में मदद करता है। ऐसे में जब कहीं अनुशासनहीनता का कोई भी मामला सामने आता है, तो उसके बारे में जल्द फैसला लिया जा सकेगा। पहलेः कहीं पर अनुशासनहीनता होती थी तो उस एक इनडिसिप्लिन के मामले में तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होती थी। जब तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होंगी तो हो सकता है कि उसका रिजल्ट भी तीन अलग-अलग तरह से निकले।

### मोदी कल कानपुर को देंगे ...

30 मई को तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रीयता का भाव जागृत करने का आह्वान किया, जो बिना अनर्गल नारों के जनसभा स्थल तक पहुंचे। बैठक में मुख्यमंत्री जी के अतिरिक्त सांसद अकबरपुर देवेंद्र सिंह 'भोले', महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक राहुल बच्चा सोनकर, मंडलायुक्त के विजयेंन्द्र पंडियन, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह,जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन समेत संबंधित विभागों के अन्य संबंधित आलाधिकारी उपस्थित रहे।

# विदेशी सामानों के उपयोग से परहेज करने के लिए प्रधानमंत्री की अपील का व्यापारियों ने किया स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। भाजपा सांसद और कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेशी उत्पादों से परहेज करने की अपील का समर्थन और स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत' के प्रति उनके अटूट संकल्प को दर्शाती है। एक ऐसा भारत, जहां देशवासी स्वयं के बनाए उत्पादों का निर्माण, उपभोग और निर्यात करें। चांदनी चौक से भाजपा के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह अपील न केवल अर्थव्यवस्था से जुड़ी है, बल्कि यह आत्म-सम्मान, आर्थिक स्वतंत्रता और हमारे देश के स्थानीय उत्पादकों एवं व्यापारियों के सशक्तिकरण का आह्वान है। उनकी अपील को कारगर बनाने के लिए जरूरी है कि व्यापारियों एवं निर्माताओं को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विजन के तहत सिंगल विंडो व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, जिससे उनकी विभिन्न विभागों से संबंधित विषयों का एक ही स्थान पर हल हो सके। साथ ही कर एवं अन्य कानूनों एवं नियमों के पालन का बोझ भी कम से कम हो तथा इसके साथ ही आम उपयोग में आने वाली वस्तुएं जो विदेश से आती हैं, उन पर ड्यूटी का अधिभार ज्यादा हो। इससे उनका आयात कम होगा और भारतीय सामान का निर्माण एवं उपयोग अधिक हो सकेगा।कैट महामंत्री यह भी कहा कि प्रधानमंत्री की अपील का मूल भाव यह है कि भारतीय उत्पादों के ही उपयोग की श्रृंखला को शुरू करने हेतु हम कम से कम रोजमर्रा की जरूरतों के लिए स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करें, जिससे इस दिशा में एक सशक्त कदम तो बढ़े। अभी कुछ वस्तुओं के निर्माण हेतु हमें विदेशी निर्यात पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसी वस्तुओं के स्वदेशी निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाये जाएं। खंडेलवाल ने यह भी कहा की ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा विदेशी सामान बेचा जा रहा है, उन पर भी कढ़ाई से लगाम कसी जाए। खंडेलवाल ने कहा कि यह अपील छोटे व्यापारियों, लघु उद्योग और विनिर्माताओं की भावना से पूरी तरह मेल खाती है, जो वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। हर विदेशी उत्पाद जिसे हम देशी विकल्प से बदलते हैं, वह हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है,

**■ कहा–स्वदेशी उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री को ज्यादा सुविधा देने की अपील का होगा व्यापक असर**

रोजगार पैदा करता है और आयात पर हमारी निर्भरता को कम करता है। उन्होंने कहा कि यह एक निर्णायक क्षण है। भाजपा सांसद ने जोर देते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में, जब आपूर्ति श्रृंखलाएं बदल रही हैं और देश विश्वसनीय साझेदारों की तलाश में हैं। भारत को इस अवसर का लाभ उठाते हुए वैश्विक विनिर्माण और सेवा केंद्र बनने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए । हमें अब 'स्वदेशी' को केवल भावना नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आर्थिक रणनीति बनाना होगा।

# तटबंधों की सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थलों का निरंतर निरीक्षण किया जाए : विजय कुमार चौधरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना । जल संसाधन विभाग द्वारा ह्लबाढ़ संघर्षात्मक कार्य एवं पूर्ववर्ती अनुभवों से सीखङ्क विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को पटना स्थित ज्ञान भवन में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि तटबंधों की सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थलों का निरंतर निरीक्षण किया जाए, ऐसा कोई भी बिंदु शेष न रहे, जहां विभागीय अधिकारी न पहुंचे हों। मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि बाढ़ जैसे चुनौतीपूर्ण विषय पर इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। इस तरह के कार्यक्रम की अपनी महत्ता और प्रांसगिकता होती है। बीते दिन ही विभिन्न बाढ़ परिक्षेत्रों की योजानाओं की समीक्षा हुई थी। मॉनसून काल विभाग के लिए परीक्षा की घड़ी है, इसमें सभी अधिकारी पूर्ण निष्ठा और सजगता के साथ कार्य करें।

विजय चौधरी ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा के समय में सामुदायिक प्रयास की सबसे अधिक आवश्यकता होती है और इसके लिए जन-विश्वास होना जरूरी है। साथ ही विभाग के अधिकारी के साथ ही स्थानीय लोगों का प्रयास आवश्यक हो जाता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनता के साथ विश्वासपूर्ण संबंध बनाने का काम, समय से पूर्व स्थल निरीक्षण और तत्पर कार्यशैली से ही अर्जित किया जा सकता है। तटबंधों की नियमित निगरानी और बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों को लेकर आपकी सजगता से स्थानीय लोगों में आपके काम के प्रति विश्वास कायम होगा। इस बार मॉनसून से पूर्व सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय से पहले पूरा किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के देवघर में पुलिस हिरासत में युवक की मौत पर एनएचआरसी ने जारी किया नोटिस

नई दिल्ली। झारखंड के देवघर जिले में पुलिस हिरासत में युवक की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने नोटिस जारी किया है। आयोग ने इसे मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मामला मानते हुए झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने यह भी कहा कि हिरासत में मौत की जानकारी 24 घंटे में आयोग को देना अनिवार्य है। पुलिस से हुई इस चूक पर भी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 21 मई को युवक को साइबर अपराध के एक मामले में पूछताछ के लिए पलाजोरी थाने लाया गया था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि हिरासत में उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

### युवा विकसित भारत के निर्माण की सबसे सशक्त नींव : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित ''प्रतिभा सम्मान समारोह'' में भाग लेकर छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से संवाद किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि युवा ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे सशक्त नींव हैं। उनकी ऊर्जा, प्रतिभा और दृष्टि देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में निर्णायक भूमिका निभा रही है।
उन्होंने कहा कि यह संस्थान केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विद्यार्थियों में विकसित कर रहा है। संस्थान अपने समर्पण, गुणवत्ता और मूल्यों के साथ दिल्ली के विकास एवं राष्ट्र निर्माण में ऐसे ही सशक्त योगदान देते रहें। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह कहलो एवं सरदार एमपीएस चड्ढा भी उपस्थित रहे।

### प्रेमी संग फरार हुई चार बच्चों की मां

भागलपुर। जिले में जोगसर थाना क्षेत्र से एक चार बच्चे की मां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। घटना के बाद पति ने बुधवार को जोगसर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामला सामने आते ही थाने में लोगों की भारी भीड़ जुट गई और हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। पीड़ित पति रामचंद्र तूरी ने बताया कि उसकी पत्नी बिना देवी का पिछले कुछ वर्षों से छोटी साहेबगंज निवासी टिंकू चौधरी के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। इसको लेकर पहले भी विवाद हुआ था। लेकिन मोहल्लेवासियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत करा दिया गया था। पत्नी ने उस समय वादा किया था कि वह टिंकू से कोई संबंध नहीं रखेगी। बावजूद इसके, वह लगातार टिंकू के संपर्क में रही। रामचंद्र के मुताबिक, टिंकू चौधरी उसकी गैरमौजूदगी में अक्सर उसके घर आता था। जब उसने इसका विरोध किया, तो टिंकू ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। रामचंद्र ने बताया कि उसके चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। बच्चों ने भी पुष्टि की कि उनकी मां टिंकू के साथ घर छोड़कर चली गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही जोगसर थाना परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजन और स्थानीय लोगों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दौरान थाने में हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ, जिसे संभालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय वार्ड पार्षद संजय सिन्हा मौके पर पहुंचे और रामचंद्र के परिवार को समझा–बुझाकर शांत कराया। वार्ड पार्षद ने आश्वासन दिया कि परिवार को हरसंभव मदद प्रदान की जाएगी और पुलिस इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जोगसर थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही आरोपी टिंकू चौधरी और फरार महिला की तलाश की जाएगी और मामले में कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### मनिहारी गंगा घाट से शुरु होगी 52 कोस की ऐतिहासिक धार्मिक यात्रा

कटिहार । मां जानकी धाम के संस्थापक राजेश गुरनानी ने एक नई और ऐतिहासिक धार्मिक यात्रा परंपरा की नींव रखी है। इस यात्रा का उद्देश्य मां जानकी धाम मंदिर निर्माण के लिए वृंदावन की तर्ज पर 52 कोस की धार्मिक यात्रा प्रस्तावित करना है। यह यात्रा प्रभु श्री राम के जन्मदिन से लेकर मां जानकी के जन्मदिन तक चलेगी।
राजेश गुरनानी ने बुधवार को बताया कि श्री रामनवमी चैत मास शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को होती है और मां सीता नवमी वैशाख मास शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाई जाती है। इस एक माह चलने वाली यात्रा को पीले वस्त्रों में करना अनिवार्य रहेगा और जय श्री राम एवं जय माता जानकी के उद्घोष से श्री राम जानकी गंगा घाट जामवंत नगर बाघमारा मनिहारी से शुभारंभ की जाएगी। यह यात्रा श्री राम जानकी गंगा घाट से शुरू होकर मुख्यालय मंदिर बाघमारा, मां जानकी धाम बड़ी हसवर, बाबा गोरखनाथ धाम सालमारी, मां पुरण देवी मंदिर पूर्णिया, सोनेखाल शिव मंदिर बरारी और अंत में मां जानकी धाम में वापस आएगी। यह संपूर्ण धार्मिक यात्रा कुल 185 किलोमीटर की है। गुरनानी ने बताया कि मां जानकी धाम द्वारा इस यात्रा का निर्देशन और संचालन किया जाएगा। घाट के अध्यक्ष के रूप में गांधी यादव बनाए गए हैं और सचिव जय कुमार सिंह एवं प्रमुख संरक्षक आचार्य विद्यासागर शास्त्री अटल रहेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी माह में इस श्रीराम जानकी घाट का निरीक्षण एवं अवलोकन के लिए बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने अपनी सहमति दी है।

### युवक पर तमंचे से फायर कर फरार हुए दो आरोपित गिरफ्तार, सात फरार

हरिद्वार। आपसी विवाद के चलते युवक पर तमंचे से फायर कर फरार हुए नाबालिक सहित दो हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 02 तमंचे और 02 कारतूस बरामद कर लिए हैं। सात आरोपित अभी फरार हैं।
पुलिस के मुताबिक बीते मंगलवार लक्सर कोतवाली क्षेत्र के भिक्कमपुर गांव निवासी एक युवक पर कुछ युवकों ने महिला ने पर अपने बेटे मोहित से गाली गलोच कर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। घटना में युवक मोहित की छाती पर गोली लगी। जिसमें युवक गंभीर घायल हो गया था। घटना की रिपोर्ट पीड़ित की मां की ओर से लक्सर कोतवाली में दर्ज कराई गई। इस मामले में नौ आरोपित शामिल थे। एक नाबालिग समेत दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि फरार सात आरोपितों की तलाश में पुलिस जुटी है। मामले में तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों जिनमें एक नाबालिक भी शामिल है को महज 24 घंटे के भीतर धर दबोचा।

# जनता दरबार में जिलाधिकारी नें की 27 मामलों का निष्पादन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नालंदा । नालंदा जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार भवन में बुधवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में शशांक शुभंकर जिलाधिकारी नालंदा द्वारा आज 27 लोगों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। खेत पर जबरन कब्जा करने से संबंधित मामला निष्पादन हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा, नालन्दा को निर्देश दिया गया।वहीं दुसरीओरआवेदक द्वारा बताया गया कि जमीन का कागज नहीं देने से संबंधित मामला को गंभीरतापूर्वक निष्पादन हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नालन्दा को निर्देश दिया गया है। साथ ही साथ आवेदिका द्वारा बताया गया कि नल- जल अनुरक्षक का कार्य किए जाने के बावजूद मानदेय का भुगतान नहीं होने से संबंधित मामले को जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्या निष्पादन हेतु अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नालन्दा को निर्देशित किया गया। आवेदक द्वारा बताया गया कि सेवानिवृत अमीन का चिकित्सा प्रतिपूर्ति की राशि भुगतान से संबंधित मामला निष्पादन हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, नालन्दा को निर्देश दिया गया।आवेदक द्वारा बताया गया कि अवैध पशु हाट साईड पर खुदागंज जिला नालन्दा को लाईसेन्स आवेदन अस्वीकार कर बन्द करने से संबंधित मामला को भी निष्पादन हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी, नालन्दा को निर्देश दिया गया है। आवेदक द्वारा बताया गया कि रैयती जमीन को चचेरा भाई के द्वारा गलत ढंग से रजिस्ट्री करने से संबंधित मामला प्रस्तुत किया गया जिसके निष्पादन हेतु जिलाधिकारी महोदय ने अंचल अधिकारी नूरसराय एवं थानाध्यक्ष नूरसराय को निर्देश दिया है।अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये है।

**■ वर्ष 2025 में अबतक 150 दिनों में 34 भ्रष्ट लोकसेवकों पर कार्रवाई, घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गए**

# महिला संवाद कार्यक्रम में दी गयी योजनाओं जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नालंदा, (बिहारशरीफ) । नालंदा जिलान्तर्गत हरनौत प्रखंड क्षेत्र के लोहरा पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय लोहरा में बुधवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीविका की महिला समूह 'चांद' से जुड़ी लीली ग्राम संगठन की महिलाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई और महिला सशक्तिकरण तथा आर्थिक उत्थान में आ रही बाधाओं पर खुलकर अपनी बात रखी।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाना और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान वीडियो फुटेज के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे महिलाएं योजनाओं के लाभ व प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकें।इस अवसर पर जीविका दीदियों ने क्षेत्र की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा और विकास को लेकर अपने सुझाव भी दिए।



अधिकारियों ने महिला संवाद कार्यक्रम के महत्व और जीविका की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं को उनकी समस्याओं और आकांक्षाओं को साझा करने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करती है।कार्यक्रम में बताया गया कि प्रखंड के विभिन्न गांवों में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से एलईडी वैन के जरिए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही यह भी बताया गया कि महिलाएं अपने गांव व टोले की समस्याओं को चिन्हित कर समाधान हेतु सहज रूप से अपनी बात रख सकें, यही इस संवाद का मुख्य उद्देश्य है।

# एनसीएसटी सदस्य ने किया एफआरआई का दौरा, परखी व्यवस्थाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून । राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के सदस्य निरुपम चकमा ने बुधधार को वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), देहरादून का दौरा किया। इसका उद्देश्य संस्थान के भीतर अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन की समीक्षा करना था। बैठक की सह-अध्यक्षता वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक ने किया। वन अनुसंधान संस्थान निदेशक ने संगठनात्मक ढांचे और संस्थान के भीतर कर्मचारियों की स्थिति और प्रतिनिधित्व की प्रस्तुति दी। बैठक के बाद, संस्थान निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनसीएसटी सदस्य ने संस्थान के विभिन्न संग्रहालयों का दौरा किया। आयोग सदस्य ने 'हर्बेरियम' और जाइलारियम का भी दौरा किया, जहां भारत और दुनिया भर के जंगली पेड़ों और पौधों के अद्भुत हर्बेरियम संग्रह के माध्यम से भारत की अद्भुत वनस्पति विविधता का प्रदर्शन किया गया है। हर्बेरियम संग्रह मे 3.50 लाख नमूने शामिल हैं। आयोग को 'संजीवनी बूटी' के बारे में जानने में दिलचस्पी थी और बुंदेलखंड क्षेत्र से एक नमूना उनके सामने प्रदर्शित भी किया गया। 'ज़ाइलारियम' के भ्रमण के दौरान भारत और 45 अन्य देशों की लकड़ी के 20,000 नमूने उन्हें दिखाए गए। भारत की सबसे महंगी लकड़ी की प्रजातियों के साथ-साथ महत्वपूर्ण वाणिज्यिक लकड़ी के बारे में जानकारी भी आयोग के साथ साझा की गई, जिसमें लाल चंदन, चंदन, सागौन, साल, शीशम आदि शामिल हैं। आयोग ने वन संवर्धन, इमारती लकड़ी, गैर-इमारती वन उत्पाद और वन कीट विज्ञान संग्रहालयों का भी दौरा किया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने इन संग्रहालयों में रखे गए विभिन्न प्रदर्शनों के बारे में बताया।

# राष्ट्र और धर्म को समर्पित था अहिल्याबाई होल्कर का जीवन : अवंतिका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार । उत्तरी हरिद्वार के नीलकंठ धाम में प्रदेश सहकार भारती द्वारा आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।इस अवसर सहकार भारती की प्रदेश मंत्री अवंतिका भंडारी ने कहा अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महान नारियों में से एक हैं।अहिल्याबाई का जीवन चरित्र किसी भारतीय से नही छिपा है। अहिल्याबाई का समूचा जीवन देश भक्ति, सनातन धर्म ओर संस्कृति को समर्पित था। सामाजिक न्याय, महिला सशक्तीकरण और धर्म एवं संस्कृति का संरक्षण उनकी प्रशासनिक दूरदर्शिता का अद्वितीय उदाहरण है।उन्होंने नारी शक्ति और प्रशासनिक दक्षता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। विवाह के बाद अहिल्याबाई मालवा राज्य की महारानी बनीं। उन्होंने काशी, गया, सोमनाथ, द्वारका,हरिद्वार और रामेश्वरम जैसे तीर्थ स्थलों पर मंदिरों, कुओं, धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण करवाया।अवंतिका भडारी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन में हार नहीं मानी तथा महिला सशक्तिकरण के लिए संपूर्ण जीवनभर प्रयास किया।

समाज की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके जीवन से हमें भी सीख लेनी चाहिए तथा समाज के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा था न्याय वह नींव है जिस पर मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता।अवंतिका भंडारी ने आवाहन किया कि देवी अहिल्याबाई होलकर के पदचिन्हों का अनुशरण करते हुए हमें ज्ञानवापी मन्दिर का सम्मान लौटना है। इस मौके पर सहकार भारती के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी दीपक चौरसिया, प्रदेश अध्यक्ष विनोद गौड, महामंत्री अमित शर्मा, सुनील गुप्ता, प्रदेश सह कार्यालय प्रभारी संजय वर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक यू सी एफ.सुशील तिवारी, बाला शर्मा, रामेश्वरी देवी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हरिद्वार में उद्यम स्थापना ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल: डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार । जनपद हरिद्वार के समस्त विकासखंडों में अल्ट्रा पूवर सपोर्ट, एंटरप्राइजेज (फॉर्म एवं नॉन फॉर्म) और सीबीओ लेवल के एंटरप्राइजेज की स्थापना की गई है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा बुद्धवार को ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत भगवानपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत अमानतगढ़ और ग्राम पंचायत बुग्गावाला में किए गए कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उद्यमों की प्रगति का आँकलन व भौतिक प्रगति की मौके पर ही समीक्षा की। निरीक्षण की शुरुआत ग्राम पंचायत अमानतगढ़ में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत पशुपालन विभाग उत्तराखंड के सहयोग से स्थापित बकरी प्रजनन केंद्र के भ्रमण से हुई।

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी महोदया को जिला परियोजना प्रबंधक, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना संजय सक्सेना और मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, डी. के. चंद्र द्वारा केंद्र के उद्देश्यों, संभावित लाभों और भविष्य में इसके संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। श्री सक्सेना ने बताया कि केंद्र की लागत, बकरियों की क्षमता, उनकी प्रजाति और बच्चों के विपणन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस केंद्र की विशेष पहचान चार प्रकार की बकरी नस्लों का उत्पादन करना है। पहले चरण में राजस्थान की जाखराना ब्रीड लाई गई है, जिसका औसत दैनिक दुग्ध उत्पादन 3 से 4 लीटर है। यहां उत्पन्न होने वाले उच्च नस्ल के बकरी का विपणन जिले के बकरी पालकों को उचित दाम पर किया जाएगा, जिससे जनपद में बकरी उत्पादन और दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जो भविष्य में वैल्यू एडिशन के माध्यम से कन्फ़ेक्शनरी और अन्य उत्पादों के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त करेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान एवम पशु पालकों को जनपद के मौसम के अनुकूल बकरी की नस्लें उपलब्ध कराई जाएं जोकि यहां के वातारण में जीवित रहने के साथ ही सही से फलदूफूल सकें ताकि किसानों की आय के लिए एक अच्छा संसाधन मिल सके। जिलाधिकारी ने मार्गदर्शित करते हुए कहा कि आपके प्रोडक्ट की क्वालिटी और टेस्ट जितना अच्छा होगा, सामान की डिमांड उतनी ही अच्छी होगी क्योंकि अच्छे प्रोडक्ट को मार्केट की नहीं बल्कि मार्केट को अच्छे प्रोडक्ट की आवश्यकता होती है। उन्होंने रीप के अधिकारियों को समूह को नियमानुसार सभी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम, रीप परियोजना के जिला स्तरीय स्टाफ, खंड विकास अधिकारी भगवानपुर आलोक गर्ग, रीप और एनआरएलएम विकासखंड स्टाफ, सीएलएफ स्टाफ, और अन्य रेखीय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।








चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063